मंगलवार, 5 अगस्त 2025

ॐ विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।

www.samagya.in

# समाज्ञा

कोलकाता, श्रावण शुक्लपक्ष एकादशी, वि.स. 2082, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रुपये

**मौसम**

| | |
|---|---|
| तापमान | 27 – |
| 323आर्द्रता | 79% |
| सूर्योदय: 5:09 | सूर्यास्त: 18:16 |



ममता बनर्जी से मिले उद्योगपति गौतम अदाणी

पृष्ठ 3

स्थानीय खबरें पृष्ठ तीन, चार और पांच पर

सुविचार : आपस में प्रेम ना हो तो सगे संबंधी बेकार हैं।




RED-X
B.W.P. PLY, BOARDS& DOORS
'X' Factor that Makes A Difference
Stockist :
GULAB CHAND LAL CHAND& Co.
9831114555
9874415555

# 'भारत की आलोचना करने वाले खुद रूस के साथ कर रहे व्यापार'

## ट्रंप और यूरोप को विदेश मंत्रालय की दो टूक

**नयी दिल्ली :** विदेश मंत्रालय ने सोमवार को कहा कि भारत अपने राष्ट्रीय हितों और आर्थिक सुरक्षा की रक्षा के लिए सभी जरूरी कदम उठाएगा। उन्होंने यह बयान उस समय दिया, जब भारत पर अमेरिका और यूरोपीय संघ की ओर से रूस से तेल आयात को लेकर सवाल उठाए जा रहे हैं। यह स्थिति यूक्रेन युद्ध शुरू होने के बाद बनी है। मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा, भारत ने रूस से तेल इसलिए खरीदा क्योंकि पहले जहां से तेल आता था, वहां का तेल युद्ध के कारण अब यूरोप को भेजा जाने लगा था। जायसवाल ने कहा कि उस समय अमेरिका ने भी भारत को रूस से तेल खरीदने के लिए प्रोत्साहित किया था, ताकि वैश्विक ऊर्जा बाजार में स्थिरता बनी रहे। भारत जो भी तेल रूस से मंगवा रहा है, उसका मकसद यही है कि देश में उपभोक्ताओं को सस्ती और भरोसेमंद ऊर्जा मिल सके। जायसवाल ने यूरोपीय संघ को भी आड़े हाथों लिया है, जिसने भारतीय तेल रिफाइनरी को उनके निर्यात को लेकर निशाना



बनाया है। उन्होंने कहा कि रूस से तेल आयात करना भारत की एक मजबूरी है, जो वैश्विक बाजार की स्थिति के कारण है। उन्होंने यह भी कहा कि जो देश भारत की आलोचना कर रहे हैं, वही खुद रूस के साथ व्यापार कर रहे हैं। सरकार ने इन देशों के रूस के साथ व्यापार के आंकड़े भी पेश किए। उसने बताया कि 2024 में यूरोपीय संघ और रूस के बीच 67.5 अरब यूरो का वस्तु व्यापार हुआ। इसके अलावा 2023 में सेवा व्यापार 17.2 अरब यूरो था। यह भारत और रूस के बीच हुए कुल व्यापार से काफी अधिक है। यूरोपीय देशों ने 2024 में रूस से रिकॉर्ड 16.5 मिलियन टन तरल प्राकृतिक गैस (एलएनजी) आयात की, जो 2022 के 15.21 मिलियन टन के पिछले रिकॉर्ड से अधिक है। सरकार ने आगे बताया कि यूरोप और रूस के बीच का व्यापार केवल ऊर्जा तक सीमित नहीं है। इसमें उर्वरक, खनिज उत्पाद, रसायन, लोहे और स्टील के उत्पाद, मशीनरी और परिवहन उपकरण भी शामिल हैं। भारत सरकार ने अमेरिका के रूस से आयात पर भी सवाल उठाया। उसने कहा कि अमेरिका अब भी रूस से अपनी परमाणु ऊर्जा जरूरतों के लिए यूरेनियम हेक्साफ्लोराइड, इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए पैलेडियम, उर्वरक और रसायन खरीदता है।

### ट्रंप ने फिर दी भारत को धमकी

## रूस से तेल खरीद बंद करो, वरना और बढ़ेगा शुल्क

**न्यूयॉर्क/ वाशिंगटन :** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोमवार को चेतावनी देते हुए कहा कि वह रूस से तेल खरीदने की वजह से भारत पर अमेरिकी शुल्क में खासी बढ़ोतरी करने जा रहे हैं। ट्रंप ने भारत पर भारी मात्रा में रूस से तेल खरीदने और उसे बड़े मुनाफे पर बेचने का आरोप लगाया। अमेरिकी राष्ट्रपति ने सोशल मीडिया पर लिखा, भारत रूस से भारी मात्रा में तेल सिर्फ खरीद ही नहीं रहा है, बल्कि उस तेल के बड़े हिस्से को खुले बाजार में ऊंचे दामों पर बेचकर भारी मुनाफा भी कमा रहा है। इसके साथ ही ट्रंप ने कहा, उसे (भारत को) इस बात की कोई परवाह नहीं है कि यूक्रेन में रूस की युद्ध मशीन कितने लोगों की जान ले रही है। इसी वजह से मैं भारत से अमेरिका को दिए जाने वाले शुल्क को काफी बढ़ाने जा रहा हूं।

## प्रधानमंत्री मोदी मंगलवार को राजग संसदीय दल की बैठक को संबोधित करेंगे

**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मंगलवार को भाजपा-नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की संसदीय दल की बैठक को संबोधित करेंगे। सत्तारूढ़ गठबंधन के सांसदों की इस तरह की बैठक लंबे अंतराल के बाद हो रही है। राजग की यह बैठक सात अगस्त को उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए नामांकन दाखिल करने की प्रक्रिया शुरू होने से कुछ दिन पहले हो रही है। राजग को अपने उम्मीदवार की घोषणा 21 अगस्त तक करनी होगी, जिसका निर्वाचन निर्वाचक मंडल में गठबंधन के बहुमत के कारण निश्चित माना जा रहा है। बैठक ऐसे सत्र के बीच में हो रही है, जिसमें अब तक लगभग कार्यवाही अवरुद्ध रही है और केवल पहलगाम हमले तथा 'ऑपरेशन सिंदूर' पर दो दिवसीय विशेष चर्चा हो पाई है।

# सिराज की तूफानी गेंदबाजी से भारत ने इंग्लैंड को छह रन से हराकर श्रृंखला 2-2 से बराबर की



**लंदन :** भारत ने उतार-चढ़ाव से भरे बेहद रोमांचक पांचवें और अंतिम क्रिकेट टेस्ट के पांचवें दिन सोमवार को यहां मोहम्मद सिराज के करिश्माई प्रदर्शन से इंग्लैंड को छह रन से हराकर श्रृंखला 2-2 से बराबर कर दी जिसे क्रिकेट की दो दिग्गज टीमों के बीच बेहद कड़े मुकाबले के रूप में हमेशा याद किया जाएगा। सिराज ने तूफानी गेंदबाजी का नजारा पेश करते हुए 104 रन देकर पांच विकेट चटकाए और टीम की जीत के नायक साबित हुए। उन्होंने श्रृंखला में कुल 23 विकेट चटकाए और दोनों टीमों में सबसे सफल गेंदबाज रहे। भारत के 374 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए इंग्लैंड ने चौथे दिन जब छह विकेट पर 339 रन बनाए थे जब खराब रोशनी और बारिश के कारण खेलना रोकना पड़ा था। इंग्लैंड को अंतिम दिन जीत के लिए 35 रन जबकि भारत को चार विकेट की दरकार थी। सिराज की अगुआई में भारत ने हालांकि इंग्लैंड को 85.1 ओवर में 367 रन पर समेट दिया और रोमांचक जीत दर्ज की। प्रसिद्ध कृष्णा ने भी 126 रन देकर चार विकेट चटकाए। कंधे में चोट बावजूद क्रिस वोक्स एक हाथ में बल्ले थामे अंतिम बल्लेबाज के रूप में क्रीज पर उतरे और काफी दर्द के बावजूद मैदान पर डटे रहे लेकिन अंतत: सिराज ने गस एटकिंसन (17) को बोल्ड करके भारत को जीत दिला दी। इंग्लैंड ने लीड्स में पहला मैच पांच विकेट से जीत दर्ज की थी जबकि भारत ने बर्मिंघम में जोरदार वापसी करते हुए दूसरा टेस्ट 336 रन से जीता था। लार्ड्स में तीसरे टेस्ट में मेजबान टीम ने 22 रन की रोमांचक जीत दर्ज की जबकि मैनचेस्टर में चौथा टेस्ट ड्रॉ रहा। इसके बाद भारत ने जो रूट और हैरी ब्रूक की शतकीय पारियों के बावजूद चौथी शाम चार विकेट चटकाकर जोरदार वापसी की और फिर श्रृंखला के अंतिम दिन जीत दर्ज की।

# झामुमो संस्थापक शिबू सोरेन का निधन

## राष्ट्रपति व प्रधानमंत्री समेत कई नेताओं ने जताया शोक



**रांची/नयी दिल्ली :** झारखंड के गठन में अहम भूमिका निभाने वाले वरिष्ठ आदिवासी नेता एवं झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के संस्थापक शिबू सोरेन ने सोमवार को अंतिम सांस ली। वह 81 वर्ष के थे। उनके बेटे और झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने निधन की जानकारी दी। झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री शिबू सोरेन गुर्दे संबंधी समस्याओं के कारण एक महीने से ज्यादा समय से दिल्ली के एक निजी अस्पताल में इलाज करा रहे थे। झारखंड विधानसभा को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दिया गया, जबकि राज्य सरकार ने पूर्व मुख्यमंत्री के निधन के बाद तीन दिन का राजकीय शोक घोषित किया। देशभर से विभिन्न नेताओं ने उनके निधन पर शोक जताया है। पार्टी ने बताया कि उनका पार्थिव शरीर मंगलवार को रामगढ़ जिले में उनके पैतृक गांव ले जाया जाएगा और वहां उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा। पूर्व मुख्यमंत्री के सम्मान में झारखंड विधानसभा की कार्यवाही अनिश्चित काल के लिए स्थगित कर दी गई। सदन की कार्यवाही अनिश्चित काल के लिए स्थगित करते हुए विधानसभा अध्यक्ष रवींद्र नाथ महतो ने कहा, "दिशोम गुरु शिबू सोरेन आज स्वर्ग सिधार गए... उनका निधन न केवल झारखंड के लिए, बल्कि पूरे देश के लिए एक अपूरणीय क्षति है... वह गरीबों के लिए अपनी लड़ाई के लिए जाने जाते थे...।"

### मेरे पिता झारखंड और आदिवासियों का सुरक्षा कवच थे : हेमंत सोरेन

झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अपने पिता शिबू सोरेन को भावभीनी श्रद्धांजलि देते हुए झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के संस्थापक को आदिवासियों और राज्य का सुरक्षा कवच बताया और कहा कि उनकी विरासत अमर रहेगी। हेमंत सोरेन उस समय भावुक हो गए जब पार्टी कार्यकर्ताओं ने उनके पिता के सम्मान में नारे लगाए। पत्रकारों से बात करते हुए मुख्यमंत्री ने अपने पिता को "महान व्यक्ति" बताया।

# सुदीप के जगह अभिषेक बने लोकसभा में संसदीय दल का नेता

## मुख्य सचेतक पद से कल्याण बनर्जी ने दिया इस्तीफा

### लोकसभा में समन्वय का कार्य उपनेता काकोली संभालेंगी



**कोलकाता,समाज्ञा :** मुख्यमंत्री व पार्टी सुप्रीमो ममता बनर्जी ने लोकसभा में तृणमूल संसदीय दल के नेता के पद से वरिष्ठ सांसद सुदीप बनर्जी को हटाते हुए उनके स्थान पर अपने भतीजे अभिषेक बनर्जी को नियुक्त कर दिया। सोमवार को पार्टी सुप्रीमो ममता बनर्जी तृणमूल सांसदों के साथ एक वर्चुअल बैठक की। ममता ने इसी बैठक में अपने फैसले की घोषणा की। बताते चलें कि तृणमूल के भीतर युवा और बुजुर्ग नेता को लेकर द्वंद्व चल रहा था। इस द्वंद्व मुख्य रूप से सुदीप के इर्द-गिर्द ही शुरू हुआ था। सांसद सौगत राय भी युवा-बुजुर्ग वाले विवाद में शामिल हो गए थे। वे फिलहाल बीमारी के कारण अस्पताल में भर्ती हैं। वहीं दूसरी ओर लोकसभा में तृणमूल के मुख्य सचेतक के पद से वरिष्ठ सांसद कल्याण बनर्जी ने भी इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने एक्स हैंडल पर पद छोड़ने की घोषणा की और साथ ही उन्होंने मीडिया से कहा कि वह काकोली घोषदस्तीदार से कहेंगे कि उन्हें सदन में सबसे पीछे की सीट पर बैठने की व्यवस्था की जाए। उनके स्थान पर लोकसभा में समन्वय का कार्य अब पार्टी की संसदीयदल की उपनेता काकोली घोष दस्तीदार और अभिषेक देखेंगे।

#### सुदीप की मौजूदगी में ममता ने की घोषणा

सुदीप भी पिछले कुछ महीनों से बीमार चल रहे हैं। उनकी बीमारी इतनी गंभीर है कि मौजूदा मानसून सत्र में वे एक दिन भी संसद में नहीं दिखे। तृणमूल के एक धड़े का कहना था कि ऐसी स्थिति में लोकसभा में पार्टी नेता बदलना अपरिहार्य था। तृणमूल सुप्रीमो ने सत्र के दौरान ही यह कर दिया। तृणमूल में लोकसभा और राज्यसभा संसदीय दलों के दो अलग-अलग नेता हैं। राज्यसभा संसदीय दल के नेता डेरेक ओ ब्रायन हैं और लोकसभा में सुदीप बबनर्जी थे। उनकी जगह अभिषेक ने ली है। ममता इन राज्यसभा और लोकसभा संसदीय दल की चेयरपर्सन हैं। कई लोगों का मानना है कि इस फैसले के साथ ही तृणमूल में अगली पीढ़ी को आगे बढ़ाने के लिए रोटेशन का दौर शुरू हो गया है। अब देखना यह है कि क्या बाकी बचे वरिष्ठ सांसदों और विधायकों की ज़िम्मेदारियां भी धीरे-धीरे कम होती जाएंगी।

सोमवार को ममता ने सांसदों के साथ एक वर्चुअल बैठक की। वहां उन्होंने सुदीप को ढूंढा। सुदीप ने कहा कि वह बैठक में शामिल है। बैठक में मौजूद कई सांसदों ने बताया कि ममता ने सुदीप से कहा कि लोकसभा नेता अस्वस्थता के कारण संसद के मानसून सत्र में नहीं आ पाएंगे। सुदीप को आराम करना चाहिए। उनकी जगह अभिषेक लोकसभा का कामकाज देखेंगे। बैठक में मौजूद एक सांसद के अनुसार,सुदीप ने ममता से कहा कि वह ठीक हैं। अगर चाहें, तो वह कल (मंगलवार) दिल्ली पहुंच सकते हैं। लेकिन पार्टी सुप्रीमो ने उनसे कहा कि उन्हें इसकी जरूरत नहीं है। सुदीप को ठीक होकर संसद जाना चाहिए। अभिषेक अब से लोकसभा के नेता होंगे। अभिषेक तय करेंगे कि कौन किस मुद्दे पर और कब बोलेगा।

# पाकिस्तानी नागरिक थे पहलगाम हमले के तीनों आतंकी, सुरक्षा एजेंसियों को मिले पक्के सबूत

### जांच में स्पष्ट हुआ कि हमले में कोई भी स्थानीय कश्मीरी शामिल नहीं था

**श्रीनगर :** सुरक्षा एजेंसियों ने पहलगाम आतंकी हमले में शामिल आतंकवादियों की राष्ट्रीयता का पता लगाने के लिए सबूत जुटाए हैं, जिनमें पाकिस्तान सरकार द्वारा जारी दस्तावेजों और बायोमेट्रिक डेटा सहित अन्य चीजें शामिल है। इससे इस बात की पुष्टि होती है कि वे तीनों आतंकवादी पाकिस्तान के नागरिक थे। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। आतंकवादी संगठन 'लश्कर-ए-तैयबा' (एलईटी) के दुर्दांत आतंकवादियों के रूप में पहचाने गए ये तीनों आतंकवादी 28 जुलाई को ऑपरेशन महादेव के दौरान श्रीनगर के बाहरी इलाके दाचिगाम जंगल में सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ में मारे गए थे। वे पहलगाम की बैसरन घाटी में 22 अप्रैल को हुए हमले के बाद से दाचीगाम-हरवान वन क्षेत्र में छिपे हुए थे। पहलगाम हमले में 26 लोग मारे गए थे। अधिकारियों ने बताया कि एकत्र किये गये साक्ष्यों से पता चला कि इन आतंकवादियों में कोई भी स्थानीय व्यक्ति नहीं था। उन्होंने बताया कि सुरक्षा एजेंसियों ने पाकिस्तान के राष्ट्रीय डाटाबेस और पंजीकरण प्राधिकरण (एनएडीआरए) के बायोमेट्रिक रिकॉर्ड, मतदाता पहचान पर्चियां और डिजिटल सैटेलाइट फोन डेटा (कॉल लॉग और जीपीएस वेपॉइंट्स) जैसे पुख्ता सबूत एकत्र किए हैं, जिससे इस बात की पुष्टि होती है कि वे तीनों आतंकवादी पाकिस्तान के नागरिक थे। अधिकारियों ने बताया कि मुठभेड़ के बाद बरामद किए गए हथियारों संबंधी जांच और हिरासत में लिए गए कश्मीर के दो युवकों से की गई पूछताछ के आधार पर पता चला कि पहलगाम हमले में ये आतंकवादी शामिल थे।

एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, "पहली बार हमें पाकिस्तानी सरकार द्वारा जारी दस्तावेज मिले हैं, जिनसे पहलगाम हमलावरों की राष्ट्रीयता पर कोई संदेह नहीं बचा है।" अधिकारियों ने बताया कि ऑपरेशन महादेव के दौरान और उसके बाद एकत्र किए गए फोरेंसिक, दस्तावेज और साक्ष्यों से यह स्पष्ट रूप से पता चला कि तीनों हमलावर पाकिस्तानी नागरिक थे और लश्कर-ए-तैयबा के वरिष्ठ सदस्य थे। ये तीनों हमले के दिन से ही दाचीगाम-हरवान वन क्षेत्र में छिपे हुए थे। उन्होंने बताया कि पहलगाम हमले में कश्मीर का कोई भी व्यक्ति शामिल नहीं था।

# बांके बिहारी कॉरिडोर: मंजूरी पर कोर्ट की नजर, यूपी सरकार को झटका

**नयी दिल्ली :** उत्तर प्रदेश सरकार को झटका देते हुए उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को कहा कि वह श्रद्धालुओं के लाभ के लिए मथुरा के वृंदावन में श्री बांके बिहारी मंदिर कॉरिडोर विकसित करने की महत्वाकांक्षी योजना को 15 मई को दी गई मंजूरी स्थगित रखेगा, क्योंकि इसमें मुख्य हितधारकों की बात नहीं सुनी गई। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने राज्य सरकार द्वारा गुप्त तरीके से अदालत का दरवाजा खटखटाने के दृष्टिकोण की निंदा की और प्राचीन मंदिर का प्रबंधन अपने हाथ में लेने के लिए उत्तर प्रदेश श्री बांके बिहारी जी मंदिर ट्रस्ट अध्यादेश, 2025 लाने की जल्दबाजी पर सवाल उठाया। शीर्ष अदालत ने कहा कि वह लाखों श्रद्धालुओं के हित में मंदिर के मामलों के प्रबंधन के लिए उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश या सेवानिवृत्त जिला न्यायाधीश की अध्यक्षता में एक समिति नियुक्त करेगी। साथ ही प्रबंध समिति में मुख्य हितधारकों को भी शामिल किया जाएगा। पीठ ने उत्तर प्रदेश सरकार की तरफ से पेश हुए अतिरिक्त सॉलीसीटर जनरल के.एम. नटराज को बताया, जितना कम कहा जाए उतना अच्छा है।

# सेना पर टिप्पणी मामले में सुप्रीम कोर्ट ने राहुल गांधी को फटकारा, कार्यवाही पर फिलहाल रोक

### राहुल की टिप्पणी नुकसानदेह, न्यायालय की फटकार के बाद उन्हें तौर-तरीके सुधारने चाहिए : किरेन रीजीजू

**नयी दिल्ली :** उच्चतम न्यायालय ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी की 'भारत जोड़ो यात्रा' के दौरान भारतीय सेना के बारे में कथित अपमानजनक टिप्पणी को लेकर सोमवार को उनकी आलोचना करते हुए कहा, "अगर आप सच्चे भारतीय हैं, तो ऐसी बात नहीं कहेंगे।" हालांकि, शीर्ष अदालत ने इस मामले में लखनऊ की एक अदालत में गांधी के खिलाफ जारी कार्यवाही पर रोक लगा दी। न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने मामले में उत्तर प्रदेश सरकार और शिकायतकर्ता को नोटिस जारी किया। पीठ ने कहा, "आप विपक्ष के नेता हैं। आप संसद में बातें क्यों नहीं कहते हैं, आप सोशल मीडिया पर क्यों कहते हैं?" पीठ ने पूछा, "आपको कैसे पता चला कि 2000 वर्ग किलोमीटर जमीन चीनियों ने कब्जा कर ली है? क्या आप वहां थे? क्या आपके पास कोई विश्वसनीय जानकारी है?" पीठ ने पूछा, "बिना किसी सबूत के आप ये बयान क्यों दे रहे हैं? अगर आप सच्चे भारतीय हैं, तो आप ऐसी बात नहीं कहेंगे।" गांधी की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक सिंघवी ने कहा कि अगर विपक्ष के नेता मुद्दे नहीं उठा सकते, तो यह दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति होगी। उन्होंने दलील देते हुए कहा, "अगर वह प्रेस में छपी ये बातें नहीं कह सकते, तो वह विपक्ष के नेता नहीं हो सकते।"



## जनभागीदारी से संरक्षित होगी आर्थिक संप्रभुता

ट्रंप की टैरिफ दादागीरी और तमाम देशों के आर्थिक संरक्षणवाद से भारत के लिए उभरी आर्थिक चुनौतियों के बीच स्वदेशी का मंत्र ही एक कारगर विकल्प सिद्ध हो सकता है। वाराणसी में अपने लोकसभा क्षेत्र से एक बार फिर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशवासियों का आह्वान किया है कि संकल्प लें कि हम अपने घर स्वदेशी सामान ही लाएंगे। उल्लेखनीय है कि कोरोना संकट के दौरान जब वैश्विक आपूर्ति शृंखला डगमगाई थी, तब भी प्रधानमंत्री ने देश में स्वदेशी आंदोलन का आह्वान किया था। निस्संदेह, इस दिशा में कुछ प्रगति हुई है, लेकिन हकीकत है कि अपेक्षित परिणाम हासिल नहीं हुए। आज के ऐसे दौर में जब दुनिया की बड़ी अर्थव्यवस्थाएं घोर संरक्षणवाद का सहारा ले रही हैं, भारत को अपनी अर्थव्यवस्था को स्वदेशी के संकल्प से ही संरक्षण देना होगा। ये कदम मौजूदा आर्थिक परिदृश्य में अपरिहार्य हैं क्योंकि दुनिया के तमाम देश अपने-अपने आर्थिक हितों पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। अमेरिका द्वारा भारतीय उत्पादों पर अन्यायपूर्ण ढंग से लगाया गया 25 फीसदी का टैरिफ इस कड़ी का ही विस्तार है। ऐसे वक्त में जब भारत दुनिया की चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है तो हमें घरेलू अर्थव्यवस्था का स्वास्थ्य सुधारने को अपनी प्राथमिकता बनाना ही होगा। यदि हमारी अर्थव्यवस्था आत्मनिर्भर होगी तो फिर कोई वैश्विक नेता दबाव बनाकर हमारी विदेश व आर्थिक नीतियों को प्रभावित न कर सकेगा। विडंबना यह है कि चीन के लगातार शत्रुतापूर्ण व्यवहार व सीमा पर तनाव के बावजूद चीनी उत्पादों का आयात बढ़ता ही जा रहा है। यहां तक कि हमारे त्योहारों का सामान भी चीन से बनकर आ रहा है।

इसमें दो राय नहीं कि स्वदेशी का संकल्प देश की वर्तमान जरूरत है, लेकिन देश के उद्यमियों को भी सुनिश्चित करना होगा कि स्वदेशी वस्तुओं का विकल्प गुणवत्तापूर्ण हो। आज के उपभोक्तावादी युग में लोग गुणवत्ता से समझौता करने को तैयार नहीं होते। उद्यमियों को सोचना होगा कि कैसे चीन के उद्यमी कम लागत में गुणवत्तापूर्ण उत्पाद उपलब्ध करा रहे हैं। सरकार को भी उद्योग व व्यापार जगत पर नौकरशाही के शिकंजे को कम करना होगा। उत्पादन क्षेत्र को हमें उस स्तर तक ले जाने के लिये अनुकूल वातावरण तैयार करना होगा, जहां गुणवत्तापूर्ण सस्ते उत्पाद तैयार किए जा सकें। जरूरत इस बात की भी है कि हम अपने विशाल असंगठित क्षेत्र को संगठित क्षेत्र में शामिल करने के लिये प्रयास करें। हम याद रखें कि चीन ने अपने देश में लघु उद्योगों को संगठित करके ही दुनिया में उत्पादन के क्षेत्र में बादशाहत हासिल की है। विश्व में सबसे बड़ी आबादी वाले देश भारत को अपनी युवा आबादी की क्षमता का उपयोग करने के लिये इस दिशा में बड़ी पहल करनी होगी। हमारा शिक्षा का ढांचा इस तरह तैयार हो कि हम कौशल विकास को अपनी प्राथमिकता बनाएं। जिससे हम कालांतर कृत्रिम बुद्धिमत्ता और आधुनिक तकनीक का उपयोग उत्पादन बढ़ाने के लिये कर सकें। तब स्वदेशी के संकल्प से भारत न केवल आत्मनिर्भर होगा, बल्कि हम गुणवत्तापूर्ण निर्यात के जरिये अपने दुर्लभ विदेशी मुद्रा भंडार को भी समृद्ध कर सकेंगे।

## भारत और फिलीपीन ने विवादित दक्षिण चीन सागर में संयुक्त नौसैनिक अभ्यास किया

**मनीला :** भारत और फिलीपीन ने विवादित दक्षिण चीन सागर में पहली बार संयुक्त नौसैनिक अभ्यास किया है। इस सैन्य तैनाती ने चीन को नाराज कर दिया है। फिलीपीन के सशस्त्र बलों के चीफ ऑफ स्टाफ जनरल रोमियो ब्राउनर ने सोमवार को कहा कि रविवार से शुरू हुआ दो दिवसीय संयुक्त नौसैनिक अभ्यास सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। उन्होंने उम्मीद जताई कि फिलीपीन की सेनाएं भविष्य में भारत की सेना के साथ और अधिक संयुक्त युद्धाभ्यास में भाग ले सकेंगी। यह पूछे जाने पर कि क्या चीनी सेना ने इसके जवाब में कोई कार्रवाई की, जनरल ब्राउनर ने बिना विस्तार से बताए कहा, 'हमारे साथ कोई अप्रिय घटना नहीं हुई, लेकिन फिर भी हम पर नजर रखी गई। हमें इसकी पहले से ही उम्मीद थी।' फिलीपीन की सेना ने बताया कि रविवार को संयुक्त नौसैनिक युद्ध अभ्यास में भाग लेने वाले दो फिलीपीन नौसेना फ्रिगेट में से एक के जरिये लगभग 25 समुद्री मील की दूरी पर एक निर्देशित मिसाइल विध्वंसक सहित चीनी नौसेना के दो जहाज देखे गए। चीनी सेना की दक्षिणी थियेटर कमान ने कहा कि उसने रविवार और सोमवार को दक्षिण चीन सागर में नियमित गश्त की और कहा कि वह चीन के क्षेत्र और समुद्री अधिकारों और हितों की रक्षा के लिए दृढ़ संकल्प है।

## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 5 अगस्त, मंगलवार, 2025, विक्रम सम्वत् 2082, श्रावण शुक्लपक्ष एकादशी, 13:09 तक, नक्षत्र : ज्येष्ठा, 11:13 तक, योग : इंद्र, 07:13 तक, सूर्योदय: 5:09, सूर्यास्त: 18:16, चन्द्रोदय : 15:15, चन्द्रास्त: 01:00, शक सम्वत: 1947 विश्वावसु, सूर्य राशि : कर्क, चन्द्र राशि : वृश्चिक, राहू काल : 14:56 से 16:34

## राशिफल

**मेष :** कार्यक्षेत्र में आपको कई बदलावों का सामना करना पड़ सकता है। ये सरकार या व्यवस्था की ओर से हो सकते हैं, जिसके चलते परेशानी बढ़ेगी। ऐसे में मानसिक तनाव भी बना रह सकता है।

**वृष :** आपको कार्यक्षेत्र में अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए कड़ी मेहनत करनी होगी। इसी के चलते आप कामकाज में ज्यादा व्यस्त रह सकते हैं। परिवार के मामले में दिन सामान्य रहेगा।

**मिथुन :** आपको व्यापार के मामले में छोटे-छोटे लाभ प्राप्त हो सकते हैं। अगर नौकरी या व्यवसाय से जुड़ी कुछ समस्याओं का लंबे समय से सामना कर रहे थे तो अब उनसे छुटकारा मिल सकता है।

**कर्क :** सामाजिक कार्यों से जुड़े लोगों को दिन अच्छा रहने वाला है। मन भी प्रसन्न रहेगा। आपके लिए उन्नति के नए रास्ते खुल सकते हैं और कार्यों में सफलता भी प्राप्त होगी।

**सिंह :** कार्यक्षेत्र में आपके द्वारा की गई मेहनत अब लाभकारी सिद्ध होगी। धीरे-धीरे लाभ प्राप्त होने लगेंगे और इससे आर्थिक स्थिति में भी सुधार आएगा। परिवार के मामले में भी दिन अच्छा रहेगा।

**कन्या :** आपको कार्यक्षेत्र में अपने कार्यों को पूरा करने पर अधिक ध्यान देना होगा। समय का सही उपयोग करने से लाभ प्राप्त हो सकता है। लाभ कमाने के अवसर भी मिलेंगे।

**तुला :** कार्यस्थल पर अधूरे पड़े कार्यों को आपको खुद की मेहनत से पूरा करना होगा। किसी के भरोसे रहने से आपके जरूरी कार्य देरी से हो सकते हैं। अपने निर्णयों पर भी विशेष ध्यान देना होगा।

**वृश्चिक :** कार्यक्षेत्र में आपको किसी भी व्यक्ति पर जरूरत से ज्यादा भरोसा करने से बचना होगा, अन्यथा किसी परेशानी का सामना करना पड़ सकता है।

**धनु :** कारोबार से जुड़ी कोई अच्छी खबर आपको सुनने को मिल सकती है, जिससे मन प्रसन्न रहेगा। कार्यक्षेत्र में अधूरे पड़े जरूरी काम अब धीरे-धीरे पूरे होने लगेंगे।

**मकर :** व्यापार के मामले में आपको कई प्रकार की उलझनों का सामना करना पड़ सकता है। कार्यक्षेत्र में आपके ऊपर काम का प्रेशर भी ज्यादा रह सकता है, जिससे तनाव बढ़ने की संभावना है।

**कुम्भ :** कारोबार में आपको लाभ होने की संभावना है, लेकिन फिर भी कोई बात आपके मन को परेशान कर सकती है। ऐसे में आपको शांति और संयम बनाए रखना होगा।

**मीन :** व्यापार में किसी अनुभवी या वरिष्ठ व्यक्ति का सहयोग मिलने से आपको लाभ प्राप्त हो सकता है और एक नई दिशा दिख सकती है। इससे लाभ जरूर प्राप्त होगा।

# भारतीय हथकरघा के लिए नवाचार और स्थायित्व के साथ भविष्य बुनना



गिरिराज सिंह, (केंद्रीय मंत्री)

हथकरघा क्षेत्र भारत में सबसे बड़ा कुटीर उद्योग है, जो देश की अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है और 3.5 मिलियन से अधिक लोगों को आजीविका प्रदान करता है। स्थानीय बुनकरों द्वारा नैतिक रूप से निर्मित हथकरघा और दस्तकारी वस्त्र, बड़े पैमाने पर उत्पादित फास्ट फैशन का एक सार्थक विकल्प प्रस्तुत करते हैं। ऐसा करके, वे भारत की समृद्ध विरासत को आधुनिक विश्व के लिए एक व्यापक स्थिरता की कहानी में शामिल करते हैं।

टिकाऊ वस्त्र इको-सिस्टम के निर्माण के लिए ग्रामीण हथकरघा और हस्तशिल्प क्लस्टरों को सहायता देना महत्वपूर्ण है। ये क्लस्टर भारतीय शिल्पकला की उन जीवंत परम्पराओं का प्रतिनिधित्व करते हैं, जिन्हें परिवारों और समुदायों द्वारा पीढ़ियों से कायम रखा गया है। निजी क्षेत्र और सामाजिक उद्यमों ने इस क्षेत्र को पुनर्जीवित करने में सराहनीय भूमिका निभाई है। उनका कार्य पर्यावरण अनुकूल सामग्रियों के साथ नवाचार, स्थानीय स्रोत, रि-साईकिलिंग और अप-साईकिलिंग, तथा पारंपरिक प्रथाओं के साथ प्रौद्योगिकी को एकीकृत करने तक फैला हुआ है। ये प्रयास सहयोग के माध्यम से कारीगर समुदायों को सशक्त बनाने, शिल्पकारों और डिजाइनरों के बीच साझेदारी बनाने, उपभोक्ता जागरूकता बढ़ाने और कारीगरों को वैश्विक बाजारों से जोड़ने पर भी ध्यान केंद्रित करते हैं। जापान के ओसाका में आयोजित विश्व एक्सपो 2025 और अमेरिका के सांता फे में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय लोक कला बाजार जैसे प्रतिष्ठित मंचों पर भारतीय शिल्पकारों की हालिया भागीदारी उनकी अनुकूलनशीलता और वैश्विक अपील को दर्शाती है।

भारत सरकार अनेक योजनाओं और पहलों के माध्यम से वस्त्र पारिस्थितिकी तंत्र (टेक्सटाइल इको-सिस्टम) का समर्थन करती है। इनमें कच्चे माल की खरीद, करघों और सहायक उपकरणों आदि की खरीद के लिए वित्तीय सहायता, महिला सशक्तिकरण के लिए प्रोत्साहन, कौशल विकास कार्यक्रम तथा पारंपरिक हथकरघों के संरक्षण एवं संवर्धन हेतु मार्केटिंग प्रयास शामिल हैं। पर्यावरण-अनुकूल और सर्कुलर प्रोडक्ट्स को बढ़ावा देने, जैविक कच्चे माल तक पहुँच में सुधार लाने और नैतिक प्रथाओं के माध्यम से प्रतिस्पर्धात्मकता को बढ़ाने पर भी ज़ोर दिया गया है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में 'वोकल फॉर लोकल' और 'आत्मनिर्भर भारत' जैसी पहलों ने हथकरघा बुनकरों के लिए अवसरों का काफी विस्तार किया है। 'कौशल भारत' और 'डिजिटल भारत' जैसे अन्य कार्यक्रम कारीगरों को अपने कौशल को अपग्रेड करने और अपने कार्यस्थलों से सीधे बड़े बाजारों तक पहुंचने में सक्षम बना रहे हैं।

इस क्षेत्र के विकास को बनाए रखने के लिए हथकरघा परंपराओं का दस्तावेजीकरण और संरक्षण भी समान रूप से आवश्यक है। वस्त्र मंत्रालय के नेतृत्व में डिजिटल संग्रह, भारतीय वस्त्र एवं शिल्प कोष, पारंपरिक और समकालीन ज्ञान दोनों को संग्रहित करके इस उद्देश्य की पूर्ति करता है। यह मंच अनुसंधान डेटा, डिजाइनर और कारीगर प्रोफाइल, एक वर्चुअल संग्रहालय और डिजिटल प्रदर्शनियां उपलब्ध कराता है, जिससे यह विद्वानों, शिक्षार्थियों और शिल्प उत्साही लोगों के लिए एक मूल्यवान संसाधन बन जाता है।

हथकरघा क्षेत्र को अधिक लक्ष्य-उन्मुख और लाभदायक बनाने के लिए व्यवसाय-केंद्रित रणनीति आवश्यक है। को-ऑप्टेक्स, बोयानिका अथवा टाटा ट्रस्ट द्वारा अन्तरान जैसे हथकरघा मार्केटिंग संगठनों की केस स्टडी से पता चलता है कि व्यवस्थित योजना, चाहे वह समितियों, सहकारी समितियों के प्रोत्साहन के माध्यम से हो अथवा गैर-लाभकारी संस्थाओं के साथ सहयोग के माध्यम से हो, हथकरघा बुनकरों की आय और आजीविका में महत्वपूर्ण सुधार ला सकती है।

**(07 अगस्त, 2025 को 11वें राष्ट्रीय हथकरघा दिवस के अवसर पर माननीय वस्त्र मंत्री द्वारा लिखा गया लेख)**

इसे हासिल करने के कई तरीके हैं। पारंपरिक और आधुनिक, दोनों बाज़ारों के लिए नए डिज़ाइन विकसित करने के साथ-साथ पारंपरिक डिज़ाइनों को पुनर्जीवित करना, खासकर थीम-आधारित प्रदर्शनियों के ज़रिए, ग्राहकों को शिक्षित करने और माँग बढ़ाने में मदद कर सकता है। अंगवस्त्रम, वेष्टी और मुंडू जैसे उत्पादों को भी प्रासंगिक बने रहने के लिए विचारशील डिजाइन नवाचार की आवश्यकता होती है। वर्तमान आंकड़ों से पता चलता है कि केवल 22% हथकरघा बुनकर साड़ियां बनाते हैं और 19% अंगवस्त्रम और इसी तरह के उत्पादों पर ध्यान केंद्रित करते हैं, जिससे 59% ऐसे बुनकर बचते हैं जिन्हें घरेलू साज-सज्जा और वस्त्र सामग्री की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए प्रशिक्षित और सक्रिय किया जा सकता है। आधुनिक रुचियों के अनुरूप ढलते हुए, भारतीय हथकरघा को परिभाषित करने वाले अद्वितीय क्षेत्रीय कौशल और तकनीकों को संरक्षित करना महत्वपूर्ण है। जैविक फाइबर, प्राकृतिक रंगों और टिकाऊ सामग्रियों के उपयोग से हथकरघा उत्पादों का मूल्य और आकर्षण और अधिक बढ़ सकता है।

वस्त्र मंत्रालय संत कबीर और राष्ट्रीय हथकरघा पुरस्कार जैसे पुरस्कारों के माध्यम से बुनकरों के योगदान को सक्रिय रूप से मान्यता प्रदान कर रहा है और उन्हें पुरस्कृत कर रहा है। हाल के वर्षों में, नई श्रेणियां शुरू की गई हैं, जैसे कि महिला बुनकरों, जनजातीय कारीगरों, दिव्यांग बुनकरों, नवोन्मेषी उत्पादक समूहों और हथकरघा के साथ रचनात्मक रूप से जुड़ने वाले डिजाइनरों के लिए पुरस्कार। इसमें एक उल्लेखनीय बात यह है कि युवाओं को युवा बुनकर पुरस्कार भी दिया जाता है, जोकि 30 वर्ष से कम आयु के ऐसे कारीगरों को दिया जाता है, जिन्होंने पारंपरिक तकनीकों में निपुणता प्राप्त कर ली है तथा नवाचार अथवा उद्यमिता के प्रति प्रतिबद्धता का प्रदर्शन करते हैं। ये पुरस्कार न केवल प्रतिष्ठित हैं बल्कि पारदर्शी और लोकतांत्रिक भी हैं, तथा इनके साथ नकद पुरस्कार और प्रशस्ति पत्र भी दिए जाते हैं। संत कबीर, राष्ट्रीय एवं राज्य पुरस्कार विजेताओं को आजीवन 8,000 रुपये मासिक पेंशन दी जाती है। इसका उद्देश्य हथकरघा के क्षेत्र में नवाचार, विशेष रूप से ऐसी तकनीकों और सौंदर्यबोध को बढ़ावा देना है, जिनकी मशीनों अथवा पावरलूमों द्वारा नकल नहीं की जा सकती है।

भारतीय हथकरघा उद्योग का स्थायित्व बनाए रखने के लिए परंपरा और नवाचार दोनों को अपनाने की आवश्यकता है। भारत कपास, रेशम, ऊन, जूट और नारियल के रेशों जैसे प्राकृतिक फाइबर से समृद्ध है, और यहाँ बाँस, केले के फाइबर, हेम्प और मिल्कवीड जैसी नई सामग्रियों की खोज तेज़ी से हो रही है। कृषि अपशिष्ट की एक बड़ी मात्रा भी अभी तक पूरी तरह से उपयोग में नहीं आ पाई है। इस प्रचुरता के बावजूद, वास्तव में टिकाऊ उत्पादन के लिए बड़े पैमाने पर यार्न और वस्त्र प्रसंस्करण को मजबूत करने की अभी भी आवश्यकता है।

वस्त्र क्षेत्र में उद्यमों के सर्कुलर उत्पादन में तेजी आ रही है। वर्तमान समय में भारत की गहन भौतिक संस्कृति के बारे में जागरूकता बढ़ रही है, यह केवल यार्न और फैब्रिक में ही नहीं, बल्कि परिधानों के सहायक उपकरणों में भी बढ रही है, जिनका पर्यावरणीय प्रभाव के लिए मूल्यांकन किया जा रहा है। बचे हुए कपड़ों और धागों का उपयोग करके बनाए गए पुनर्चक्रित संग्रह लोकप्रिय हो रहे हैं, जो पारंपरिक, टिकाऊ प्रथाओं के पुनरुद्धार में योगदान दे रहे हैं। यह आंदोलन पर्यावरण के प्रति जागरूक फैशन की ओर एक व्यापक वैश्विक बदलाव को दर्शाता है।

आज, तेज़ी से बढ़ते शहरी प्रवास और जलवायु परिवर्तन के बढ़ते खतरे के साथ, पारंपरिक बुनकर की अपने करघे पर भूमिका प्रतीकात्मक से कहीं ज़्यादा बढ़ गई है, अब यह हरित तकनीक और सांस्कृतिक संरक्षण का एक सशक्त उदाहरण बन गई है। भारत की हथकरघा विरासत एक ऐसा मार्ग प्रशस्त करती है जो पर्यावरण और शिल्प से जुड़े लोगों का सम्मान करती है और देश को ज़िम्मेदार एवं नैतिक फ़ैशन के क्षेत्र में अग्रणी बनाती है।

# दिशोम गुरु शिबू सोरेन झारखंड आंदोलन के अमर नायक का युगांत



अजय कुमार


झारखंड की धरती का वो सूरज, जिसने आदिवासी समाज को शोषण, सूदखोरी और अन्याय के अंधेरे से निकालकर स्वाभिमान और सम्मान की रोशनी दिखाई, आज सदा के लिए अस्त हो गया। दिशोम गुरु शिबू सोरेन, जिन्हें झारखंड का पथ प्रदर्शक कहा जाता था, ने 4 अगस्त 2025 को सुबह दिल्ली के सर गंगाराम अस्पताल में अंतिम सांस ली। 81 वर्ष की आयु में उनके निधन ने न केवल झारखंड, बल्कि पूरे देश को एक ऐसी शख्सियत से वंचित कर दिया, जिसने जंगलों से लेकर संसद तक आदिवासियों के हक की लड़ाई लड़ी। शिबू सोरेन एक नेता से कहीं अधिक थे वे एक क्रांति थे, जिन्होंने महाजनों, जमींदारों और शोषक व्यवस्था के खिलाफ उलगुलान की हुंकार भरी। उनकी मशाल ने लाखों आदिवासियों को नई राह दिखाई, और उनकी डुगडुगी की गूंज आज भी झारखंड की माटी में गूंजती है।

11 जनवरी 1944 को रामगढ़ जिले के नेमरा गांव में एक साधारण आदिवासी परिवार में जन्मे शिबू सोरेन का जीवन संघर्ष और समर्पण की गाथा है। उनके पिता सोबरन सोरेन एक शिक्षक और गांधीवादी विचारों के व्यक्ति थे, जो उस दौर में महाजनों के आतंक के खिलाफ आवाज उठाते थे। उस समय झारखंड में आदिवासियों को कर्ज के जाल में फंसाकर उनकी जमीनें हड़प ली जाती थीं। मेहनत का फल महाजन छीन लेते थे, और आदिवासी समाज गरीबी और शोषण का शिकार था। 27 नवंबर 1957 को सोबरन सोरेन की हत्या ने शिबू के जीवन को हमेशा के लिए बदल दिया। पढ़ाई छोड़कर उन्होंने शोषण के खिलाफ बगावत का रास्ता चुना। युवा शिबू ने आदिवासी युवाओं को संगठित करना शुरू किया, और यहीं से दिशोम गुरु की यात्रा शुरू हुई, जिसने झारखंड के इतिहास को नया मोड़ दिया।

1970 के दशक में शिबू सोरेन ने धनकटनी आंदोलन की शुरुआत की, जो झारखंड के आदिवासी आंदोलन का स्वर्णिम अध्याय बन गया। इस आंदोलन में आदिवासी युवा तीर-कमान लेकर खेतों की रखवाली करते, और महिलाएं हंसिया लेकर महाजनों की फसल काट लेती थीं। मांदर की थाप पर मुनादी के साथ यह आंदोलन रामगढ़, बोकारो, हजारीबाग, गिरिडीह, दुमका, टुंडी, पलमा, तोपचांची और बेरमो जैसे इलाकों में फैल गया। शिबू ने एक नैतिक मर्यादा तय की यह लड़ाई केवल खेतों तक सीमित रहेगी, न महाजनों की महिलाओं को निशाना बनाया जाएगा, न उनकी अन्य संपत्ति को नुकसान पहुंचाया जाएगा। इस अनुशासन ने उनके आंदोलन को न केवल मजबूती दी, बल्कि आदिवासियों में आत्मविश्वास और एकता का संचार किया। धनकटनी आंदोलन ने शिबू सोरेन को आदिवासियों का नायक बना दिया, जो शोषण और सूदखोरी से मुक्ति का प्रतीक बन गए।

4 फरवरी 1972 को शिबू सोरेन ने बिनोद बिहारी महतो और कॉमरेड एके राय के साथ मिलकर झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) की स्थापना की। यह संगठन बांग्लादेश की मुक्ति वाहिनी से प्रेरित था, जिसने 1971 में स्वतंत्रता हासिल की थी। झामुमो का लक्ष्य था झारखंड को अलग राज्य का दर्जा दिलाना और आदिवासी समाज को सामाजिक-आर्थिक न्याय प्रदान करना। इस संगठन ने न केवल आदिवासियों को एकजुट किया, बल्कि उनकी आवाज को राष्ट्रीय पटल पर बुलंद किया। शिबू की अगुवाई में झामुमो ने झारखंड आंदोलन को नई दिशा दी, और 2000 में झारखंड के गठन में इसकी ऐतिहासिक भूमिका रही। आज झामुमो झारखंड की सबसे बड़ी राजनीतिक शक्ति है, जो शिबू के सपनों को जीवित रखती है।

शिबू सोरेन का जीवन आसान नहीं था। पारसनाथ के घने जंगलों में भटकते हुए, पुलिस की गोलियों से बचते हुए, उन्होंने रातें पेड़ों की छांव में गुजारीं। 1975 में आपातकाल के दौरान इंदिरा गांधी ने उनकी गिरफ्तारी का आदेश दिया। धनबाद के तत्कालीन डिप्टी कलेक्टर केबी सक्सेना ने उन्हें सरेंडर के लिए राजी किया। 1976 में धनबाद जेल में बंद शिबू ने अपनी संवेदनशीलता का परिचय दिया। एक महिला कैदी के छठ गीत सुनकर वे भावुक हो गए और जेल में छठ पूजा का आयोजन करवाया। कैदियों ने एक समय का भोजन त्यागकर इसका खर्च जुटाया, और महिला ने पारंपरिक आस्था के साथ पूजा की। यह घटना उनकी मानवीयता और नेतृत्व क्षमता का प्रतीक है।एक अन्य घटना में, पलमा के जंगल में रात के समय पुलिस ने उन्हें घेर लिया। डुगडुगी की आवाज पर आदिवासियों का हुजूम इकट्ठा हो गया, और पुलिस को पीछे हटना पड़ा। यह था शिबू सोरेन का जनता के साथ अटूट रिश्ता। उनकी डुगडुगी एक संकेत थी, जो आदिवासियों को एकजुट करने की ताकत रखती थी।



शिबू सोरेन सामाजिक न्याय और महिला सम्मान के प्रति बेहद सजग थे। एक बार दुमका से धनबाद लौटते वक्त, छेड़खानी के एक मामले को सुनकर उन्होंने रास्ते में गाड़ी रुकवाई और गांव में कचहरी लगाकर त्वरित न्याय सुनिश्चित किया। शराब के खिलाफ उनकी सख्ती भी उल्लेखनीय थी। एक बार अपने चाचा के शराब पीने पर वे इतने नाराज हुए कि उन्हें पीटने पर उतारू हो गए। उनकी यह नैतिकता और अनुशासन उन्हें एक अलग पहचान देता था। वे न केवल आदिवासियों के नेता थे, बल्कि सामाजिक मूल्यों के रक्षक भी थे।

शिबू सोरेन का राजनीतिक सफर उतार-चढ़ाव से भरा रहा। 1980 में वे पहली बार दुमका से लोकसभा सांसद बने। 1989, 1991 और 1996 में भी वे लोकसभा पहुंचे। 2002 में वे राज्यसभा सांसद बने, और उसी साल दुमका से लोकसभा उपचुनाव जीता। वे तीन बार झारखंड के मुख्यमंत्री रहे 2005 में 10 दिन के लिए, 2008-09 और 2009-10 में। केंद्र में कोयला मंत्री के रूप में भी उन्होंने अपनी छाप छोड़ी। उनकी राजनीति विवादों से भी घिरी रही, लेकिन आदिवासियों के प्रति उनकी निष्ठा कभी कम नहीं हुई। उनकी विरासत उनके बेटे और वर्तमान मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने संभाली है, जिनके नेतृत्व में झामुमो झारखंड की सबसे बड़ी पार्टी बनी।

शिबू सोरेन के निधन की खबर ने पूरे देश को झकझोर दिया। उनके बेटे हेमंत सोरेन ने भावुक होकर कहा, आज मैं शून्य हो गया हूँ। मेरे पिता दिशोम गुरु झारखंड के सपनों का प्रतीक थे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने श्रद्धांजलि देते हुए कहा, शिबू सोरेन जी का निधन देश के लिए अपूरणीय क्षति है। उनका योगदान आदिवासी सशक्तिकरण और झारखंड आंदोलन में हमेशा याद रखा जाएगा। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने ट्वीट किया, दिशोम गुरु ने शोषितों की आवाज बुलंद की। उनकी कमी कभी पूरी नहीं होगी। झारखंड के विभिन्न हिस्सों में लोग सड़कों पर उतरे, मांदर की थाप पर शोक गीत गाए गए, और उनके सम्मान में श्रद्धांजलि सभाएँ आयोजित की गईं। सोशल मीडिया पर आम जनता, सामाजिक कार्यकर्ताओं और नेताओं ने उन्हें याद किया। एक यूजर ने लिखा, शिबू सोरेन ने हमें सिखाया कि हिम्मत और एकता से कोई भी जंग जीती जा सकती है।

शिबू सोरेन का निधन झारखंड के लिए एक युग का अंत है। लेकिन उनकी मशाल, जो उन्होंने आदिवासियों के हक के लिए जलाई, कभी नहीं बुझेगी। धनकटनी आंदोलन से लेकर झामुमो के गठन और अलग झारखंड के सपने को साकार करने तक, उनका हर कदम एक प्रेरणा है। उनकी डुगडुगी की गूंज और मांदर की थाप झारखंड की माटी में हमेशा गूंजती रहेगी। उनकी विरासत न केवल हेमंत सोरेन, बल्कि हर उस व्यक्ति में जीवित है, जो अन्याय के खिलाफ लड़ने का साहस रखता है।दिशोम गुरु की सच्ची श्रद्धांजलि यही होगी कि उनके सपनों का झारखंड शोषणमुक्त, सशक्त और समृद्ध साकार हो। शिबू सोरेन ने न केवल झारखंड को एक नई पहचान दी, बल्कि लाखों आदिवासियों को जीने का हौसला दिया। उनकी लड़ाई, उनका साहस और उनका समर्पण हमेशा प्रेरणा देता रहेगा। दिशोम गुरु शिबू सोरेन अमर रहें!

-वरिष्ठ पत्रकार

## विदेश की खबरें

### अफगानिस्तान में बाल कुपोषण में अब तक की सबसे तेज वृद्धि हुई: संयुक्त राष्ट्र एजेंसी

**इस्लामाबाद :** अफगानिस्तान में बाल कुपोषण में अब तक की सबसे तीव्र वृद्धि हो रही है। संयुक्त राष्ट्र की एजेंसी विश्व खाद्य कार्यक्रम ने सोमवार को यह जानकारी दी। यूएन एजेंसी ने यह भी कहा कि देश के सबसे कमजोर परिवारों की मदद के लिए उसे 53.9 करोड़ अमेरिकी डॉलर की आवश्यकता है। अफगानिस्तान में लगभग एक करोड़ लोग (देश की एक-चौथाई आबादी) गंभीर खाद्य संकट का सामना कर रहे हैं और हर तीन में से एक बच्चा अविकसित है। विश्व खाद्य कार्यक्रम (डब्ल्यूएफपी) ने कहा कि बाल कुपोषण में वृद्धि पिछले दो वर्षों में आपातकालीन खाद्य सहायता में कमी से जुड़ी है, क्योंकि दानदाताओं का समर्थन कम हो रहा है। अप्रैल में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रशासन ने दुनिया के सबसे गरीब देशों में से एक (अफगानिस्तान) को दी जाने वाली खाद्य सहायता बंद कर दी थी।

### जापान की सबसे बुजुर्ग व्यक्ति बनीं 114 वर्षीय सेवानिवृत्त चिकित्सक

**तोक्यो :** जापान के नारा प्रांत निवासी 114 वर्षीय सेवानिवृत्त चिकित्सक शिगेको कागावा 114 वर्षीय मियोको हिरोयासु की मृत्यु के बाद जापान की सबसे बुजुर्ग जीवित व्यक्ति बन गई हैं। जापान के स्वास्थ्य, श्रम एवं कल्याण मंत्रालय ने यह जानकारी दी। कागावा ने द्वितीय विश्व युद्ध से पहले मेडिकल स्कूल से स्नातक की डिग्री प्राप्त की, युद्ध के दौरान ओसाका के एक अस्पताल में सेवाएं दीं और बाद में प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ के रूप में अपने परिवार के क्लिनिक का संचालन किया।

## वर्ग पहेली नं. 3174



**बायें से दायें:-** 2) सहना *(दुःख)*, 5) अप्सरा, 7) एक जग-प्रसिद्ध भारतीय गायिका, 8) सारा, 10) जेबकतरा, 11) लड़का, 12) बंटा ढार; बरबादी, 14) सहारा; भरोसा, 16) छिद्रान्वेषण, 19) घोड़े आदि की पीठ पर रखने की गद्दी, 21) काँख, 24) तपा हुआ, 25) एक मादक पेय, 26) नाश, 28) क्रांतिसूचक रंग, 29) सौभाग्यशाली.

**ऊपर से नीचे:-** 1) व्यसन, 2) उत्तर भारत में बहनेवाली एक नदी, 3) प्रसिद्ध, 4) जल की धारा, 5) मुकरना, 6) खाली, 9) निराश, 13) चेहरे की बनावट, 14) वग़ैरह, 15) सहमत, 17) विनम्र, 18) सावधान, 20) रोकड़, 22) परवाह; शोक, 23) द्रव, 26) संकट; आफ़त, 27) एकाग्रता.

*(उत्तरः अगले अंक में)*

*पिछली पहेली का उत्तर*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | क | सी | र | ■ | सू | ■ | अ | स | म |
| स | च्चा | ■ | ब | र्ब | र | ■ | वै | ■ | ठ |
| र | ■ | खा | ड़ी | ■ | ज | ल | ध | र | ■ |
| दा | हि | ना | ■ | अ | ■ | हू | ■ | म | ह्म |
| र | फ़ा | ■ | आ | चा | र | ■ | म | झो | ला |
| ■ | ज | ल | पा | न | ■ | प | त | ला | ■ |
| मा | त | म | ■ | क | बी | र | ■ | ■ | का |
| शु | ■ | ह्म | मी | ■ | ■ | व | र्ज | नी | य |
| क़ा | बू | ■ | त | फ़ | ती | श | ■ | ला | र |

## सुडोकू-पहेली-3131

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 2 | 6 | | | | |
| | 7 | | | | | | 5 | 8 |
| | | 4 | | 8 | | | 2 | |
| | | | | | | 9 | | |
| | | | | 3 | 7 | | | |
| | | 6 | | | | | | 5 |
| 4 | 2 | 7 | | | | | | |
| | | | 9 | | | | | |
| 5 | | | | | 1 | 6 | | 4 |

**प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।**

••••

**आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।**

**सूडोकू पहेली - 3130 का उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 4 | 5 | 8 | 9 | 7 | 6 | 1 | 3 |
| 3 | 9 | 6 | 5 | 2 | 1 | 7 | 4 | 8 |
| 7 | 1 | 8 | 3 | 6 | 4 | 2 | 9 | 5 |
| 4 | 3 | 1 | 9 | 8 | 2 | 5 | 6 | 7 |
| 5 | 7 | 9 | 6 | 4 | 3 | 8 | 2 | 1 |
| 6 | 8 | 2 | 1 | 7 | 5 | 9 | 3 | 4 |
| 9 | 5 | 7 | 4 | 3 | 6 | 1 | 8 | 2 |
| 8 | 2 | 3 | 7 | 1 | 9 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | 6 | 4 | 2 | 5 | 8 | 3 | 7 | 9 |

# ममता बनर्जी से मिले उद्योगपति गौतम अदाणी

## दोनों ने निवेश संबंधी विभिन्न मुद्दों पर सकारात्मक बातचीत की

**कोलकाता :** अदाणी समूह के अध्यक्ष गौतम अदाणी ने सोमवार को बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी से राज्य सचिवालय में मुलाकात की। हालांकि बैठक के बारे में विस्तृत जानकारी नहीं मिल पाई है, लेकिन सूत्रों ने बताया कि दोनों ने निवेश संबंधी विभिन्न मुद्दों पर सकारात्मक और सौहार्दपूर्ण बातचीत की।



अदाणी शाम करीब पांच बजे राज्य सचिवालय नबन्ना पहुंचे और दोनों के बीच एक घंटे से ज़्यादा समय तक बातचीत चली। इस साल के अंत में होने वाले बंगाल ग्लोबल बिज़नेस समिट (बीजीबीएस) से पहले यह मुलाकात अहम मानी जा रही है। बैठक के बारे में पूछे जाने पर मुख्य सचिव मनोज पंत ने कोई टिप्पणी करने से इन्कार कर दिया।

बता दें कि केंद्र की मंजूरी नहीं मिलने से बंगाल सरकार ने पूर्व मेदिनीपुर जिले के ताजपुर में प्रस्तावित गहरे समुद्री बंदरगाह बनाने की परियोजना के लिए आदाणी समूह को जारी किया गया लेटर आफ इंटेंट (सहमति पत्र) को रद कर दिया है। इस परियोजना के लिए राज्य सरकार की ओर से केंद्र सरकार के गृह, रक्षा, विदेश और जहाजरानी मंत्रालयों से आवश्यक मंज़ूरी मांगी गई थी। सूत्रों के मुताबिक अदाणी समूह आवश्यक शर्तों को पूरा नहीं कर पाया, इसलिए केंद्र की तरफ से मंज़ूरी नहीं दी गई। 25,000 करोड़ रुपये के प्रस्तावित ताजपुर डीप सी पोर्ट परियोजना के लिए अब नए सिरे से टेंडर जारी करने का निर्णय लिया गया है। राज्य मंत्रिमंडल ने 2022 में इस परियोजना के लिए अदाणी समूह को लेटर आफ इंटेंट जारी करने की मंजूरी दी थी, क्योंकि निविदा प्रक्रिया में अदाणी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकोनामिक जोन (एपीएसईजेड) ने सबसे ऊंची बोली लगाई थी।

## साइबर धोखाधड़ी मामले में दिल्ली से तीन नाइजीरियाई गिरफ्तार

**❑ आरोपितों ने कोलकाता के एक शिकायतकर्ता से 1.10 करोड़ रुपये की ठगी की थी**

**कोलकाता :** कोलकाता पुलिस के साइबर अपराध विभाग ने आनलाइन ठगी करने वाले एक अंतरराष्ट्रीय साइबर गिरोह का राजफाश करते दिल्ली के निलोठी इलाके के चंदर विहार से हुए तीन नाइजीरियाई नागरिकों को गिरफ्तार किया है। आरोपितों ने फर्जी ईमेल, वाट्सएप संदेशों और दस्तावेजों का इस्तेमाल करके फर्जी कोला नट ट्रेडिंग स्कीम के जरिए कोलकाता के एक शिकायतकर्ता से 1.10 करोड़ रुपये की ठगी की थी।

कोलकाता पुलिस ने गत दो अगस्त को अपने छापेमारी अभियान 12 एंड्राइड फोन, तीन कीपैड मोबाइल, एक वाई-फाई राउटर और एक लैपटाप जब्त किया, जिसमें आपत्तिजनक डेटा लोड था। इनमें नकली डब्ल्यूएचओ और एबाट लेटरहेड शामिल थे, जिनका इस्तेमाल अनजान पीड़ितों को ठगने के लिए किया जाता था। नाइजीरियाई नागरिकों की पहचान पीटर मर्सी ओलाबुमी उर्फ सोफिया, किमेकु कालिन्मिस और अलेक्जेंडर सक्सेस डिवाइन के रूप में हुई। यह कार्रवाई साइबर पुलिस स्टेशन, कोलकाता में 20 मई को दर्ज एक शिकायत के आधार पर हुई। शिकायतकर्ता को एबाट फार्मास्यूटिकल्यूके और डब्ल्यूएचओ के नाम पर फर्जी दस्तावेज और वाट्सएप संदेश भेजकर 1,10,41,250 रुपये निवेश करने का लालच दिया गया था। यह धोखाधड़ी कोला नट ट्रेडिंग नामक योजना के जरिए की गई थी।

## 'एनआरसी नोटिस का कोई जवाब न दें, असम न जाएं'

### उत्तर बंगाल के नेताओं को अभिषेक बनर्जी का स्पष्ट निर्देश

**कोलकाता :** 2026 के विधानसभा चुनाव को लक्ष्य कर सभी राजनीतिक दलों ने अपनी तैयारियाँ तेज़ कर दी हैं। इसी क्रम में तृणमूल कांग्रेस के अखिल भारतीय महासचिव अभिषेक बनर्जी ने सोमवार को कोचबिहार और अलीपुरद्वार जिले के पार्टी नेताओं के साथ कैमैक स्ट्रीट कार्यालय में एक महत्वपूर्ण बैठक की।

इस बैठक में एनआरसी (राष्ट्रीय नागरिक पंजी) को लेकर पार्टी का रुख स्पष्ट करते हुए अभिषेक बनर्जी ने दो टूक कहा, अगर असम सरकार की ओर से कोई एनआरसी नोटिस आता है, तो कोई उसका जवाब नहीं देगा और कोई असम नहीं जाएगा।

उन्होंने कहा कि यह पार्टी का स्पष्ट स्टैंड है।

बैठक में ब्लॉक स्तर पर संगठनात्मक बदलावों पर भी चर्चा



हुई और कई सिफारिशें पार्टी प्रमुख ममता बनर्जी को अनुमोदन के लिए भेजी गई हैं। इसके साथ ही तृणमूल के प्रमुख जनसंपर्क अभियान 'हमारा पारा, हमारा कार्यक्रम' को और अधिक सक्रिय रूप से लागू करने के निर्देश भी दिए गए।

सूत्रों के अनुसार, पिछले कुछ दिनों में उत्तर बंगाल के कई लोगों को असम सरकार की ओर से एनआरसी से संबंधित नोटिस भेजे गए हैं। इसे लेकर इलाके में चिंता बढ़ी है। इसी पृष्ठभूमि में पार्टी ने यह निर्णय लिया है कि कोई भी कार्यकर्ता या आम नागरिक असम सरकार की नोटिस का जवाब नहीं देगा, ना ही कोई असम जाकर खुद को पेश करेगा।

### तालाब में डूबने से व्यक्ति की मौत

**कोलकाता :** सोमवार सुबह करीब 9:30 बजे भुवन मोहन रॉय रोड स्थित एक तालाब में 42 वर्षीय व्यक्ति पालाश दास का शव तैरता हुआ पाया गया। पालाश दास, जो 25/7 बोस पारा बाई-लेन, पूर्वा बारिशा के निवासी थे, को स्थानीय लोगों ने तालाब में मृत अवस्था में देखा। तुरंत सूचना मिलने पर ठाकुरपुकुर थाना की पुलिस मौके पर पहुँची और शव को बाहर निकाला। उन्हें विद्यसागर स्टेट जनरल अस्पताल ले जाया गया, जहाँ डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, यह एक अप्राकृतिक मृत्यु (डूबने से) प्रतीत हो रही है। पुलिस ने मामला दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी है।

# गड़बेता में रेल पटरी पर धमाका, बाल-बाल बची राजधानी एक्सप्रेस

**पश्चिम मेदिनीपुर/कोलकाता :** ओडिशा के बाद पश्चिम बंगाल में भी रेलवे पटरी पर विस्फोट का मामला सामने आया है। पश्चिम बंगाल के जंगलगमहल क्षेत्र में स्थित गड़बेता रेलवे स्टेशन के पास रेल पटरी पर हुए एक जोरदार विस्फोट से हड़कंप मच गया। हालांकि घटना रविवार देर शाम की है लेकिन रेलवे की ओर से मीडिया को इसकी भनक नहीं लगने दी गई। सोमवार दोपहर रेलवे ने घटना की पुष्टि की है। साथ ही बताया गया है कि अपराह्न के समय रेलवे अधिकारियों के साथ फॉरेंसिक टीम भी मौके पर पहुंची है। इस घटना में किसी के घायल होने की खबर नहीं है, लेकिन राजधानी एक्सप्रेस ट्रेन महज कुछ मिनट पहले ही उस स्थान को पार कर चुकी थी। यदि विस्फोट कुछ मिनट पहले होता, तो एक बड़ा हादसा हो सकता था।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, रविवार शाम 4:12 बजे राजधानी एक्सप्रेस गड़बेता के पास उस ट्रैक से गुजरी थी, जहां कुछ ही देर बाद धमाका हुआ। ट्रेन जब तीन किलोमीटर आगे शिलाबती पुल के पास पहुंची, तब चालक को जोरदार धमाके की आवाज सुनाई दी। हालांकि, ट्रेन को रोके बिना उन्होंने अपनी यात्रा जारी रखी और अगला स्टेशन आने पर उन्होंने अधिकारियों को घटना की जानकारी दी। इसके बाद ट्रेन को लगभग 30 मिनट तक रोके रखा गया।

घटना की सूचना मिलते ही रेलवे के वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे। जांच के दौरान पटरी के किनारे विस्फोटकों के अवशेष पाए गए। इससे इलाके में दहशत फैल गई है और किसी बड़ी साजिश की आशंका जताई जा रही है।

**❑ माओवादी कनेक्शन की भी हो रही जांच**

हालांकि, पुलिस का कहना है कि संभवतः किसी रासायनिक पदार्थ की गिरावट से यह धमाका हुआ होगा और प्रथम दृष्टया इसे कोई विध्वंसकारी साजिश नहीं माना जा रहा। इसके बावजूद जांच एजेंसियां किसी भी संभावना को खारिज नहीं कर रही हैं और माओवादी कनेक्शन की भी पड़ताल की जा रही है। यह घटना ऐसे समय में हुई है जब एक दिन पहले ही ओडिशा के चक्रधरपुर डिवीजन के रंगरा-करमपाड़ा रूट पर माओवादियों द्वारा लगाए गए आईईडी विस्फोट में रेल लाइन उड़ गई थी। उस घटना में काम कर रहे दो रेलकर्मी विस्फोट की चपेट में आ गए थे, जिनमें से 37 वर्षीय इतावा उरांव की मौके पर ही मौत हो गई थी, जबकि बुदराम मुंडा घायल हो गया था। उस धमाके में पटरी के स्लीपर तक टूट गए थे। ओडिशा की घटना के कुछ घंटों के भीतर गड़बेता में हुआ यह धमाका सुरक्षा एजेंसियों के लिए गंभीर चिंता का विषय बन गया है। रेल अधिकारियों ने घटना की विस्तृत जांच के आदेश दे दिए हैं और सुरक्षा इंतजामों को और कड़ा किया जा रहा है।

## भाजपा की बंगाल इकाई चुनाव से पहले फर्जी कार्यकर्ताओं को हटाने के लिए डिजिटल अभियान शुरू करेगी

**❑ चुनाव से पहले बूथ स्तर पर कड़ा नियंत्रण स्थापित करना उद्देश्य**

**कोलकाता :** भाजपा की पश्चिम बंगाल इकाई जल्द ही अपने संगठनात्मक नेटवर्क के डिजिटल आडिट का दूसरा चरण शुरू करेगी। इसका उद्देश्य 2026 के विधानसभा चुनावं से पहले फर्जी कार्यकर्ताओं को हटाना, बढ़ा-चढ़ाकर बताए गए आंकड़ों पर अंकुश लगाना और बूथ स्तर पर कड़ा नियंत्रण स्थापित करना है। आंतरिक सत्यापन अभियान का उद्देश्य राज्य भर में भाजपा के बूथ-से-जिला संगठनात्मक स्तर तक तकनीक के आधार पर वास्तविकता की जांच करना है। पार्टी सूत्रों ने बताया कि राज्य भर में लगभग 1.5 लाख पदाधिकारियों ने अपने फोटोयुक्त मतदाता पहचान पत्र एक केंद्रीकृत डिजिटल प्लेटफार्म पर अपलोड कर दिए हैं। यह प्रमाणित करने के लिए सत्यापन किया जा रहा है कि पार्टी के पदों पर आसीन लोग संबंधित क्षेत्रों में रहते हैं या नहीं और उनका प्रतिनिधित्व करते हैं या नहीं। भाजपा के एक वरिष्ठ नेता ने बताया कि हम दशकों से चली आ रही संगठनात्मक कुप्रथा को ठीक कर रहे हैं। बंगाल भाजपा की दशकों पुरानी आदत है कि वह संख्या बढ़ा-चढ़ाकर बताती है। गुटबाजी करने वाले नेता अपना प्रभाव बनाए रखने के लिए कार्यकर्ताओं की सूची बढ़ा-चढ़ाकर पेश करते हैं। अगर हम ममता बनर्जी को हराने के लिए गंभीर हैं तो यह सब बंद होना चाहिए। उन्होंने कहा कि इसके अलावा, फर्जी या निष्क्रिय कार्यकर्ताओं को शामिल करने की प्रथा भी बंद होनी चाहिए। पार्टी का पहला चरण बूथ और मंडल स्तर के पदाधिकारियों की आवासीय और मतदाता सूची संबंधी प्रामाणिकता की पुष्टि पर केंद्रित था। यह चरण पहले ही पूरा हो चुका है। संगठनात्मक स्तरों पर एक केंद्रीय लिंक प्रसारित किया गया, जिसमें प्रत्येक पदाधिकारी से सत्यापन के लिए अपने मतदाता पहचान पत्र की तस्वीर अपलोड करने को कहा गया। भाजपा नेताओं के अनुसार, अपलोड किए गए आंकड़ों से महत्वपूर्ण विसंगतियां और फर्जी सूची का पता चला है, खासकर उन बूथ पर जहां पार्टी की उपस्थिति पारंपरिक रूप से कमजोर रही है। अभियान का दूसरा चरण पांच अगस्त को एक प्रमुख प्रशिक्षण शिविर में मोबाइल ऐप की शुरुआत के साथ आरंभ होगा। केंद्रीय पर्यवेक्षक और राज्य के नेता प्रत्येक बूथ और मंडल स्तर के पदाधिकारी का वास्तविक समय पर सत्यापन करने के लिए ऐप का इस्तेमाल करेंगे। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष और राज्यसभा सदस्य शमिक भट्टाचार्य ने आंतरिक प्रक्रियाओं पर टिप्पणी करने से इनकार करते हुए बताया कि हम जमीनी स्तर से आने वाले आंकड़ों की पुष्टि के लिए भौतिक और डिजिटल दोनों तरह से सत्यापन करते हैं।

## फ्लैट से भारी मात्रा में हथियार और कारतूस बरामद



**❑ पुलिस ने फ्लैट मालिक को हिरासत में लिया**


**कोलकाता :** बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले के खड़दह में सोमवार को एक आवासीय फ्लैट से भारी मात्रा में हथियार और कारतूस जब्त किए गए। बैरकपुर पुलिस कमिश्नरेट के खुफिया विभाग ने रीजेंट पार्क इलाके में मधुसूदन मुखर्जी नामक एक व्यक्ति के फ्लैट में छापेमारी की। इस दौरान 15 आग्नेयास्त्र और 900 राउंड गोलियां बरामद की गईं। इनमें देशी और विदेशी बंदूकें हैं। लाखों रुपये नकद बरामद किए गए। अधिकारी इस बात की जांच कर रहे हैं कि फ्लैट में इतने सारे हथियार क्यों जमा किए गए थे। पुलिस सूत्रों के मुताबिक मुंगेर के एक हथियार तस्कर से पूछताछ में मधुसूदन के बारे में पता चला था। ये हथियार पुरुलिया से बनवाए गए थे। पुलिस ने मधुसूदन व लिटन नाम के एक व्यक्ति को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया है। पुलिस पता लगा रही है कि हथियार कहां से लाए गए थे और इसके पीछे क्या साजिश थी।

## पश्चिम बंगाल के चार विधानसभा क्षेत्रों की 2002 की वोटर लिस्ट 'गायब', आयोग ने मांगी रिपोर्ट

**कोलकाता :** बिहार के बाद अब पश्चिम बंगाल में भी मतदाता सूची संशोधन की प्रक्रिया शुरू करने की संभावना है। इस बीच राष्ट्रीय चुनाव आयोग ने राज्य की वर्ष 2002 की वोटर लिस्ट प्रकाशित करना शुरू किया है, लेकिन इस प्रक्रिया में एक गंभीर समस्या सामने आई है – राज्य के दो जिलों की चार विधानसभा सीटों की वोटर लिस्ट ही गायब है। सूत्रों के अनुसार, दक्षिण 24 परगना जिले की कुलपी सीट और बीरभूम जिले की मुरारई, रामपुरहाट और राजनगर विधानसभा क्षेत्रों की 2002 की मतदाता सूची कहीं उपलब्ध नहीं है। बता दें कि बंगाल में आखिरी बार स्पेशल इंटेन्सिव रिवीजन (एसआईआर) वर्ष 2002 में हुआ था। अब 22 वर्षों के बाद फिर से इस प्रक्रिया को शुरू करने की संभावना है, और उससे पहले आयोग राज्य की पुरानी वोटर लिस्ट को सार्वजनिक कर रहा है। अभी तक 294 में से 103 विधानसभा क्षेत्रों की लिस्ट जारी की जा चुकी है। हालांकि, पुराने समय में कंप्यूटर पर डेटा स्टोर करने की सुविधा नहीं थी, जिससे अब ये दस्तावेज ढूंढ पाना मुश्किल हो रहा है। आयोग ने जिलाधिकारियों को निर्देश दिया है कि वे गायब हुई वोटर लिस्टों को जल्द से जल्द खोजें। अगर ये दस्तावेज नहीं मिलते हैं, तो आयोग को 2003 की ड्राफ्ट वोटर लिस्ट के आधार पर आगे की प्रक्रिया करनी पड़ सकती है। राजनीतिक हलकों में इसे लेकर चर्चाएं तेज़ हो गई हैं, और आयोग की ओर से यह स्पष्ट किया गया है कि वोटर सूची की पारदर्शिता और विश्वसनीयता बनाए रखने के लिए हर जरूरी कदम उठाया जाएगा।

## सुप्रीम कोर्ट ने राज्य का आवेदन किया खारिज, जरूरत पड़ने पर रोज सुनवाई होगी

**कोलकाता, समाज्ञा :** पश्चिम बंगाल के महंगाई भत्ते (डीए) मामले में सुप्रीम कोर्ट ने राज्य सरकार का आगामी सोमवार को सुनवाई कराने का आवेदन खारिज कर दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट किया है कि जरूरत पड़ने पर रोजाना सुनवाई की जाएगी। यह मामला केंद्र द्वारा महंगे भत्ते की मांग को लेकर सुप्रीम कोर्ट में लंबित है। सोमवार को इस मामले की सुनवाई न्यायाधीश संजय करोल और न्यायाधीश प्रशांतकुमार मिश्रा की बेंच के समक्ष होनी थी। राज्य सरकार ने सुनवाई के लिए सोमवार को आवेदन किया था, जिसे न्यायाधीश संजय करोल ने खारिज कर दिया। न्यायालय ने कहा कि पहले ही कहा जा चुका है कि जल्दी सुनवाई होगी और आगामी मंगलवार को विस्तार से इस मामले की सुनवाई की जाएगी।



राज्य के वकील अभिषेक मनुसिंघवी ने कहा कि रकम बड़ी होने के कारण राज्य को समय चाहिए। उन्होंने बताया कि सरकार ने एक कमेटी भी गठित की है। अदालत में यह भी बताया गया कि हाईकोर्ट या ट्रिब्यूनल ने अब तक रकम की जानकारी नहीं दी है। न्यायाधीश संजय करोल ने कहा कि मामला सरल है और उन्हें राज्य के पक्ष की सुनवाई के लिए अतिरिक्त समय देने की आवश्यकता नहीं है। राज्य के वकील राकेश द्विवेदी ने फिर से आगामी सोमवार को सुनवाई की मांग की, लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने फिर कहा कि जरूरत पड़ने पर रोजाना सुनवाई की जाएगी।

सुप्रीम कोर्ट ने 16 मई को एक अंतरिम आदेश में पश्चिम बंगाल के सरकारी कर्मचारियों को छह सप्ताह के अंदर बकाया डीए का 25 प्रतिशत भुगतान करने को कहा था। वह समय सीमा 27 जून को समाप्त हो चुकी है। हालांकि, राज्य सरकार ने अदालत को बताया था कि अभी वह रकम देने में सक्षम नहीं है और छह महीने का अतिरिक्त समय भी मांगा था। इस दिन अदालत ने यह भी कहा कि मामले की सुनवाई मंगलवार को की जाएगी।

### केंद्रीय मंत्री का शाह से आग्रह, एसआइआर से मतुआ समुदाय का कोई भी नाम मतदाता सूची से न छूटे

**❑ सीएए व एसआइआर से जुड़े मुद्दों पर बात की**

**कोलकाता :** बंगाल में मतदाता सूची के विशेष गहन



पुनरीक्षण (एसआइआर) शुरू होने से पहले अखिल भारतीय मतुआ महासंघ के अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री शांतनु ठाकुर ने सोमवार को नई दिल्ली में एक प्रतिनिधिमंडल के साथ केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की। सूत्रों के अनुसार शांतनु ने शाह से सीएए, एसआइआर और देश भर में चल रही बांग्लादेशियों के खिलाफ कार्रवाई से जुड़े मुद्दों पर बात की। सूत्रों का दावा है कि शांतनु ने शाह से यह सुनिश्चित करने का अनुरोध किया है कि एसआइआर प्रक्रिया के परिणामस्वरूप मतुआ समुदाय का कोई भी नाम मतदाता सूची से न छूटे। चूंकि देश में रहने वाला लगभग पूरा मतुआ समुदाय दशकों पहले बांग्लादेश (पूर्व में पूर्वी पाकिस्तान) से भारत आया था। उनमें से कई अभी भी नागरिकता दस्तावेजों के साथ कुछ समस्याओं का सामना करते हैं। हालांकि सीएए के माध्यम से उन्हें नागरिकता देने की पुख्ता व्यवस्था की गई है, लेकिन कई ने अभी तक नए कानून के तहत नागरिकता के लिए आवेदन नहीं किया है।

## सीबीआइ जांच के खिलाफ शाहजहां शेख की याचिका स्वीकारयोग्य नहीं : हाई कोर्ट

**कोलकाता :** कलकत्ता हाई कोर्ट ने कहा है कि संदेशखाली निवासी पूर्व तृणमूल नेता शाहजहां शेख की सीबीआइ जांच के खिलाफ दायर याचिका स्वीकार नहीं की जा सकती। सोमवार को न्यायमूर्ति देबांग्शु बसाक और न्यायमूर्ति प्रसेनजीत बिश्वास की खंडपीठ ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के हालिया फैसले के अनुसार, आरोपित की यह याचिका स्वीकार करने योग्य नहीं है। इसलिए एकल पीठ के आदेश में हस्तक्षेप नहीं किया जा रहा है। न्यायमूर्ति जय सेनगुप्ता ने संदेशखली में हुई दो हत्याओं की सीबीआइ जांच का आदेश दिया था। शाहजहां उस आदेश को चुनौती देने के लिए खंडपीठ गए थे। अदालत ने सोमवार को उनकी याचिका को यह कहते हुए खारिज कर दिया कि यह स्वीकारयोग्य ही नहीं है। सूत्रों के अनुसार, 2019 के लोकसभा चुनाव के नतीजों की घोषणा के बाद से ही संदेशखाली के भंगीपाड़ा में राजनीतिक अशांति चल रही थी। उसी साल आठ जून को वहां एक ही परिवार के दो भाजपा कार्यकर्ताओं पर हत्या हो गई थी और उसी परिवार का एक सदस्य अब भी लापता है। मृतकों के स्वजनों की ओर से नैजोट थाने में एक लिखित शिकायत दर्ज कराई गई थी। इसमें संदेशखाली निवासी तत्कालीन बाहुबली तृणमूल नेता शाहजहां का नाम सामने आया था। लेकिन जब सीआइडी ने मामला अपने हाथ में लिया और अदालत में आरोपपत्र पेश किया गया, तो पता चला कि शाहजहां का नाम उसमें शामिल नहीं था। घटना के पांच साल बाद, मृतक की पत्नी ने सीआइडी के आरोपपत्र को चुनौती देते हुए हाई कोर्ट में मामला दायर किया। अदालत ने उस मामले में सीबीआइ जांच का आदेश दिया। शाहजहां ने उस आदेश को चुनौती देते हुए हाई कोर्ट की खंडपीठ में मामला दायर किया। पिछले सोमवार को इस मामले की सुनवाई हुई। हालांकि, न्यायमूर्ति देबांग्शु बसाक की खंडपीठ ने फैसले पर रोक लगा दी। सोमवार को फैसला सुनाया गया।

**Name Change**

I, Advocate Anil Kr. Singh hereby declare that my client Saroj Kumar Ray residing at Rahi Apartment, Block-B, 444 T. N. Mukherjee Road, Uttarpara, Kotrung (M), Makhla, Hooghly, West Bengal 712245 changed his name from Saroj Ray to Saroj Kumar Ray by an affidavit before a First class Judical Magistrate at Calcutta Dated 12.06.2025 and Saroj Kumar Ray and Saroj Ray both are Same and Identical Person and if anyone has any objections to this then kindly contact on 629011364.

**Name Change**

I, Neeru Rastogi, wife of Vijay Kumar Rastogi, residing at 299, Netaji Subhash Road, 2nd Floor, Howrah-711101, do hereby solemnly affirm and declare that Neeru Rastogi and Niru Rastogi both indicating and refering myself as same and one identical person via affidavit before the Ld Judicial Magistrate 1st Class at Kolkata dated 4th August 2025

**पूर्व रेलवे**

**निविदा का निरसन**

वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (ईएमयू), पूर्व रेलवे, चौथी मंजिल, रेल यात्री निवास, हावड़ा स्टेशन के निकट, हावड़ा-711101 द्वारा पूर्व प्रकाशित निविदा सं. ईएलएस-एचडब्ल्यूएच-10-538-ईएमयू-आरटी-3, दिनांक 31.07.2025, जिसकी बंद होने की तारीख 14.08.2025 को दोपहर 12.00 बजे है, एतद्द्वारा प्रशासनिक कारणवश निरस्त कर दी गई है। (HWH-228/2025-26)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

निविदा सूचना सं.: एसजी.टेंडर/डीएसटीई/एसडीएएच/561, दिनांक 01.08.2025; सीनि. डीएसटीई, पूर्व रेलवे, सियालदह, दूसरी मंजिल, कंट्रोल बिल्डिंग, डीआरएम बिल्डिंग, कैजर स्ट्रीट, सियालदह, कोलकाता-700014 द्वारा निम्नलिखित कार्य के निष्पादन के लिए ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं: ई-निविदा सं.: डीएसटीई/सिग/टी/13/25-26/आरआरएसके; कार्य का नाम साथ में उसका स्थान: सियालदह मंडल के तहत यूएफएसबीआई प्रणाली की विश्वनीयता में सुधार। निविदा मूल्य: रु. 93,51,187.83; जमा की जाने वाली बयाना राशि/बोली सुरक्षा: रु. 1,87,000; निविदा दस्तावेज की कीमत: शून्य। कार्य समापन अवधि: 06 महीने। निविदा जमा शुरू होने की तारीख: 18.08.2025; निविदा जमा करने की अंतिम तारीख: 01.09.2025 को अपराह्न 2.00 बजे तक। निविदा बोली खुलने की तारीख: 01.09.2025 को अपराह्न 2.30 बजे। विस्तृत विवरण: www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। पात्रता के तकनीकी मानदंड: निविदादाताओं द्वारा पिछले 07 (सात) वर्षों के दौरान, निविदा आमंत्रित किए जाने वाले माह से पहले महीने के अंतिम दिन तक, नीचे उल्लेखित श्रेणियों में से किसी भी एक कार्य को सफलतापूर्वक पूरा अथवा काफी हद तक सम्पन्न किया होना चाहिए: (i) समतुल्य प्रकृति के तीन कार्य, प्रत्येक की लागत निविदा के विज्ञापित मूल्य के 30% की बराबर रकम से कम नहीं होनी चाहिए अथवा (ii) समतुल्य प्रकृति के दो कार्य, प्रत्येक की लागत निविदा के विज्ञापित मूल्य के 40% की बराबर रकम से कम नहीं होनी चाहिए अथवा (iii) समतुल्य प्रकृति का एक कार्य, जिसकी लागत निविदा के विज्ञापित मूल्य के 60% की बराबर रकम से कम नहीं होनी चाहिए। पात्रता के वित्तीय मानदंड: निविदादाता द्वारा वी/एन अथवा 'वी' जो कम हो का न्यूनतम औसत वार्षिक अनुबंधकीय कारोबार किया होना चाहिए, जहां वी=निविदा का विज्ञापित मूल्य करोड़ रुपये में, एन=कार्य पूरा करने के लिए निर्धारित वर्षों की संख्या, जिसके लिए बोली आमंत्रित की गई है। औसत वार्षिक अनुबंधकीय कारोबार की गणना लेखा परीक्षित तुलन पत्र के अनुसार पिछले तीन वित्त वर्षों में "कुल अनुबंधकीय भुगतान" के औसत के रूप में किया जाएगा। हालांकि, पिछले वर्ष के तुलन पत्र के तैयार होना/लेखा परीक्षण होना बाकी रहने की स्थिति में औसत वार्षिक अनुबंधकीय कारोबार की गणना के लिए पिछले चौथे वर्ष के लेखा परीक्षित तुलन पत्र पर विचार किया जाएगा। निविदादाताओं को जीसीसी 2022 के अनुलग्नक-VIबी (इस निविदा दस्तावेज का प्रपत्र-6) के अनुसार अपेक्षित जानकारी के साथ चार्टर्ड एकाउंटेंट द्वारा भलीभांति सत्यापित लेखा परीक्षित तुलनपत्र/लेखा परीक्षित तुलन पत्र के साथ भलीभांति समर्थित चार्टर्ड एकाउंटेंट से प्रमाणपत्र जमा करना होगा। जमा किए जाने वाले अन्य दस्तावेज: जैसा कि निविदा दस्तावेज में उल्लेखित है। समतुल्य प्रकृति का कार्य: इस निविदा कार्य के लिए डाटा लॉगर अथवा आरटीयू की आपूर्ति, स्थापना एवं चालू करना अथवा ईआई अथवा आरआरआई अथवा पीआई अथवा आईबीएस अथवा आईबीएच अथवा एलसी गेट इंटरलॉकिंग अथवा यार्ड मॉडिफिकेशन अथवा यूएफएसबीआई अथवा ट्रैक सर्किट (एएफटीसी अथवा डीसी टीसी) अथवा एक्सल काउंटर (एसएसडीएसी अथवा एमएसडीएसी अथवा एचएएसएसडीएसी) अथवा स्वचालित सिग्नलिंग सम्मिलित कोई भी सिग्नल इंटरलॉकिंग कार्य को समतुल्य प्रकृति का कार्य माना जाएगा। टिप्पणी: निविदादाता को निविदा प्रस्ताव के साथ निविदा दस्तावेज में यथा उल्लेखित पात्रता के मानदंडों को पूरा करने के अपने दावे के समर्थन में दस्तावेज जमा करने होंगे। निविदादाता द्वारा अनुशंसापत्रों के समर्थन में जमा किए गए दस्तावेज/प्रमाणपत्रों की प्रतिलिपियों के प्रत्येक पृष्ठ पर निविदादाता अथवा निविदाकारी प्रतिष्ठान के अधिकृत प्रतिनिधि द्वारा स्वयं सत्यापित/डिजिटली हस्ताक्षर होना चाहिए। स्वयं सत्यापन में हस्ताक्षर, मुहर तथा तारीख (प्रत्येक पृष्ठ पर) शामिल होना चाहिए। (SDAH-151/2025-26)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**दक्षिण पूर्व रेलवे – निविदा**

निविदा सूचना क्रमांक: ई-निविदा/2025/24, भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए, मंडल रेल प्रबंधक (अभियांत्रिकी), दक्षिण पूर्व रेलवे, खड़गपुर-721301 द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए मद के सामने उल्लिखित तिथि को 15.00 बजे से पूर्व ई-निविदा आमंत्रित की जाती है एवं 15.30 बजे खोली जाएगी। क्रम सं., निविदा सं. एवं कार्य का विवरण निम्नानुसार हैं: (1) ई-केजीपी-वेस्ट-29-2025, एडीईएन/झाड़ग्राम के अधीन एसएसई (पी.वे) के लिए लोगों और सामग्रियों के परिवहन हेतु 15 महीने के लिए 04 टन क्षमता वाले ट्रक और 90 दिनों के लिए 10 टन क्षमता वाले ट्रक को किराये पर लेना। निविदा मूल्य: रु. 12,69,767.10, बयाना राशि: रु. 25,400/-, (2) ई-केजीपी-वेस्ट-30-2025, एडीईएन/पश्चिम/खड़गपुर के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत नीमपुरा-गोकुलपुर शाखा में एलसी सं. केवाई-12 के इंटरलॉकिंग के संबंध में 01 अदद गेट गुमटी (4.2 मीटर x 3.1 मीटर, 3.2 मीटर x 3.1 मीटर और 2.5 मीटर x 3.1 मीटर माप के 3 कमरों से संलग्न) का निर्माण। निविदा मूल्य: रु. 18,42,325.08, बयाना राशि: रु. 36,900/-, (3) ई-केजीपी-वेस्ट-31-2025, एडीईएन/पश्चिम/खड़गपुर के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत खड़गपुर स्टेशन पर विभिन्न मौजूदा सेवा भवनों का नवीनीकरण एवं मरम्मत। निविदा मूल्य: रु.2,47,39,225.05, बयाना राशि: रु. 2,73,700/-, (4) ई-केजीपी-वेस्ट-32-2025, एडीईएन/पश्चिम/खड़गपुर के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत खड़गपुर स्टेशन की यात्री सुविधा वाले बुनियादी ढांचे का नवीनीकरण और मरम्मत। निविदा मूल्य: रु. 2,45,88,359.56, बयाना राशि: रु. 2,73,000/-, (5) ई-केजीपी-वेस्ट-33-2025, एडीईएन/पश्चिम/खड़गपुर के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत खड़गपुर गुड्स शेड के बुनियादी ढांचे का आधुनिकीकरण/उन्नयन। निविदा मूल्य: रु. 2,53,53,470.10, बयाना राशि: रु. 2,76,800/- निविदा कागजात का मूल्य: रु.0.00 (प्रत्येक हेतु)। खुलने की तिथि : 21.08.2025 (क्रम सं. 1 से 4 हेतु) और 25.08.2025 (क्रम सं. 5 हेतु)। कार्य की समापन अवधि: 15 माह (क्रम सं. 1 हेतु), 06 माह (क्रम सं.2 हेतु) और 18 माह (क्रम सं.3 से 5 प्रत्येक हेतु)। बोली प्रारंभ होने की तिथि: क्रम सं. 1 से 4 हेतु दिनांक 07.08.2025 से 21.08.2025 को 15.00 बजे तक और क्रम सं. 5 हेतु दिनांक 11.08.2025 से 25.08.2025 को 15.00 बजे तक। इच्छुक निविदाकार निविदा के संपूर्ण विवरण/वर्णन/विनिर्देश के लिए वेबसाइट www.ireps.gov.in देख सकते हैं एवं अपनी बोली ऑनलाइन जमा कर सकते हैं। किसी भी परिस्थिति में इन कार्यों के लिए मैनुअल निविदाएँ स्वीकार नहीं की जाएंगी। द्रष्टव्य: प्रत्याशित बोलीदाता सभी निविदाओं में भाग लेने के लिए www.ireps.gov.in नियमित रूप से देख सकते हैं। (PR-472)

**पूर्व रेलवे**

निविदा सूचना सं.: ईएलएस/एचडब्ल्यूएच/10/538/ईएमयू/आरटी-4, दिनांक: 31.07.2025; वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (ईएमयू), पूर्व रेलवे, चौथी मंजिल, रेल यात्री निवास, हावड़ा स्टेशन के निकट, हावड़ा-711101 द्वारा नीचे उल्लेखित कार्य के निष्पादन के लिए एकल पैकेट प्रणाली में ई-टेंडरिंग हेतु खुली निविदा आमंत्रित की जाती है: कार्य का नाम: श्रमिकों के आधार पर 02 वर्षों (730 दिनों) के लिए तारकेश्वर ईएमयू स्टैबलिंग यार्ड में ईएमयू रेक की सफाई। निविदा मूल्य: रु. 31,04,614.81; बयाना राशि (ईएमडी): रु. 62,100; निविदा दस्तावेज की कीमत: रु. 00.00। समापन अवधि: 730 दिन। बंद होने की तारीख: 21.08.2025 को दोपहर 12.00 बजे। निविदा दस्तावेज तथा अन्य विवरण वेबसाइट www.ireps.gov.in से प्राप्त किए जा सकते हैं। निविदा के लिए बोली उपरोक्त वेबसाइट पर ई-निविदा के जरिए जमा की जानी चाहिए। इस निविदा के लिए मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं है तथा अगर कोई मैनुअल प्रस्ताव प्राप्त होता है, तो उसे स्वीकार नहीं किया जाएगा तथा तत्काल रद्द कर दिया जाएगा। (HWH-226/2025-26)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**Notice Inviting e-Tender**

**Ref E-NIT NO.- 2025_ZPHD_887025_1.**

An e-Tender **(Notice-Memo no- 2121, Date: 04.08.2025)** containing one number schemes for construction work under Kalna-II Development Block, Purba Bardhman has been floated ammounting to **Rs. 22.46673 lakhs, Fund : TDD(BCW).**

**Bid Submission end on :- 25/08/2025 at 06.00 PM.**

Log on Gov. Website: www.wbtenders.gov.in

Please look for details in the undersigned office notice board.

Sd/-
Block Development Officer
Kalna-II Development Block
Singerkone, Purba Bardhaman

**Notice Inviting e-Tender**

**Ref E-NIT NO.- 2025_ZPHD_887064_1.**

An e-Tender **(Notice-Memo no- 2130, Date: 04.08.2025)** containing one number schemes for **100 numbers of Black Bengal Female Goat Supply** at BLDO, Kalna-II Block, Purba Bardhman has been floated ammounting to **Rs. 3.60 lakhs.**

**Bid Submission end on :- 13/08/2025 at 06.00 PM.**

Log on Gov. Website: www.wbtenders.gov.in

Please look for details in the undersigned office notice board.

Sd/-
Block Development Officer
Kalna-II Development Block
Singerkone, Purba Bardhaman

**पूर्व रेलवे**

**ई-नीलामी सूचना**

सियालदह मंडल के तहत 04 सम्पत्तियों पर विज्ञापन प्रदर्शन संविदा की सुपुर्दगी

सं.: सीओएम-पीयूबी-ई-ऑक्शन-एसडीएएच दिनांक: 04.08.2025

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, सियालदह, दूसरी मंजिल, कमरा नं. 44, कंट्रोल बिल्डिंग, डीआरएम बिल्डिंग, कैजर स्ट्रीट, सियालदह, कोलकाता-700014 द्वारा सियालदह मंडल की 04 सम्पत्तियों के विज्ञापन प्रदर्शन संविदा की सुपुर्दगी के लिए www.ireps.gov.in पर ई-नीलामी सूचीपत्र सं. एडीवीटी-एसडीएच-08-25 प्रकाशित किया गया है। नीलामी सूचीपत्र का विवरण नीचे उल्लेखित है: ई-नीलामी सूचीपत्र सं.: एडीवीटी-एडीएएच-08-25; नीलामी शुरू: दिनांक 08.08.2025 को दोपहर 12.00 बजे। अनुक्रम सं.; लॉट सं/श्रेणी; विवरण; संविदा की अवधि क्रमशः निम्नलिखित है: एए/1; एडीवीटी-आईएनटीईएक्सटी-एस1-12सी042501-25-1 (विज्ञापन - ट्रेन के भीतर एवं बाहर); सियालदह मंडल के तहत चलने वाली 12 कोचों की 01 (एक) ईएमयू रेक की कोचों की बाहरी सतह की सम्पूर्ण बॉडी पर तथा उसके भीतर निर्दिष्ट स्थानों पर विनायल स्टीकरों (आरडीएसओ विनिर्देश के अनुसार ग्राफिक फिल्मों) के प्रयोग द्वारा विज्ञापन का प्रदर्शन (आर-5); 03 वर्ष। एए/2; एडीवीटी-आईएनटीईएक्सटी-एस1-12सी042502-25-1 (विज्ञापन - ट्रेन के भीतर एवं बाहर); सियालदह मंडल के तहत चलने वाली 12 कोचों की 01 (एक) ईएमयू रेक की कोचों की बाहरी सतह की सम्पूर्ण बॉडी पर तथा उसके भीतर निर्दिष्ट स्थानों पर विनायल स्टीकरों (आरडीएसओ विनिर्देश के अनुसार ग्राफिक फिल्मों) के प्रयोग द्वारा विज्ञापन का प्रदर्शन (आर-7); 03 वर्ष। एए/3; एडीवीटी-आईएनटीईएक्सटी-एस1-12सी042503-25-1 (विज्ञापन - ट्रेन के भीतर एवं बाहर); सियालदह मंडल के तहत चलने वाली 12 कोचों की 01 (एक) ईएमयू रेक की कोचों की बाहरी सतह की सम्पूर्ण बॉडी पर तथा उसके भीतर निर्दिष्ट स्थानों पर विनायल स्टीकरों (आरडीएसओ विनिर्देश के अनुसार ग्राफिक फिल्मों) के प्रयोग द्वारा विज्ञापन का प्रदर्शन (आर-10); 03 वर्ष। एए/4; एडीवीटी-आईएनटीईएक्सटी-एस1-12सी042506-25-1 (विज्ञापन - ट्रेन के भीतर एवं बाहर); सियालदह मंडल के तहत चलने वाली 12 कोचों की 01 (एक) ईएमयू रेक की कोचों की बाहरी सतह की सम्पूर्ण बॉडी पर तथा उसके भीतर निर्दिष्ट स्थानों पर विनायल स्टीकरों (आरडीएसओ विनिर्देश के अनुसार ग्राफिक फिल्मों) के प्रयोग द्वारा विज्ञापन का प्रदर्शन (आर-6); 03 वर्ष। विस्तृत नियम एवं शर्तों के लिए प्रत्याशित बोलीदाताओं से www.ireps.gov.in का ई-नीलामी प्रारूप देखने का अनुरोध किया जाता है।

(SDAH-152/2025-26) वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, सियालदह

निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# देश के लिए शिक्षकों को बीएलओ के रूप में काम करना होगा : हाई कोर्ट

**कुछ प्राथमिक शिक्षक बीएलओ के कार्य से मुक्त करने का दावा करते हुए हाई कोर्ट में दायर की थी याचिका, खारिज**

**कोलकाता :** बंगाल के प्राथमिक शिक्षकों को बूथ लेवल आफिसर (बीएलओ) के रूप में काम करना होगा। इस बार, कलकत्ता हाई कोर्ट ने यह स्पष्ट कर दिया। हाई कोर्ट ने आदेश दिया है कि देशहित में प्राथमिक शिक्षकों को यह काम करना होगा। ऐसे में चुनाव आयोग के आदेश में हस्तक्षेप नहीं किया जाएगा।

न्यायमूर्ति अमृता सिन्हा ने सोमवार को एक याचिका पर सुनवाई के दौरान कहा कि आयोग ने अभी तक यह स्पष्ट नहीं किया है कि बीएलओ को क्या काम करना होगा। उन्हें कितने समय तक काम करना होगा, इस बारे में भी कुछ नहीं कहा गया है। फिर मामला दायर करने



वाले प्राथमिक शिक्षक यह क्यों मान रहे हैं कि उनसे पूर्णकालिक काम करवाया जाएगा? आयोग समय आने पर यह स्पष्ट करेगा कि उन्हें क्या काम करना होगा। लेकिन देशहित में, प्राथमिक शिक्षकों को यह काम करना होगा। न्यायाधीश ने आगे कहा कि कार्यस्थल पर अपना काम पूरा करने के बाद, उन्हें अतिरिक्त समय में मतदान का काम भी करना होगा।

प्राथमिक शिक्षकों के एक वर्ग ने हाल ही में हाई कोर्ट में बीएलओ के रूप में काम करने पर आपत्ति जताते हुए एक मामला दायर किया था। उन्होंने मांग की कि आयोग उन्हें बूथ लेवल आफिसर या बीएलओ के रूप में नियुक्त कर रहा है। उन्हें इस काम से मुक्त किया जाना चाहिए। क्योंकि, प्राथमिक शिक्षक होने के नाते उन्हें सप्ताह में सोमवार से शनिवार तक स्कूलों में छात्रों को पढ़ाना होता है। इसके साथ ही कई सहायक कार्य भी होते हैं। क्या बीएलओ के रूप में अतिरिक्त काम करना संभव है? आयोग का तर्क है कि यदि आवश्यक हो, तो वे अपना काम पूरा करने के बाद अतिरिक्त समय में बीएलओ के रूप में काम कर सकते हैं। लेकिन एक बीएलओ का काम भी कम नहीं है। सोमवार से शनिवार तक स्कूलों में पढ़ाने के बाद, प्राथमिक शिक्षकों को केवल रविवार को छुट्टी मिलती है। क्या उस एक छुट्टी में एक बीएलओ का सारा काम करना संभव है? राज्य के प्राथमिक शिक्षकों ने विभिन्न कारणों का हवाला देते हुए कलकत्ता हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया। अदालत ने सोमवार को उस याचिका को खारिज कर दिया। अदालत ने तर्क दिया कि मतदान कार्य करना प्राथमिक शिक्षकों सहित किसी भी सरकारी विभाग के कर्मचारी की सेवा की शर्तों के अंतर्गत आता है। इसके अलावा, एक बीएलओ के रूप में क्या काम करना है, यह अभी तक नहीं कहा गया है। इसलिए, प्राथमिक शिक्षकों को अतिरिक्त समय में मतदान कार्य करने पर कोई आपत्ति नहीं होनी चाहिए। गौरतलब है कि पिछले दिनों केरल हाई कोर्ट के एक मामले में सुप्रीम कोर्ट ने भी यही फैसला सुनाया था। सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि बीएलओ का काम उनके संबंधित कार्यस्थलों पर बाधित नहीं होना चाहिए। वे अपना काम खुद पूरा करें और अतिरिक्त समय में मतदान पर काम करें। उस फैसले के बाद, कलकत्ता हाईकोर्ट ने राज्य के प्राथमिक शिक्षकों को काम करने का आदेश दिया है।

# टीएमसीपी स्थापना दिवस पर कोलकाता विश्वविद्यालय की परीक्षा, सिन्डिकेट ने लिया अंतिम फैसला

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता विश्वविद्यालय ने तृणमूल छात्र परिषद (टीएमसीपी) के स्थापना दिवस 28 अगस्त को अपनी परीक्षाएं आयोजित करने का अंतिम निर्णय लिया है। यह फैसला सोमवार को आपातकालीन सिन्डिकेट बैठक में लिया गया। इससे पहले, राज्यपाल द्वारा नियुक्त कार्यवाहक कुलपति शांत दत्त दे को उच्च शिक्षा विभाग की ओर से परीक्षा की तारीख बदलने का सुझाव दिया गया था, जिसके बाद यह बैठक बुलाई गई थी। टीएमसीपी के स्थापना दिवस पर परीक्षा निर्धारित करने के फैसले को लेकर विश्वविद्यालय और तृणमूल छात्र संगठन के बीच पहले ही विवाद छिड़ चुका है। टीएमसीपी के राज्य अध्यक्ष तृणांकुर भट्टाचार्य ने कुलपति के राजनीतिक उद्देश्य पर सवाल उठाए थे, वहीं कुलपति शांत दत्त डे ने कहा था कि सरकार और पार्टी मिलकर काम कर रही हैं।

28 अगस्त को विश्वविद्यालय में बीए, बीकॉम और एलएलबी के चौथे सेमेस्टर की परीक्षा आयोजित होगी, जिसमें लगभग 15 विषयों के तहत 30 से 40 हजार छात्र-छात्राएं शामिल होंगे। इसी दिन तृणमूल कांग्रेस का स्थापना दिवस भी है, जिसके मौके पर एक सभा का आयोजन किया गया है। उच्च शिक्षा विभाग ने विश्वविद्यालय को पत्र भेजकर बताया था कि परीक्षा की तारीख से कुछ छात्रों ने असुविधा जताई और पुनर्निर्धारण की मांग की थी।

कुलपति शांत दत्त दे ने कहा, हमारे पास एक कैलेंडर होता है जिसमें विशेष दिन चिन्हित होते हैं। हम उन्हीं तारीखों को छोड़कर परीक्षा तय करते हैं। अगर किसी राजनीतिक दल के स्थापना दिवस के कारण परीक्षा स्थगित की गई, तो अन्य भी इसी आधार पर आवेदन करेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि 28 अगस्त को परीक्षा सुचारू रूप से कराने के लिए सरकार से अनुरोध किया गया है कि उस दिन यातायात को सामान्य रखा जाए। वहीं, टीएमसीपी के राज्य अध्यक्ष तृणांकुर भट्टाचार्य ने मीडिया में आरोप लगाया कि यह फैसला दिल्ली के निर्देशानुसार चलाए जा रहे एक राजनीतिक षड्यंत्र का हिस्सा है।

## निजी कार की टक्कर से महिला घायल

**कोलकाता :** मानिकतला मेन रोड पर सोमवार दोपहर करीब 12:10 बजे एक सड़क दुर्घटना में 35 वर्षीय महिला पूजा सिंहा गंभीर रूप से घायल हो गईं। घटना मानिकतला ब्रिज के पास की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, पूजा सिंहा, जो मुरारी पुकुर रोड की निवासी हैं, सड़क पार कर रही थीं तभी एक निजी कार ने उन्हें टक्कर मार दी। घटना के तुरंत बाद पूजा सिंहा को आर. जी. कर मेडिकल कॉलेज व अस्पताल ले जाया गया, जहाँ उनका इलाज जारी है। उनकी चोटें बहुविध (मल्टीपल) बताई जा रही हैं। पुलिस ने दुर्घटना में शामिल कार और उसके चालक को स्थानीय थाना नर्कलडांगा में हिरासत में लिया है। मामले की जांच जारी है।

## कोलकाता में किशोरी के पेट में फटा 2 किलो का ट्यूमर, जटिल सर्जरी से बची जान

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता के एसएसकेएम अस्पताल में 17 वर्षीय एक किशोरी की जान एक अत्यंत जटिल सर्जरी के माध्यम से बचाई गई। पेट के अंदर स्थित विशाल ट्यूमर के अचानक फटने के बाद डॉक्टरों ने तत्परता दिखाते हुए किशोरी का जीवनरक्षक ऑपरेशन किया। यह सर्जरी ह्विपल प्रोसीजर के तहत की गई, जिसे पेट और अग्न्याशय की सबसे कठिन सर्जरी माना जाता है। किशोरी सॉलिड स्यूडोपैपिलरी न्यूप्लाज्म ऑफ पैंक्रियास नामक एक दुर्लभ बीमारी से पीड़ित थी। यह ट्यूमर अग्न्याशय के सिर पर धीरे-धीरे विकसित हो रहा था, जिसकी शुरुआत में कोई स्पष्ट लक्षण नहीं दिखे। वर्ष 2025 की शुरुआत में किशोरी को तीव्र पेट दर्द और उल्टी की शिकायत हुई, जिसके बाद अल्ट्रासोनोग्राफी में पेट में एक बड़ा ट्यूमर पाया गया। जिसके बाद उसकी हालत धीरे-धीरे बिगड़ते चली गयी। परिजन उसे एसएसकेएम के सर्जिकल गैस्ट्रोएंट्रोलॉजी विभाग प्रमुख डॉ. सुकांत राय के पास ले गए। जांच में किशोरी को गंभीर एनीमिया और मल मार्ग से रक्तस्राव की पुष्टि हुई। तत्काल 6 यूनिट रक्त चढ़ाने के बाद डॉक्टरों ने 8 घंटे लंबी जटिल सर्जरी की। इस ऑपरेशन में पैंक्रियास का सिर, जेजुनम और बाइल डक्ट के कुछ हिस्से के साथ-साथ कोलन के प्रभावित हिस्से को भी हटाना पड़ा। डॉक्टरों के अनुसार, ट्यूमर का आकार 1812 सेंटीमीटर और वजन करीब 2 किलोग्राम था। ट्यूमर को बायोप्सी के लिए भेजा गया है ताकि यह पता चल सके कि उसमें कैंसर कोशिकाएं मौजूद थीं या नहीं। फिलहाल, मरीज की हालत स्थिर है।

## श्री जैन विद्यालय कोलकाता में नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन

**कोलकाता, समाज्ञा :** श्री जैन विद्यालय, कोलकाता में सोमवार को छात्रों के स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से एक विशेष नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर महावीर सेवा सदन संस्था के सहयोग से आयोजित किया गया है, जो सोमवार 4 अगस्त से शुक्रवार 8 अगस्त तक प्रतिदिन संचालित होगा। इस शिविर के अंतर्गत लगभग दो हजार विद्यार्थियों तथा शैक्षिक और गैर-शैक्षिक कर्मचारियों की नेत्र जांच की जाएगी और जरूरतमंदों को निः शुल्क चश्मे प्रदान किए जाएंगे।



कार्यक्रम में कोलकाता के प्रतिष्ठित समाजसेवी एवं संस्था के प्रमुख सदस्य जे.एस. मेहता, मनोज मनोत और हावड़ा श्री जैन विद्यालय के सचिव ललित कांकरिया की गरिमामयी उपस्थिति ने आयोजन को प्रेरणादायी स्वरूप प्रदान किया। उन्होंने नेत्र स्वास्थ्य के महत्व को रेखांकित करते हुए छात्रों को नियमित परीक्षण की सलाह दी। संस्था के सक्रिय पदाधिकारी श्री अमित जैन ने शिविर की व्यवस्था में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई।

विद्यालय के सचिव मनोज बोथरा और अध्यक्ष विनोद कांकरिया ने महावीर सेवा सदन का आभार प्रकट करते हुए कहा कि भविष्य में भी इस प्रकार के स्वास्थ्य शिविर नियमित रूप से आयोजित किए जाएंगे। विद्यालय के प्रधानाचार्य संजय कुमार पाण्डेय ने शिविर के दौरान सक्रिय रहकर एक-एक छात्र की जांच सुनिश्चित की। यह शिविर न केवल विद्यार्थियों के लिए लाभकारी सिद्ध हुआ, बल्कि समाज में स्वास्थ्य व सेवा के प्रति सजगता का सशक्त संदेश भी प्रसारित करता है।

## सियालदह मंडल में 'स्वच्छता अभियान' का तीसरा दिन मनाया गया

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे के सियालदह मंडल में चल रहे 'स्वच्छता अभियान' का तीसरा दिन 3 अगस्त को बड़ी सफलता के साथ संपन्न हुआ। इस दौरान सियालदह स्टेशन पर 'प्रभात फेरियां' आयोजित की गईं, जिनके माध्यम से स्वच्छ रेल, स्वच्छ भारत का संदेश यात्रियों और आम जनता तक पहुंचाया गया। रेलवे कर्मचारियों की सक्रिय भागीदारी ने इस अभियान को सार्थक बनाया और यात्रियों तथा स्थानीय समुदाय को रेलवे परिसर में स्वच्छता बनाए रखने के लिए प्रेरित किया। प्रभात फेरीज के साथ-साथ सियालदह मंडल के प्रमुख स्टेशनों कोलकाता, नैहाटी, बहरमपुर कोर्ट और कल्याणी में भी जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनमें स्वच्छता और स्वास्थ संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियां लोगों तक




पहुंचाई गईं। पूर्व रेलवे प्रशासन ने कहा है कि स्वच्छ और यात्री अनुकूल परिवेश उपलब्ध कराना उनकी प्राथमिकता है और यह अभियान राष्ट्रीय स्वच्छता मिशन के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इस तरह के आयोजन नियमित रूप से कर जनता में स्वच्छता के महत्व को बढ़ावा देना पूर्व रेलवे की प्राथमिकता है।

## अग्रसेन धाम में महाशिव रुद्राभिषेक सम्पन्न

**कोलकाता :** बगनान स्थित महाराजा अग्रसेन धाम के प्रांगण में श्रद्धा और भक्ति से ओतप्रोत महारुद्राभिषेक का भव्य आयोजन संपन्न हुआ। इस अवसर पर धाम के 21 ट्रस्टीगण यजमान के रूप में उपस्थित रहे और विधि-विधान से भगवान शिव का अभिषेक किया।

पं. अशोक जी शास्त्री के सान्निध्य में 21 विद्वान पंडितों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार और शिव स्तुति के साथ पूजन सम्पन्न हुआ। मंत्रों की पवित्र ध्वनि, घंटे-घड़ियाल की गूंज और वातावरण में गूंजते ॐ नमः शिवाय के जयकारों ने पूरे परिसर को आध्यात्मिक ऊर्जा से भर दिया। धाम के अन्य ट्रस्टीगण एवं परिजनों ने भी अपनी उपस्थिति से कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई और महादेव से आशीर्वाद प्राप्त किया। भक्तों ने पूरे श्रद्धा भाव से रुद्राभिषेक में भाग लिया और रुद्र स्वरूप भोलेनाथ का स्मरण



किया। यह आयोजन न केवल भक्ति और आस्था का अद्वितीय संगम रहा, बल्कि उपस्थित जनों के लिए आध्यात्मिक शांति और आनंद का अविस्मरणीय अनुभव भी रहा।

उपस्थित यजमान जोड़ों के नाम हैं- सुमन-ओम जालान, सरिता-निर्मल सराफ, स्वाति-दीपक अग्रवाल, प्रेम-कैलाश कयाल, ममता-अनिल केडिया, सुधा-रमेश सोंथलिया, बीणा-जुगल जाजोदिया, सुलेखा-मनोज बगड़िया, सुमन-निर्मल गोयल, नीलम-सुशील मित्तल, चित्रा-राजीव कानोड़िया, कुसुम-अनिल गाड़ोदिया, बीना-अशोक चूड़ीवाला, पूनम-प्रदीप खेतान, शैलजा-अमित केडिया, संजु-विजय डोकानिया, सुमन-अनिल सरायवाला, सरोज-महावीर सांवरिया, अंजू-गोपाल सिंघानिया, निशा-हरि सराफ एवं गोपाल केडिया।

## आईकू ने अमेजन ग्रेट फ्रीडम फेस्टिवल सेल 2025 के लिए पेश किए स्पेशल ऑफर्स

**नई दिल्ली/कोलकाता :** हाई-परफॉर्मेंस स्मार्टफोन ब्रांड आईकू ने अमेज़न ग्रेट फ्रीडम फेस्टिवल सेल 2025 के दौरान अपने पॉपुलर स्मार्टफोनों पर आकर्षक ऑफ़र्स की घोषणा की है। इनमें आईकू ज़ेड10 लाइट, आईकू ज़ेड10एक्स, आईकू ज़ेड10, आईकू नियो 10आर, आईकू नियो 10 और आईकू 13 जैसे मॉडल शामिल हैं। यह सेल कल दोपहर 12 बजे से अमेज़न.इन पर लाइव हो गई है, जबकि प्राइम मेंबर्स को आज आधी रात से ही मिल रहा हैं अर्ली एक्सेस। टेक्नोलॉजी लवर्स के लिए आईकू स्मार्टफोन हमेशा पावरफुल परफॉर्मेंस और नेक्स्ट-जेनरेशन अनुभव प्रदान करते रहे हैं। आईकू ज़ेड सीरीज़ का नया मॉडल आईकू ज़ेड10 लाइट 6000एमएएच सेगमेंट की सबसे बड़ी बैटरी के साथ आता है, जो पूरे दिन के एंटरटेनमेंट और प्रोडक्टिविटी के लिए डिज़ाइन किया गया है। यह मीडियाटेक डाइमेंसिटी 6300 5जी प्रोसेसर पर आधारित है और आईपी64 रेटिंग के साथ धूल व पानी से सुरक्षित है। इसका 50 मेगापिक्सल सोनी एआई मेन कैमरा और 2 मेगापिक्सल बोकेह लेंस मिलकर स्पष्ट और नेचुरल डेप्थ वाली तस्वीरें कैप्चर करते हैं। इसमें 6.74 इंच का एचडी+ एलसीडी डिस्प्ले है, जो 90 हट्र्ज़ रिफ्रेश रेट और 1000 निट्स ब्राइटनेस के साथ धूप में भी बेहतरीन विज़ुअल एक्सपीरियंस देता है।



तृणमूल कांग्रेस ने बीजेपी के विरोध में हावड़ा में विशाल मार्च निकाला। इस दौरान मंत्री अरूप राय, खेल राज्य मंत्री मनोज तिवारी और हावड़ा सदर अध्यक्ष गौतम चौधरी मौजूद रहे।

## कवि सुभाष मेट्रो बंद, यात्रियों की बढ़ी मुश्किलें, न्यू गड़िया से शटल बस सेवा शुरू

❑ **सरकारी बसों की शटल सेवा से मेट्रो यात्रियों को मिलेगा राहत**

**कोलकाता, समाज्ञा :** कवि सुभाष मेट्रो स्टेशन बंद होते ही यात्रियों को हो रही भारी परेशानी के मद्देनजर, न्यू गड़िया से शहीद खुदीराम मेट्रो स्टेशन तक पहुंचने के लिए सरकारी शटल बस सेवा शुरू कर दी गई है। परिवहन विभाग ने मेट्रो यात्रियों की असुविधा को देखते हुए यह सेवा सोमवार, 4 अगस्त से परीक्षण के तौर पर शुरू की है। कवि सुभाष मेट्रो बंद होने के बाद सियालदह दक्षिण शाखा के यात्रियों को सीधे ब्लू लाइन मेट्रो पकड़ने की सुविधा से वंचित होना पड़ा, जिससे 10 मिनट की आरामदायक यात्रा अब कई गुना लंबी और जटिल हो गई है। न्यू गड़िया स्टेशन से शहिद खुदीराम मेट्रो स्टेशन तक पहुंचने के लिए यात्रियों को अब ऑटो और बस के सहारे जाना पड़ता है, जहां ऑफिस समय में भीड़, ऑटो की लाइन और ट्रैफिक जाम जैसी समस्याएं उनके कष्ट को और बढ़ा रही हैं। इन कारणों से यात्रियों का सफर 40 से 45 मिनट तक लंबा हो गया है। इस समस्या को ध्यान में रखते हुए, सरकारी शटल बस सेवा शुरू की गई है जो कवि सुभाष मेट्रो स्टेशन से ईएम बाईपास के ढलाई ब्रिज तक चलेगी, जहां शहीद खुदीराम मेट्रो स्टेशन भी स्थित है। इस सेवा का संचालन दिन में दो शिफ्टों में होगा – सुबह 8 बजे से 11 बजे तक और शाम 5 बजे से रात 8 बजे तक। इस विशेष शटल बस सेवा में प्रति यात्री मात्र 10 रुपये किराया लिया जाएगा। प्रत्येक बस में 32 सीटें उपलब्ध हैं और परिवहन विभाग ने 10 मिनट के अंतराल पर बस चलाने का निर्णय लिया है ताकि यात्रियों को अधिक से अधिक सुविधा मिल सके।

## हावड़ा मंडल में स्वच्छता जागरूकता अभियान आयोजित, यात्रियों को दिलाई गई शपथ

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे के हावड़ा मंडल में आजादी के 78वें स्वतंत्रता दिवस की तैयारियों के अंतर्गत सोमवार को स्वच्छता जागरूकता अभियान आयोजित किया गया। यह अभियान डीआरएम संजीव कुमार के मार्गदर्शन में चलाया गया। हावड़ा मंडल के विभिन्न स्टेशनों-हावड़ा, मगरा, पाकुड़, वर्दवान, कमारकुंडु, आजिमगंज, खन्यन, रामपुरहाट, श्रीरामपुर, कटवा और बंडेल-पर यात्रियों को स्वच्छता की शपथ दिलाई गई। इस शपथ के माध्यम से यात्रियों को अपने आसपास के परिवेश को स्वच्छ बनाए रखने और रेल यात्रा के दौरान स्वच्छता का ध्यान रखने के लिए प्रेरित किया गया। अभियान के तहत यात्रियों के बीच सूचनात्मक पंपलेट भी वितरित किए गए, जिनमें साफ-सफाई, कचरे के उचित निपटान और रेलवे कर्मचारियों के साथ सहयोग करने की अपील की गई थी। इसके



अतिरिक्त, दिनभर इन स्टेशनों पर जन उद्घोषणा प्रणाली के माध्यम से स्वच्छता संदेशों का प्रसारण किया गया। पूर्व रेलवे हावड़ा मंडल के ये प्रयास स्वच्छ भारत अभियान की भावना को मजबूती प्रदान करते हैं और यह संदेश देते हैं कि स्वच्छता केवल सरकारी जिम्मेदारी नहीं, बल्कि हर नागरिक का कर्तव्य है।

## तृणमूल में कलह खुलकर सामनेः महुआ पर बरसे कल्याण बंद्योपाध्याय

# 'अंग्रेज़ी बोलने वाली सुंदर महिला की अगर पार्टी में कीमत है, तो रहे'

**नई दिल्ली/कोलकाता :** तृणमूल कांग्रेस के भीतर चल रहे आंतरिक मतभेद अब सार्वजनिक मंच पर भी खुलकर सामने आने लगे हैं। सोमवार को दिल्ली के राजेंद्र प्रसाद रोड स्थित तृणमूल कांग्रेस के नए पार्टी कार्यालय के बाहर और भीतर जो कुछ हुआ, उसने पार्टी में महुआ मोइत्रा और कल्याण बंद्योपाध्याय के बीच की तल्खी को एक बार फिर उजागर कर दिया। दोपहर में जब तृणमूल सुप्रीमो ममता बनर्जी के वर्चुअल बैठक के लिए सांसद एक-एक कर कार्यालय में प्रवेश कर रहे थे, उसी दौरान वहां मौजूद पत्रकारों से बातचीत कर रहे श्रीरामपुर के सांसद कल्याण बंद्योपाध्याय ने महुआ मोइत्रा को देख कर सार्वजनिक रूप से कह दिया – किसका चेहरा देख लिया, आज दिन ही खराब हो गया।

यह सिर्फ शुरुआत थी। बैठक में भी इस टकराव की छाया रही। सूत्रों के मुताबिक, ममता बनर्जी ने भले ही नाम न लिया हो, लेकिन उन्होंने स्पष्ट कर दिया कि सांसदों के बीच का यह विवाद अब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

दरअसल, 'ऑपरेशन सिंदूर' पर लोकसभा में तृणमूल की ओर से कल्याण बंद्योपाध्याय और सायनी घोष ने बात रखी। लेकिन खबर है कि इस मुद्दे पर खुद महुआ मोइत्रा बोलना चाहती थीं। यह तय करने की जिम्मेदारी कल्याण को दी गई थी, और महुआ को बोलने का मौका नहीं दिया गया – इसी को लेकर नाराजगी बढ़ी।

ममता बनर्जी ने इसी बैठक में संगठनात्मक समन्वय की जिम्मेदारी से कल्याण को हटाया, जिसके बाद उन्होंने चीफ व्हिप पद से इस्तीफा दे दिया। बैठक के बाद कल्याण ने पत्रकारों से कहा, कहा था दिन खराब जाएगा, और गया भी।

बिना नाम लिए उन्होंने फिर से महुआ पर हमला बोला और कहा, मैं एक मिडल क्लास परिवार से आया हूं, अपनी गरिमा को नहीं गिरा सकता। अगर कोई महिला सांसद मुझसे गाली-गलौज करे और बाकियों को इसमें खुशी मिलती हो, तो ठीक है। मैंने ये सब पार्टी और ममता दीदी को भी बता दिया है, लेकिन कोई असर नहीं हो रहा।

और फिर महुआ को निशाने पर लेते हुए उन्होंने तीखा बयान दिया: अगर अंग्रेज़ी बोलने वाली सुंदर महिला की पार्टी में कोई कीमत है, तो वह रहे। लेकिन किसी अच्छे साड़ी पहनने से कोई बड़ा नहीं हो जाता।

इस बीच खबर है कि तृणमूल के महासचिव अभिषेक बनर्जी ने कल्याण को फोन कर उन्हें शांत करने की कोशिश की और फिलहाल तीन दिन तक काम करने को कहा है। कल्याण ने यह भी दावा किया कि ऑपरेशन सिंदूर पर लोकसभा में किसे बोलना है, इस पर ममता बनर्जी से पहले ही चर्चा हुई थी और सायनी घोष का नाम तय था, न कि महुआ का।

## श्री शांति जगेश्वर कांवरिया सेवा शिविर का हुआ भव्य समापन

**बैद्यवाटी :** श्री शांति जगेश्वर कांवरिया सेवा शिविर का भव्य समापन समारोह बैद्यवाटी में आयोजित किया गया। 3 अगस्त को पिछले एक महीने से निरंतर चल रहे इस सेवा शिविर का समापन हुआ। यह शिविर शेउराफुली से तारकेश्वर तक पथगामी कांवरियों के लिए भोजन, जलपान, फल वितरण, विश्राम, शौचालय एवं चिकित्सा जैसी आवश्यक सेवाओं का आयोजन करता रहा। इस सेवा शिविर का संचालन प्रतिष्ठित समाजसेवी राजेंद्र प्रसाद जी (जान बाजार ट्रस्ट) के संरक्षण में किया गया। इस सेवा शिविर में लगभग 24 संस्थाओं ने हर शनिवार और रविवार सेवा में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया। प्रमुख संस्थाओं में सज्जन साहू ग्रुप, दुर्गापुर साहू समाज, साहू समाज कल्याणसेवा समिति (टॉलीगंज), शेउराफुली साहू समाज, शोभा बाजार साहू समाज, बहू बाजार साहू समाज, जान बाजार साहू समाज,



बेलियाहटा साहू समाज, साल्ट लेक साहू समाज, बेलघरिया कमरहट्टी साहू समाज, घोला साहू समाज, श्री बाबा भूतनाथ सेवा, मार्टपुकुर साहू समाज, सेंट्रल हावड़ा सामाजिक कल्याण उत्थान समिति, भारतीय जन कल्याण सेवा संघ, भारतीय हावड़ा साहू समाज, टॉप्सिया तिलजला साहू समाज, साहू विकास ट्रस्ट, गोडिया साहू समाज, बैरकपुर साहू समाज, वाजदौणी साहू समाज, युवा समाज और महिला समाज शामिल हैं। श्री शांति जगेश्वर कांवरिया सेवा शिविर के संस्थापक विजय साव, अजय साव, संजय साव, उदय साव एवं उनका पूरा परिवार (बासु इंटरनेशनल) हर वर्ष सावन मास में बाबा भोलेनाथ के भक्तों की कांवर पदयात्रा को सुगम बनाने के लिए समर्पित हैं और निरंतर प्रयासरत हैं।

## कोलकाता में श्री राजा महाकाल का चतुर्थ श्रावणोत्सव धूमधाम से संपन्न

**कोलकाता, समाज्ञा :** बिन्नानी सभागार में शनिवार को श्री राजा महाकाल का चतुर्थ श्रावणोत्सव भक्ति और श्रद्धा के माहौल में धूमधाम से संपन्न हुआ। इस विशेष अवसर पर उज्जैन के श्री राजा महाकाल का भव्य और अलौकिक दरबार सजाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रातः पंडित मनीष जोशी व अन्य विद्वान ब्राह्मणों के सान्निध्य में सामूहिक रुद्राभिषेक से हुई। मध्य में आयोजित भस्म आरती के दिव्य दर्शन ने सभी श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। उज्जैन के मंगलनाथ महादेव मंदिर के पुजारी दर्पण कहार विशेष रूप से कार्यक्रम में उपस्थित रहे। उज्जैन से ही पधारे लक्की गुरु व उनके सहयोगियों ने डमरु वादन की मधुर धुनों से श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। इस मौके पर पार्षद विजय उपाध्याय, मीरा हाजरा, श्रेया पांडेय, पप्पू तिवारी, सुशील कोठारी, उत्तम राणा, हरिप्रकाश गुप्ता, संदीप शर्मा, अरुण कुमार सुरेका सहित कई गणमान्य अतिथियों ने दरबार में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। कोलकाता पुलिस के एडीजी (आईपीएस) शशिकांत पुजारी भी अपनी धर्मपत्नी वर्षा पुजारी के साथ बाबा के दर्शन के लिए पहुंचे। वहीं, विधायक विवेक गुप्ता ने आयोजन की सफलता पर आयोजक मंडली को शुभकामनाएं प्रेषित कीं। संगीतकार राजा मल्लिक और साउंड ऑपरेटर विक्की के कुशल संयोजन में भजन प्रवाहक बिट्टू महाराज (इंदौर), राजू बावरा (आगरा), अनिल लाटा, मंटू सोनी, कुमार राज (कोलकाता) ने भजनों की भावपूर्ण प्रस्तुति से श्रद्धालुओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। वहीं, दिल्ली के चिराग डांस ग्रुप द्वारा प्रस्तुत नृत्य नाटिकाओं ने भी सभी का मन मोह लिया। आयोजक संस्था 'दीवाने महाकाल' की ओर से कार्यक्रम संयोजक विवेक शर्मा, अभिषेक सुरेका और सिद्धार्थ शर्मा ने सभी भक्तों का आत्मीय स्वागत किया। दीपक शर्मा, निक्की शर्मा, दीपक निगानियां, तिषा राणा और अन्य सदस्यों ने आयोजन की सफलता में सक्रिय भूमिका निभाई।

### न्यूज अपडेट

## ईस्टर्न रेलवे स्पोर्ट्स एकेडमी के होनहार गोताखोरों का शानदार प्रदर्शन

**कोलकाता, समाज्ञा :** ईस्टर्न रेलवे स्पोर्ट्स एकेडमी के प्रशिक्षित पांच होनहार गोताखोरों का चयन बंगाल डाइविंग टीम में किया गया है, जो 4 से 8 अगस्त तक बेंगलुरु में आयोजित होने वाली सब-जूनियर और जूनियर नेशनल एक्वाटिक चैंपियनशिप में भाग लेंगे। यह उपलब्धि एकेडमी की उत्कृष्ट कोचिंग प्रणाली, अनुशासन और तकनीकी मार्गदर्शन का प्रमाण है। चयनित खिलाड़ियों में अंडर 14 बालक वर्ग में रूद्रनील प्रधान, आभ्र सरदार, शुभम होरे, ईशा सरकार और नंदिनी ठाकुर शामिल हैं। जिन्होंने बालक और बालिका दोनों वर्गों में अपनी प्रतिभा से चयनकर्ताओं को प्रभावित किया। इन युवा खिलाड़ियों का राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिनिधित्व करना न केवल उनके उज्ज्वल भविष्य की ओर संकेत करता है, बल्कि ईस्टर्न रेलवे की खेल प्रतिभाओं को निखारने की प्रतिबद्धता को भी दर्शाता है। यह उपलब्धि संस्था की एक्वाटिक स्पोर्ट्स में लगातार बढ़ती प्रतिष्ठा को और मजबूती प्रदान करेगी।

## वीवो ने लॉन्च किया वाई400 5जी

**कोलकाता :** वैश्विक स्मार्टफोन ब्रांड वीवो अपने इनोवेशन और स्टाइल के अनोखे मेल के लिए मशहूर है और अब वीवो ने वाई400 5जी पेश किया है जो वाई सीरीज़ का नया मॉडल है, खासतौर पर जेन-जेड यूज़र्स के लिए डिजाइन किया गया है जो हमेशा ऑन-द-मूव रहते हैं और इसमें कटिंग-एज ड्यूरेबिलिटी, दमदार परफॉर्मेंस और ट्रेंडसेटिंग डिज़ाइन का शानदार संगम है, वह भी सिर्फ 0.79 सेमी के अल्ट्रा-स्लिम फ्रेम में। इसका सबसे बड़ा आकर्षण है 6000 एमएएच की शक्तिशाली बैटरी, जो 90डब्ल्यू फ्लैशचार्ज तकनीक के साथ आती है और पूरे दिन की पावर के साथ बेहद तेज़ चार्जिंग देती है। इसका 16.94 सेमी (6.67-इंच) एफएचडी+ एएमोलेड डॉच डिस्प्ले सिनेमाई क्वालिटी प्रदान करता है, जिसमें 120 हट्र्ज़ रिफ्रेश रेट और 1800 निट्स लोकल पीक ब्राइटनेस है, जिससे तेज़ धूप में भी स्क्रीन बेहद साफ़ और स्मूद नज़र आती है। इसके साथ दिया गया वीवो एआई एफिशियंसी सूट मल्टीटास्किंग को और भी स्मार्ट और आसान बना देता है।

## 360 वन एसेट ने बाज़ार की अनिश्चितता से निपटने के लिए 360 वन मल्टी एसेट एलोकेशन फंड लॉन्च किया

**कोलकाता :** 360 वन एसेट ने अपने नए फंड 360 वन मल्टी एसेट एलोकेशन फंड की शुरुआत की घोषणा की। यह ओपन-एंडेड स्कीम इक्विटी, डेट, कमोडिटीज़ और आरईआईटी व इनविट्स जैसे एसेट्स में विविध पोर्टफोलियो के जरिए निवेश करेगी। फंड का उद्देश्य है सक्रिय प्रबंधन के माध्यम से दीर्घकालिक संपत्ति निर्माण और आय सृजन करना। 360 वन एसेट के सीईओ राघव अय्यंगर ने कहा, 360 वन मल्टी एसेट एलोकेशन फंड हमारे निवेशकों की बदलती ज़रूरतों के अनुरूप नवीन समाधान उपलब्ध कराने की हमारी प्रतिबद्धता का प्रतीक है। विभिन्न एसेट क्लासेज़ में विविधीकरण करके हम जोखिम को कम करने और अपने ग्राहकों के लिए सतत मूल्य निर्माण का प्रयास कर रहे हैं। इस फंड के माध्यम से हम न केवल अपने निवेश उत्पादों की मजबूत श्रृंखला को और व्यापक बना रहे हैं बल्कि निवेशकों को जटिल बाज़ार परिस्थितियों में आत्मविश्वास से आगे बढ़ने का सामर्थ्य भी दे रहे हैं। यह भारत में निवेश परिदृश्य को नई दिशा देने की हमारी यात्रा का एक और कदम है।

# ममता ने बाढ़ के लिए डीवीसी को ठहराया जिम्मेदार

## जल प्रबंधन में भारी लापरवाही का आरोप

**कोलकाता :** मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने दामोदर घाटी निगम (डीवीसी) पर एक बार फिर तीखा हमला बोला है। उन्होंने आरोप लगाया है कि पिछले दो वर्षों में डीवीसी द्वारा बंगाल के निचले इलाकों में छोड़े गए जल की मात्रा में 30 गुना वृद्धि हुई है, जिससे राज्य के दक्षिणी जिलों में बाढ़ जैसे हालात पैदा हो गए हैं। मुख्यमंत्री ने इसे प्राकृतिक नहीं, बल्कि 'मानव निर्मित आपदा' करार दिया है।



ममता ने सोमवार को एक्स (पूर्ववर्ती ट्विटर) पर एक विस्तृत पोस्ट के जरिए केंद्र सरकार की इस संस्था पर जल प्रबंधन में घोर लापरवाही बरतने का आरोप लगाया। उन्होंने दावा किया कि 2025 में डीवीसी द्वारा जून-जुलाई के दौरान छोड़ा गया पानी 50 हजार 287 लाख घन मीटर था, जबकि 2024 में यह आंकड़ा चार हजार 535 लाख घन मीटर रहा। यह 2024 की तुलना में 11 गुना और 2023 की तुलना में 30 गुना अधिक है।

उन्होंने लिखा, इस तरह की अकल्पनीय और अचानक भारी मात्रा में जल छोड़े जाने से हमारे जिले तबाह हो गए हैं। फसलें बर्बाद हुई हैं, कई बांध टूट गए हैं, सड़कें क्षतिग्रस्त हुई हैं और हजारों लोगों को विस्थापित होना पड़ा है। इसके पीछे गहरी साजिश है।

मुख्यमंत्री ने इसे 'बंगाल विरोधी मानसिकता' की एक और मिसाल बताते हुए कहा कि केंद्र द्वारा प्रशासित यह एजेंसी एक विशेष राजनीतिक एजेंडे के तहत काम कर रही है। उन्होंने कहा, जैसा आज देशभर में एक खास ढांचा तैयार करने की कोशिश हो रही है, उसी के तहत डीवीसी की भूमिका भी साफ नजर आ रही है।

यह पहली बार नहीं है जब मुख्यमंत्री ने डीवीसी को लेकर नाराजगी जताई है। 15 जुलाई को उन्होंने नवान्न में उच्चस्तरीय बैठक कर बाढ़ की स्थिति पर मंथन किया था और तब भी कहा था कि डीवीसी खुद को बचाने के लिए बगैर बंगाल की चिंता किए भारी मात्रा में जल छोड़ रहा है। पिछले 14 वर्षों से हम इस संकट से जूझ रहे हैं, लेकिन अब तक कोई समाधान नहीं निकला।

गौरतलब है कि पश्चिम मेदिनीपुर, हुगली और हावड़ा जैसे जिलों में बीते दो महीनों से भारी वर्षा और नदियों के उफान की वजह से जलजमाव बना हुआ है। मुख्यमंत्री ने इससे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर मामले में हस्तक्षेप की मांग भी की थी और डीवीसी के अधीन नदियों और नालों की ड्रेजिंग की वकालत की थी। उनका मानना है कि यदि उचित ड्रेजिंग हो, तो नदियां अतिरिक्त चार लाख घन मीटर पानी धारण करने में सक्षम होंगी।

### बीरेंद्रकृष्ण भद्र की जयंती पर ममता बनर्जी ने दी श्रद्धांजलि, कहा-

# 'दुर्गोत्सव के ध्रुपदी स्वर को नमन'



**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सोमवार को बांग्ला सांस्कृतिक विरासत के स्तंभ और प्रसिद्ध बेतार उद्घोषक बीरेंद्रकृष्ण भद्र को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित की है। उन्होंने एक ट्वीट के माध्यम से दिवंगत प्रसारण कलाकार की स्मृति को नमन किया। मुख्यमंत्री ने लिखा, बांगालियों के दुर्गा उत्सव के शास्त्रीय आह्वानकर्ता और विख्यात रेडियो प्रसारणकर्ता बीरेंद्रकृष्ण भद्र को उनके जन्मदिवस पर मेरी हार्दिक श्रद्धांजलि। बीरेंद्रकृष्ण भद्र को महिषासुरमर्दिनी के उनके प्रतिष्ठित पाठ के लिए विशेष रूप से जाना जाता है, जो हर साल महालया के दिन आकाशवाणी से प्रसारित होता है। उनकी आवाज़ बंगाल के शारदीय उत्सव की एक अमिट छवि बन चुकी है। 'या चंडि' से शुरू होकर उनका संस्कृत पाठ दशकों से बंगाल और विश्वभर के बांग्लाभाषियों की धार्मिक-सांस्कृतिक चेतना में रचा-बसा है।

### ममता ने शिबू सोरेन के निधन पर कहा, झारखंड के इतिहास का एक अध्याय समाप्त हो गया

**कोलकाता :** बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) संस्थापक शिबू सोरेन के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए सोमवार को कहा कि झारखंड के इतिहास का एक अध्याय समाप्त हो गया। ममता बनर्जी ने इंटरनेट मीडिया मंच एक्स पर लिखा कि झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री, पूर्व केंद्रीय मंत्री, झारखंड मुक्ति मोर्चा के संस्थापक और मेरे आदिवासी भाइयों एवं बहनों के गुरु दिशोम (महान नेता) शिबू सोरेन के निधन से मुझे गहरा दुख हुआ है। उनके बेटे, झारखंड के वर्तमान मुख्यमंत्री एवं मेरे भाई हेमंत सोरेन तथा उनके पूरे परिवार एवं समर्थकों के प्रति मेरी हार्दिक संवेदना। बनर्जी ने कहा कि वह शिबू सोरेन का बहुत सम्मान करती थीं।

## बांग्ला भाषा का अपमान और प्रवासी बंगालियों के अत्याचार पर प्रोसेन्जीत का जोरदार विरोध

**कोलकाता, समाज्ञा :** बंगाली भाषा और प्रवासी बंगालियों के साथ हो रहे अत्याचार को लेकर राजनीतिक और सामाजिक माहौल गर्माता जा रहा है। 2024 के चुनाव से पहले बंगाली अस्मिता के मुद्दे पर तृणमूल कांग्रेस ने जोर दिखाया है। हाल ही में दिल्ली पुलिस पर आरोप लगा कि उसने बंगाली भाषा को 'बांग्लादेशी भाषा' कहकर अपमानित किया है। इस घटना की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी से लेकर तृणमूल सांसद अभिषेक बनर्जी तक ने कड़ी निंदा की है। बंगाली सुपरस्टार अभिनेता प्रोसेन्जीत चट्टोपाध्याय ने भी इस मामले में मुख खोला और कहा, बंगाली भाषा थी, है और रहेगी। इसके लिए लड़ना पड़े तो हम सब मिलकर लड़ेंगे। पहले भी प्रोसेन्जीत को बंगाली भाषा को लेकर विवादों का सामना करना पड़ा



था। मुंबई में 'मालिक' फिल्म के प्रेस कॉन्फ्रेंस में एक पत्रकार के बंगाली में सवाल पूछने पर उन्होंने कहा था, आपको बंगाली में बात करने की क्या जरूरत है? यह वीडियो वायरल हुआ और आलोचना हुई। बाद में उन्होंने स्पष्ट किया कि उनका बयान गलत समझा गया है। उन्होंने कहा, मैं अपनी मातृभाषा का अपमान कभी सहन नहीं कर सकता। प्रोसेन्जीत अपनी मातृभाषा के प्रति गहरा सम्मान और जिम्मेदारी जताते रहे हैं।

# ममता पर 'भाषाई तकरार' भड़काने का आरोप

## मुख्यमंत्री पर लगनी चाहिए रासुका : अमित मालवीय

**कोलकाता :** भाजपा की सूचना प्रौद्योगिकी प्रकोष्ठ के प्रमुख और बंगाल मामलों के केंद्रीय पर्यवेक्षक अमित मालवीय ने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि ममता 'बांग्ला बनाम बांग्लादेशी' को लेकर झूठा नैरेटिव गढ़कर राज्य में भाषा के नाम पर टकराव भड़काने की कोशिश कर रही हैं।

अमित मालवीय की यह प्रतिक्रिया मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और उनके भतीजे व तृणमूल के महासचिव अभिषेक बनर्जी के सोशल मीडिया बयानों के बाद सामने आई। रविवार शाम दोनों नेताओं ने आरोप लगाया था कि दिल्ली पुलिस ने एक पत्र में बांग्ला को 'बांग्लादेशी भाषा' बताया है। इसी के जवाब में मालवीय ने सोमवार सुबह एक लंबा सोशल मीडिया बयान जारी कर ममता पर तीखा पलटवार किया।

मालवीय ने कहा कि ममता बनर्जी की प्रतिक्रिया पूरी तरह से भ्रामक और खतरनाक है। उन्होंने लिखा, दिल्ली पुलिस के पत्र में कहीं भी बांग्ला या बंगाली को 'बांग्लादेशी भाषा' नहीं कहा गया है। ऐसा दावा करना और बंगालियों से केंद्र सरकार के खिलाफ खड़े होने का आह्वान करना बेहद गैर-जिम्मेदाराना है। ममता बनर्जी पर राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (एनएसए) के तहत कार्रवाई होनी चाहिए।

**❑ बांग्लादेशी भाषा शब्द का विशिष्ट संदर्भ**

भाजपा नेता ने दावा किया कि दिल्ली पुलिस ने 'बांग्लादेशी भाषा' शब्द का इस्तेमाल उन घुसपैठियों की पहचान के सन्दर्भ में किया है, जो एक खास तरह की बोली और उच्चारण में बात करते हैं, जो भारतीय बंगालियों द्वारा बोली जाने वाली बांग्ला से भिन्न होती है। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह कोई भाषायी टिप्पणी नहीं बल्कि केवल अवैध प्रवासियों की भाषा विशेषताओं की पहचान के लिए प्रयुक्त शब्द है। मालवीय ने यह भी जोड़ा कि बांग्लादेश में बोली जाने वाली बांग्ला ध्वन्यात्मक रूप से अलग है और उसमें सिलहटी जैसे उपभाषाएं शामिल हैं, जिन्हें भारतीय बंगाली सहज रूप से नहीं समझ पाते। मालवीय ने यह तर्क भी दिया कि 'बंगाली' शब्द एकरूप भाषा नहीं बल्कि जातीय पहचान को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि भाषा के नाम पर राजनीतिक भ्रम फैलाना एक खतरनाक रणनीति है, जो राज्य को अस्थिर करने की दिशा में ले जा सकती है। भाजपा नेता ने ममता बनर्जी की साहित्यिक समझ पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि आनंदमठ उस दौर की बांग्ला में लिखा गया था। वंदे मातरम संस्कृत में रचा गया और बाद में उपन्यास में जोड़ा गया। जन गण मन भी संस्कृतनिष्ठ बांग्ला में लिखा गया था। ये सारी भाषाई बारीकियां ममता बनर्जी की समझ से बाहर हैं।

## हावड़ा में 9 अगस्त के नवान्न अभियान को लेकर सुरक्षा चाक-चौबंद

**हावड़ा, समाज्ञा :** हावड़ा शहर में आगामी 9 अगस्त को प्रस्तावित नवान्न अभियान को लेकर प्रशासन ने सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए हैं। यह विरोध प्रदर्शन एक वर्ष पूर्व आर.जी. कर अस्पताल में डॉक्टर के साथ हुए दुष्कर्म और हत्या की बरसी पर पीड़िता के माता-पिता के आह्वान पर आयोजित किया जा रहा है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, इस प्रदर्शन में आम नागरिकों के साथ विभिन्न राजनीतिक दलों के कार्यकर्ताओं के शामिल होने की संभावना है। संभावित भीड़ और विरोध को नियंत्रित करने के लिए हावड़ा सिटी पुलिस ने कड़े इंतजाम शुरू कर दिए हैं। फोरशोर रोड, जीटी रोड और कोना एक्सप्रेसवे (सांतरागाछी) पर 11 फीट ऊंचे लोहे के बैरिकेड्स लगाए जाएंगे, जिन्हें मजबूत कंक्रीट ढांचे और लोहे की बीम से नट-बोल्ट और चेन की सहायता से सुरक्षित किया जाएगा। सुरक्षा के लिहाज से इलाके में भारी संख्या में पुलिस बल, रैपिड एक्शन फोर्स (रैफ) और कॉम्बैट फोर्स की तैनाती की जाएगी। इसके अलावा, ड्रोन कैमरे और सीसीटीवी से पूरे क्षेत्र पर नजर रखी जाएगी, जबकि बाहरी घेराबंदी के लिए जल तोपों (वॉटर कैनन) की भी व्यवस्था की जा रही है। हावड़ा के अलावा अन्य जिलों से भी अतिरिक्त बल बुलाए जा रहे हैं। राज्य पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी स्वयं नवान्न की ओर जाने वाले मार्गों पर तैनात रहेंगे और सुरक्षा व्यवस्था की निगरानी करेंगे। उल्लेखनीय है कि कुछ सप्ताह पूर्व नौकरी से वंचित शिक्षकों और सरकारी कर्मचारियों के संयुक्त मंच द्वारा नवान्न अभियान चलाया गया था, जिसे पुलिस ने सख्ती से रोका था। इस बार भी वैसी ही सतर्कता बरती जा रही है।

## अल्पसंख्यक बहुल क्षेत्रों में बूथ लेवल एजेंटों की कमी से जूझ रही भाजपा

**❑ राज्य में कुल 81 हजार बूथों में से 18 हजार बूथों पर कमजोर भाजपा का संगठन**

**❑ एसआइआर का कार्य शुरू करने से पहले आयोग ने सभी राजनीतिक दलों से बीएलए की मांगी सूची**

**कोलकाता :** बिहार की तरह बंगाल में विधानसभा चुनाव से पहले मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआइआर) कार्य शुरू करने से पहले चुनाव आयोग ने हाल में राज्य के सभी मान्यताप्राप्त राजनीतिक दलों से प्रत्येक बूथों के लिए बूथ स्तरीय एजेंटों (बीएलए) की सूची मांगी है। लेकिन क्या राज्य की मुख्य विपक्षी पार्टी भाजपा बंगाल में सभी बूथों से तीन- तीन एजेंटों के नाम भेज पाएगी? यह बड़ा सवाल है। क्योंकि राज्य के सभी बूथों पर उनके एजेंट नहीं हैं, ऐसे में पार्टी क्या करेगी, इसको लेकर राजनीतिक चर्चा शुरू हो गई है। विशेषकर अल्पसंख्यक बहुल क्षेत्रों में बूथ लेवल एजेंटों की भारी कमी से पार्टी जूझ रही है। उन क्षेत्रों में हजारों ऐसे बूथ हैं जहां पार्टी की न तो अभी तक कोई बूथ समिति और न ही कोई संगठन है। वर्तमान में, राज्य में कुल बूथों की संख्या 81 हजार से ज्यादा है। इनमें से 18 हजार बूथों पर मुस्लिम मतदाताओं की बहुलता है। नतीजतन, भाजपा के पास वहां संगठन मजबूत नहीं है।

हाल में नए प्रदेश अध्यक्ष की जिम्मेदारी संभालने वाले शमिक भट्टाचार्य ने भी इस बात को स्वीकार किया था। विधानसभा चुनाव से पहले फिलहाल, भगवा खेमा बूथ समितियों के गठन पर ज्यादा जोर दे रहा है।

हालांकि प्रदेश भाजपा के महासचिव जगन्नाथ चटर्जी का कहना है कि अल्पसंख्यक या बहुसंख्यक क्षेत्रों को लेकर कोई कमजोरी नहीं है। चटर्जी ने कहा कि आयोग ने हमसे सूची मांगी है, हम उन्हें अधिकतर बूथों पर बीएलए का ब्यौरा उपलब्ध करा देंगे। उन्होंने साथ ही कहा कि अगर किसी बूथ पर किसी भी राजनीतिक दल का बीएलए नहीं है, तो आयोग की जिम्मेदारी है कि वह उन बूथों पर जाकर सर्वेक्षण करे। आयोग योग्य मतदाताओं के नाम सूची में शामिल करे और जो अवैध नाम दर्ज हैं उसे बाहर करे।

बताते चलें कि एसआइआर लागू होने से पहले केंद्रीय चुनाव आयोग के निर्देश पर राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) ने सभी मान्यताप्राप्त राजनीतिक दलों से प्रत्येक बूथ के लिए बीएलए की सूची उपलब्ध कराने का अनुरोध किया है।

## डलहौजी एकता क्लब ने सावन मास पर भंडारे का किया आयोजन



**कोलकाता, समाज्ञा :** डलहौजी एकता क्लब संस्था के चेयरमैन आनंद सिंह (गुड्डू) के नेतृत्व में सावन मास के उपलक्ष्य में भंडारा का आयोजन किया गया। इस भंडारे में सैकड़ों लोगों ने सेवा का लाभ उठाया। इस शुभ अवसर पर सनी सिंह, विकास सिंह, रतन बोनिक, दारा सिंह, मनोज सिंह, अखिलेश सिंह, प्रमोद सिंह, गौतम शर्मा, मो. प्रिंस, मो. आदिल, लक्ष्मीकांत सिंह, रनदीप रॉय, लाला राणा, कृष्णा दुबे, सोनू सिंह, आनंद पांडेय, पिंटू सिंह, राहुल सिंह, मंटू कुमार लखपती और पांडेय उपस्थित रहे। इस आयोजन के माध्यम से समाज सेवा और एकता का संदेश फैलाने का प्रयास किया गया।

# 'अभिषेक बनर्जी के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी न करें'

## शुभेंदु अधिकारी को अलीपुर अदालत की सख्त हिदायत

**कोलकाता :** तृणमूल कांग्रेस के अखिल भारतीय महासचिव और सांसद अभिषेक बनर्जी के खिलाफ किसी भी प्रकार की अपमानजनक या मानहानिकारक टिप्पणी करने से विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी को अलीपुर अदालत ने सख्त शब्दों में रोक लगा दी है।

मानहानि के एक मामले में सोमवार को अलीपुर की सिविल जज (सीनियर डिवीजन) की आठवीं अदालत के न्यायाधीश सोमनाथ कुंडू ने यह अंतरिम आदेश पारित किया। अदालत ने कहा कि आगामी 19 अगस्त तक शुभेंदु अधिकारी सोशल मीडिया, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया या प्रिंट मीडिया के किसी भी माध्यम से अभिषेक बनर्जी के खिलाफ कोई



भी लिखित या मौखिक अपमानजनक बयान नहीं दे सकते।

अदालत ने टिप्पणी की कि, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का अधिकार किसी के सम्मान को ठेस पहुँचाने या नफरत फैलाने वाले बयानों पर लागू नहीं होता, खासकर जब वह किसी सार्वजनिक व्यक्ति की छवि को नुकसान पहुँचाने का प्रयास हो।

मामले की पृष्ठभूमि में बताया गया कि 26 जून को शुभेंदु अधिकारी ने बीजेपी कार्यालय में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस की थी, जिसमें उन्होंने अभिषेक बनर्जी पर कई गंभीर आरोप लगाए थे - जिनमें चुनावी धोखाधड़ी, सरकारी फंड के दुरुपयोग, चुनावोत्तर हिंसा, भ्रष्टाचार और आपराधिक गतिविधियों में शामिल होना शामिल है। साथ ही उन्होंने इशारों-इशारों में उन्हें 'ठग' कहा था।

इन्हीं टिप्पणियों को लेकर अभिषेक बनर्जी ने मानहानि का मुकदमा दर्ज किया और कहा कि यह पूरी तरह से राजनीतिक दुर्भावनापूर्ण, बेबुनियाद और जनता को गुमराह करने के लिए फैलाया गया प्रचार है, जिससे उनकी सार्वजनिक छवि को नुकसान पहुंचाया गया।

### लेक गार्डेन्स फ्लाईओवर पर सड़क दुर्घटना में व्यक्ति घायल

**कोलकाता :** लेक गार्डेन्स फ्लाईओवर के मध्य एक मोटरसाइकिल दुर्घटना में एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। दुर्घटना सोमवार की दोपहर लगभग 3:15 बजे घटी जब बाइक अचानक अनियंत्रित होकर कैरिजवे से फिसल गई। घायल मोटरसाइकिल सवार की पहचान बिजय नाथ कुंवर (54 वर्ष), निवासी 162/-/16, प्रिंस अनोवर शाह रोड के रूप में हुई है। हादसे के समय वे हेलमेट पहने हुए थे। घायल को तत्काल शिशुमंगल अस्पताल ले जाया गया जहाँ उनका उपचार चल रहा है। उन्हें कई चोटें आई हैं। इस दुर्घटना में प्रयुक्त वाहन मोटरसाइकिल को स्थानीय पुलिस थाने द्वारा जब्त किया गया है। दुर्घटना की जानकारी चारू मार्केट थाने से प्राप्त हुई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## सनातन सैनिक परिषद के तत्वावधान में शिव भक्तों ने किया जलाभिषेक



**हावड़ा, समाज्ञा**

सावन माह के अंतिम सोमवार के अवसर पर सनातन सैनिक परिषद की ओर से एक विशेष धार्मिक आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में शिव भक्तों ने भाग लिया। हावड़ा के शिवपुर लांच घाट से श्रद्धालु गंगाजल लेकर भर पाड़ा रोड स्थित पुराना शिव मंदिर पहुंचे और भगवान शिव का विधिवत जलाभिषेक किया। इस पूरे आयोजन के दौरान भक्ति का वातावरण देखते ही बन रहा था। शिव भक्तों का उत्साह चरम पर था-वे नाचते-गाते, हर हर महादेव के जयघोष के साथ भजन-कीर्तन करते हुए मंदिर तक पहुंचे। भक्तिभाव से ओतप्रोत इस यात्रा ने श्रद्धालुओं के मन में आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार किया।

## श्री काशी विश्वनाथ सेवा समिति ने विश्रामगृह के कक्षों को किया आधुनिक

**हुगली :** श्री काशी विश्वनाथ सेवा समिति, तारकेश्वर मार्ग स्थित विश्रामगृह में कांवड़ियों एवं दर्शनार्थियों की सुगम सुविधा हेतु समिति अध्यक्ष विवेक गुप्ता के निर्देशन में कमरा संख्या 12 एवं 13 का जीर्णोद्धार दिनांक 2 अगस्त को संपन्न हुआ। यह कार्य श्रद्धा और सेवा की भावना के साथ, आधुनिक सुविधाओं सहित संपन्न किया गया। स्व. परमेश्वरलाल शर्मा, स्व. परमात्मा देवी शर्मा एवं स्व. अशोक शर्मा की स्मृति में उनकी सुपुत्री सुनीता देवी शर्मा, दामाद प्रमोद कुमार शर्मा एवं देयता राहुल शर्मा द्वारा कमरा नं. 12 का आधुनिक शैली में जीर्णोद्धार करवाया गया।

इस कक्ष का उद्घाटन उद्योगपति एवं समाजसेवी नवरतन बैध (गणेश स्टील एंड अलॉय लिमिटेड) एवं दाता प्रमोद कुमार शर्मा के करकमलों द्वारा संपन्न हुआ। इसी प्रकार, स्व.



जगदीश प्रसाद तुलसियान (दादाजी) एवं स्व. रामलाल तुलसियान (पिताजी) की पुण्य स्मृति में आदित्य विक्रम तुलसियान एवं उनके सुपुत्र लावण्य तुलसियान द्वारा कमरा नं. 13 का मॉडर्न स्टाइल में जीर्णोद्धार करवाया गया। इस कक्ष का उद्घाटन उद्योगपति एवं समाजसेवी नारायण मोदी (यूनिक बिस्कुट एंड केक्स डिजिटल) एवं दाता आदित्य विक्रम तुलसियान के करकमलों से किया गया।

इस संपूर्ण कार्यक्रम को सफल बनाने में समिति के प्रधान सचिव बिमल दीवान, उपसचिव पवन बंसल, सुभाष सवालदावाला, मार्गदर्शक एवं मेला चेयरमैन राजकुमार बोथरा तथा श्याम मंदिर संयोजक मनोज चौधरी की सक्रिय भूमिका रही। समिति के अन्य कार्यकर्ताओं-दीपक अग्रवाल (चंदन नगर), उमा शंकर जोशी, मोहित सुरेका, सुभाष चंद्र गोयनका, दुर्शीचंद अग्रवाल, महेश काबरा, जय प्रकाश गुप्ता, संजय अग्रवाल (नीम का थाना), विनोद अग्रवाल, शैलेन्द्र कुमार गुप्ता, सुमित झुनझुनवाला आदि की उपस्थिति एवं सहयोग से यह कार्य सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। समिति परिवार ने सभी पधारे हुए अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

## जनसेवा को समर्पित डॉ. आफरीन ने न्यू मार्केट में एवीयूई क्लिनिक किया शुरू

**कोलकाता, समाज्ञा :** जनसेवा के क्षेत्र में समर्पित योगदान देने वाली मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल की सीनियर डॉक्टर एवं इमरजेंसी मेडिकल ऑफिसर डॉ. आफरीन द्वारा न्यू मार्केट क्षेत्र में स्थापित एवीयूई क्लिनिक का उद्घाटन शुक्रवार को सादगीपूर्ण एवं भावनात्मक माहौल में संपन्न हुआ।



इस अवसर पर डॉ. आफरीन ने अपने परिजनों, सहयोगियों और शुभचिंतकों को आमंत्रित किया, जिनकी उपस्थिति ने इस कार्यक्रम को और भी विशेष बना दिया। उद्घाटन समारोह में तृणमूल कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं उत्तर कोलकाता एसटी/एससी प्रकोष्ठ के अध्यक्ष गोपाल चंद्र शाहा (गांधीजी), वार्ड पार्षद प्रियंका शाहा, कोलकाता मेडिकल कॉलेज पुलिस आउट पोस्ट के इंस्पेक्टर इनचार्ज ए. अहमद, वरिष्ठ समाजसेवी नंद कुमार सिंह, तथा मेडिकल स्टाफ एवं अन्य गणमान्य लोग शामिल हुए।

# ममता बनर्जी के दुर्गा पूजा अनुदान वृद्धि पर हाई कोर्ट में फिर से मामला दर्ज

**कोलकाता, समाज्ञा :** मुख्यमंत्री ममता बनर्जी द्वारा दुर्गा पूजा अनुदान में वृद्धि के खिलाफ फिर से हाई कोर्ट में मामला दर्ज किया गया है। इस वर्ष मुख्यमंत्री ने दुर्गा पूजा के अनुदान को 25,000 रुपये बढ़ाकर प्रति समिति 1 लाख 10 हजार रुपये करने की घोषणा की थी। इसके खिलाफ दुर्गापुर के समाजसेवी सौरभ दत्त ने मुकदमा दायर किया है, जो पहले 2020 में भी इसी विषय पर हाई कोर्ट में मामला दर्ज करा चुके हैं। उस समय उनका मामला अदालत में खारिज हो गया था। राज्य सरकार ने 2019 में दुर्गा पूजा समितियों को प्रति समिति 25,000 रुपये अनुदान देने की घोषणा की थी,



जो 2020 में कोरोना महामारी के बावजूद बढ़ाकर 50,000 रुपये कर दिया गया। इस फैसले को लेकर धर्मनिरपेक्षता पर सवाल उठाए गए थे और जनहित याचिका दायर की गई थी। सौरभ दत्त ने मुख्यमंत्री के इस निर्णय के खिलाफ मुकदमा दायर किया था, जिसे अदालत ने पहले खारिज कर दिया था। हालांकि, पिछले कुछ वर्षों से वही मामला नए आवेदन के साथ फिर से दायर किया गया है।

हाई कोर्ट सूत्रों के मुताबिक, शुक्रवार को भाजपा की ओर से इस मामले को लेकर मुख्य न्यायाधीश का ध्यान आकर्षित किया गया, जिसके बाद अदालत ने नया मुकदमा दायर करने की अनुमति दे दी। राज्य सरकार पिछले कई वर्षों से दुर्गा पूजा समारोहों के लिए क्लबों को अनुदान प्रदान करती आ रही है और यह राशि हर साल बढ़ती जा रही है। इस वर्ष भी पूजा संगठनों के सम्मेलन में मुख्यमंत्री ने अनुदान राशि बढ़ाने की घोषणा की, जिससे यह विवाद फिर से अदालत तक पहुंच गया है।

## कोल इंडिया का चालू वित्त वर्ष के लिए 90 करोड़ टन आपूर्ति का महत्वाकांक्षी लक्ष्य

**कोलकाता :** कोल इंडिया लिमिटेड (सीआइएल) ने बिजली की बढ़ती मांग को पूरा करने और आयात पर निर्भरता कम करने की रणनीति के तहत चालू वित्त वर्ष के लिए 90.02 करोड़ टन का महत्वाकांक्षी आपूर्ति लक्ष्य निर्धारित किया है। यह पिछले वर्ष की तुलना में 18 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि दर्शाता है। देश की सबसे बड़ी कोयला कंपनी की नवीनतम वार्षिक रिपोर्ट में पेश परिदृश्य के मुताबिक, कुल कोयला प्रेषण का करीब 74 प्रतिशत अकेले बिजली क्षेत्र में ही इस्तेमाल होने का अनुमान है। यह देश भर में निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने में सीआइएल की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित करता है। सीआइएल ने बताया कि वित्त वर्ष 2025-26 के लिए बिजली क्षेत्र से अनुमानित मांग 66.81 करोड़ टन है। कंपनी का लक्ष्य बिजली और गैर-विनियमित उपभोक्ताओं की सभी जरूरतों को पूरा करने के साथ आयातित कोयले का विकल्प भी चुनना है। कंपनी ने कहा कि सीआइएल का वृद्धि खाका सरकार के हर घर में 24 घंटे बिजली उपलब्ध कराने के लक्ष्य के अनुरूप है। इसके लिए 2028-29 तक उत्पादन को एक अरब टन तक बढ़ाने की योजना है। कोल इंडिया के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक पी एम प्रसाद ने कहा कि कंपनी रणनीतिक विविधीकरण और परिसंपत्तियों के मौद्रीकरण के जरिये अपने कारोबार को भविष्य के लिए सुरक्षित बनाने के प्रयासों को तेज कर रही है। उन्होंने कहा कि कंपनी देश के ऊर्जा बदलाव लक्ष्यों के साथ तालमेल बैठाने और जीवाश्म ईंधन पर निर्भरता कम करने की अपनी व्यापक योजना के तहत कोयला गैसीकरण, कोलबेड मीथेन (सीबीएम) निकासी, सौर ऊर्जा उत्पादन और महत्वपूर्ण खनिजों की खोज में परियोजनाओं को सक्रिय रूप से आगे बढ़ा रही है।

# दक्षिण कोलकाता में हिंदू युवती को लेकर लगवाए अल्लाह हू अकबर के नारे! मारपीट

**❑ वीडियो वायरल होने के बाद भाजपा नेताओं ने बोला हमला**

**कोलकाता :** दक्षिण कोलकाता स्थित प्रसिद्ध रवींद्र सरोवर के पास एक सांप्रदायिक घटना को लेकर सोशल मीडिया पर वायरल हुए एक वीडियो ने राजनीतिक हलकों में हलचल मचा दी है। वीडियो में देखा जा सकता है कि रविवार शाम कुछ मुस्लिम युवतियों ने 'अल्लाह हू अकबर' का नारा लगाते हुए एक हिंदू युवती को भी यह नारा लगाने के लिए बाध्य करने की कोशिश की, और विरोध करने पर उसके साथ मारपीट की गई। वीडियो की सत्यता की पुष्टि **समाज्ञा** ने स्वतंत्र रूप से नहीं की है। वायरल हुए इस दो मिनट नौ सेकंड के वीडियो में एक युवती ने दावा किया कि रविवार की शाम वह अपने कुछ दोस्तों के साथ रवींद्र सरोवर घूमने गई थीं। वहां मुस्लिम समुदाय के एक समूह ने धार्मिक नारे लगाने शुरू किए और उन्हें भी ऐसा करने को कहा गया। युवती के मना करने पर उसे कथित रूप से पीटा गया, जिसके बाद दोनों पक्षों में बहस और कहासुनी हुई। वीडियो में युवती पूछती है, हम कहां रह रहे हैं? क्या यह बांग्लादेश है? क्या हम ढाकुरिया लेक भी नहीं जा सकते? इस वीडियो पर प्रतिक्रिया देते हुए मेघालय के पूर्व राज्यपाल **तथागत रॉय** ने सोशल मीडिया पर लिखा, गंभीरता से पूरा वीडियो देखें। अपनी जान, सम्मान और सबसे बढ़कर हिंदू अस्मिता की रक्षा के लिए घृणा करना सीखना होगा। कम्युनिस्ट वर्ग संघर्ष की घृणा सिखाते हैं, मुसलमान गैर-मुस्लिमों और मूर्ति-पूजकों के प्रति घृणा सिखाते हैं। इसका प्रतिकार भी प्रतिघृणा से ही हो सकता है, गांधीवादी नपुंसक अहिंसा से नहीं। भारतीय जनता पार्टी के प्रवक्ता **देवजीत सरकार** ने भी वीडियो साझा करते हुए कहा, टीएमसी के शासन में मिनी पाकिस्तान में आपका स्वागत है। कोलकाता के मेयर पहले ही आगाह कर चुके थे कि यह शहर मिनी पाकिस्तान बनता जा रहा है, आधे राज्य में उर्दू बोली जा रही है। रविवार शाम को एक युवती ने ढाकुरिया में इसका सामना किया-एक सार्वजनिक स्थान पर जिहादी नारेबाज़ी का विरोध करने पर उसे निशाना बनाया गया। इस घटनाक्रम पर अब तक कोलकाता पुलिस की ओर से कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है, लेकिन सोशल मीडिया पर मामले को लेकर लोगों की तीखी प्रतिक्रियाएं देखी जा रही हैं। कई लोगों ने घटना की निष्पक्ष जांच और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

# सनातन धर्म के बढ़ते गौरव से कांग्रेस और सपा परेशान: योगी आदित्यनाथ



**सहारनपुर (उप्र) :** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को विपक्षी दलों पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि सनातन धर्म के बढ़ते गौरव से कांग्रेस और सपा परेशान हैं। वह यहां 381 करोड़ रुपये की 15 विकास योजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करने के बाद आयोजित समारोह को संबोधित कर रहे थे। योगी ने मालेगांव विस्फोट मामले में हिंदू नेताओं को फंसाने और रामसेतु को तोड़ने की कोशिश का जिक्र करते हुए कहा, पहले सरकारें आतंकियों को संरक्षण देती थीं और सनातन धर्म के गौरव को कम करने की कोशिश करती थीं। उन्होंने कहा कि अब भारत अपनी विरासत का सम्मान करते हुए विकास की नई ऊंचाइयों को छू रहा है। योगी ने कहा कि विपक्षी दलों को भारत की आध्यात्मिक विरासत पर गर्व नहीं है। पूर्ववर्ती सरकारों पर गरीबों के हित में कोई काम नहीं करने का आरोप लगाते हुए योगी ने कहा, डबल इंजन की भाजपा सरकार ने इस क्षेत्र की उपेक्षा को समाप्त कर विकास और विरासत के संरक्षण का एक नया अध्याय शुरू किया है। मुख्यमंत्री ने सहारनपुर में विकास, विरासत और स्वदेशी को बढ़ावा देने की अपनी सरकार की प्रतिबद्धता को दोहराया। उन्होंने कहा कि डबल इंजन सरकार भैंसा गाड़ी नहीं, बल्कि बुलेट ट्रेन की रफ्तार से आगे बढ़ रही है। एक आधिकारिक बयान के अनुसार मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार विकास और विरासत के संरक्षण में संतुलन बनाए हुए है। उन्होंने पिछली सरकारों पर जातिवाद और तुष्टिकरण की राजनीति करने का आरोप लगाते हुए कहा कि पहले की सरकारें जाति के नाम पर समाज को बांटती थीं और योजनाओं का लाभ केवल एक परिवार तक सीमित रहता था।

## कांग्रेस ने मालेगांव विस्फोट मामले में निर्दोष हिंदुओं को फंसाकर आतंकवादियों को बचाया: योगी

**मेरठ (उप्र) :** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को कहा कि कांग्रेस ने मालेगांव विस्फोट मामले में निर्दोष हिंदुओं को फंसाकर आतंकवादियों को बचाने का काम किया। योगी आदित्यनाथ ने यहां मुख्यमंत्री शहरी विस्तारीकरण/नए शहर प्रोत्साहन योजना के तहत 2,517 करोड़ रुपये की लागत वाली नवीन 'इंटीग्रेटेड टाउनशिप' परियोजना के भूमिपूजन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि समाजवादी पार्टी (सपा) और कांग्रेस की राजनीति सिर्फ जातिवाद, दंगे और माफियाओं की चरणवंदना तक सीमित रही है। एक आधिकारिक बयान के अनुसार मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस ने मालेगांव की घटना में निर्दोष हिंदुओं को फंसाकर राष्ट्रवादी नेतृत्व को बदनाम करने की कोशिश की थी। योगी ने कहा कि आतंकवाद के प्रति उनकी नरम नीति और समाज को जाति-क्षेत्र के आधार पर बांटने की रणनीति देश के लिए हानिकारक रही है।

## राजस्थानः मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने अतिवृष्टि और जलभराव प्रभावित इलाकों का किया हवाई सर्वेक्षण

**जयपुर :** राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सोमवार को सवाई माधोपुर, करौली एवं धौलपुर जिलों में अतिवृष्टि और जलभराव से प्रभावित क्षेत्रों का हवाई सर्वेक्षण किया। अधिकारियों ने बताया कि मुख्यमंत्री ने आपदा राहत कार्यों की समीक्षा कर प्रभावितों को सभी जरूरी सहायता तत्काल उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने सवाई माधोपुर जिले के चक चैनपुरा, करौली जिले के मण्डरायल एवं धौलपुर जिले के बिश्नोदा में प्रभावित लोगों से संवाद कर उनकी समस्याएं जानी तथा संबंधित अधिकारियों को आपदा राहत कार्य मुस्तैदी से किए जाने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने सवाई माधोपुर जिले के भारी बारिश से प्रभावित गांवों-- चकेरी, जडावता, अजनोटी, मेनपुरा, धनोली, सूरवाल एवं खण्डार की क्षतिग्रस्त बोदल पुलिया, करौली जिले के अतिवृष्टि प्रभावित गांवों-- कसेड़, केमकछ, टोड़ी, मल्हापुरां, रांचौली, रहुघाट, मण्डरायल तथा धौलपुर जिले के राजाखेड़ा उपखंड के अतिवृष्टि प्रभावित गांवों-- कठूमरा, महमदपुरा, बक्सपुरा, चीलपुरा, चाडियान का पुरा, गढ़ी जाफर, बसई घीयाराम, अंधियारी के साथ ही निभी का ताल एवं उर्मिला सागर बांध (बाड़ी) का हवाई सर्वेक्षण कर अतिवृष्टि से नुकसान का जायजा लिया।

## बिहार के विकास आयुक्त प्रत्यय अमृत एक सितंबर से नए मुख्य सचिव होंगे

**पटना :** बिहार के विकास आयुक्त प्रत्यय अमृत को राज्य का अगला मुख्य सचिव नियुक्त किया गया है। आधिकारिक अधिसूचना में सोमवार को यह जानकारी दी गई। सामान्य प्रशासन विभाग की अधिसूचना में कहा गया कि प्रत्यय 1991 बैच के आईएएस अधिकारी अधिकारी हैं और वह अमृत लाल मीणा का स्थान लेंगे, जो इसी महीने सेवानिवृत्त हो रहे हैं। अपने करियर में, प्रत्यय ने कई महत्वपूर्ण पद संभाले हैं। वह आपदा प्रबंधन विभाग का नेतृत्व कर रहे थे और कोविड-19 महामारी के दौरान उन्हें स्वास्थ्य विभाग का प्रभार सौंपा गया था।

## प्रेमानंद गोविंद शरण से प्रेरित होकर एक बालक संत बनने के लिए घर से भाग गया

**गोरखपुर (उप्र) :** वृंदावन स्थित आध्यात्मिक गुरु प्रेमानंद गोविंद शरण जी महाराज (जिन्हें प्रेमानंद महाराज के नाम से भी जाना जाता है) से प्रेरित होकर, गोरखपुर का 13 वर्षीय एक लड़का संत बनने का सपना लेकर घर से भाग गया। इस बालक की पहचान अमरनाथ दुबे के बेटे अमन दुबे (13) के रूप में की गयी है जो पुलिस द्वारा सीसीटीवी फुटेज और निगरानी के आधार पर की गई तलाशी के बाद वाराणसी के एक घाट के पास पाया गया। अमन ने पुलिस को बताया, 'मैं संत प्रेमानंद महाराज जैसा बनना चाहता हूं। इसलिए मैंने घर छोड़ दिया।

## 'अवैध धर्म परिवर्तन गिरोह': अदालत ने छांगुर बाबा के सहयोगी को ईडी की हिरासत में भेजा


**लखनऊ :** लखनऊ की एक विशेष पीएमएलए अदालत ने छांगुर बाबा के कथित सहयोगी नवीन रोहरा को सोमवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की हिरासत में भेज दिया। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। अदालत ने उत्तर प्रदेश में कथित अवैध धर्मांतरण गिरोह से जुड़ी धनशोधन जांच के तहत उसकी हिरासत केंद्रीय एजेंसी को दी है। कुछ समय पहले उत्तर प्रदेश पुलिस के आतंकवाद निरोधक दस्ते (एटीएस) द्वारा गिरफ्तार किए जाने के बाद से रोहरा जेल में बंद है। सूत्रों ने बताया कि ईडी ने पूछताछ के लिए उसकी (रोहरा की) हिरासत का अनुरोध करते हुए स्थानीय अदालत का दरवाजा खटखटाया था और एजेंसी को उसकी हिरासत मिल गई।

## सावन के चौथे और अंतिम सोमवार को मंदिरों में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़



**वाराणसी/संभल/लखनऊ (उप्र) :** श्रावण मास के चौथे और अंतिम सोमवार को लखनऊ, वाराणसी, संभल और उत्तर प्रदेश के अन्य जिलों के मंदिरों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखी गई और 'हर हर महादेव', 'बम बम भोले' के जयकारे गूंजते रहे। वाराणसी में, हजारों श्रद्धालु सुबह से ही श्री काशी विश्वनाथ धाम में पूजा-अर्चना के लिए कतारों में खड़े दिखे। मंदिर प्रशासन के अनुसार, भगवान शिव की मूर्ति को रुद्राक्ष से सजाया गया था, जिससे देखने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी और उन्होंने इस दिव्य श्रृंगार को देखकर अपार प्रसन्नता व्यक्त की। वाराणसी के महापौर अशोक तिवारी ने मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं पर पुष्प वर्षा कर उनका स्वागत किया। मंदिर ट्रस्ट ने कहा कि सुचारू और सुरक्षित दर्शन सुनिश्चित करने के लिए व्यापक व्यवस्था की गई है, जिसमें पेयजल काउंटर, चिकित्सा सहायता डेस्क, खोया-पाया केंद्र और सुरक्षा चौकियां शामिल हैं। संभल से प्राप्त जानकारी के अनुसार, संभल में रुक-रुक कर हो रही बारिश के बावजूद, श्रद्धालुओं ने प्रमुख शिव मंदिरों में बड़े उत्साह के साथ जलाभिषेक और रुद्राभिषेक किया। चंदौसी स्थित प्रसिद्ध शिव मंदिर, बहजोई स्थित सआदत बड़ी पातालेश्वर और 46 वर्षों के बाद श्रद्धालुओं के लिए खुले कार्तिकेय महादेव मंदिर सहित कई मंदिरों में श्रद्धालुओं की अच्छी-खासी भीड़ देखी गई।

## झारखंड में पूर्व मुख्यमंत्री शिबू सोरेन के निधन के बाद तीन दिन का राजकीय शोक



**रांची :** झारखंड सरकार ने पूर्व मुख्यमंत्री शिबू सोरेन के सम्मान में तीन दिवसीय राजकीय शोक की घोषणा की है। एक बयान में यह जानकारी दी गयी है। राज्य की सत्तारूढ़ झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) पार्टी के संस्थापक सोरेन का लंबी बीमारी के बाद दिल्ली के एक अस्पताल में सोमवार को निधन हो गया। वह 81 वर्ष के थे। बयान में कहा गया है कि सरकार ने इस अवधि के दौरान अपने सभी निर्धारित कार्यक्रम भी रद्द कर दिए हैं। राज्य सरकार के सभी कार्यालय चार और पांच अगस्त को बंद रहेंगे। इसमें कहा गया है, 'पूर्व मुख्यमंत्री और राज्यसभा सदस्य शिबू सोरेन का आज सुबह नयी दिल्ली के सर गंगा राम अस्पताल में निधन होने के बाद राज्य सरकार ने चार अगस्त से छह अगस्त, 2025 तक तीन दिन का राजकीय शोक मनाने का फैसला किया है।'

### शिबू सोरेन के सम्मान में आज सरकारी स्कूल बंद रहेंगे

**रांची :** पूर्व मुख्यमंत्री शिबू सोरेन के सम्मान में झारखंड के सभी सरकारी स्कूल आज बंद रहेंगे। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। रांची के कई निजी स्कूलों ने भी मंगलवार को छुट्टी की घोषणा की है। स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के सचिव उमा शंकर सिंह ने कहा, 'राजकीय शोक के तहत पांच अगस्त को सभी सरकारी स्कूलों में कक्षाएं स्थगित रहेंगी।' राज्य सरकार ने राज्य में सत्तारूढ़ झारखुड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के संस्थापक सोरेन के सम्मान में तीन दिवसीय राजकीय शोक की घोषणा की है। सोरेन का सोमवार को नयी दिल्ली के एक अस्पताल में 81 वर्ष की उम्र में निधन हो गया।

## बिहार के भागलपुर में पानी से भरे गड्ढे में वाहन गिरने से पांच कांवड़ियों की मौत

**भागलपुर :** बिहार के भागलपुर जिले में एक वाहन के सड़क किनारे पानी से भरे गड्ढे में गिर जाने से पांच कांवड़ियों की मौत हो गई। एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। अनुमंडलाधिकारी (सदर) विकास कुमार ने बताया कि घटना रविवार रात शाहकुंड प्रखंड में हुई। उन्होंने कहा, 'ऐसा प्रतीत होता है कि बारिश के बावजूद वाहन की गति तेज थी और चालक ने वाहन पर से नियंत्रण खो दिया। स्थानीय लोगों की मदद से पुलिसकर्मियों ने वाहन और उसमें सवार लोगों को बाहर निकाला। चालक सहित सभी पांच लोगों को पास के अस्पताल ले जाया गया, जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया।'

## न्यूज अपडेट

### नीतीश कुमार ने बिहार में शिक्षकों की भर्ती के लिए 'डोमिसाइल' नीति की घोषणा की




**पटना :** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सरकारी शिक्षकों की भर्ती में 'डोमिसाइल' नीति की सोमवार को घोषणा की। हालांकि, मुख्यमंत्री ने यह स्पष्ट नहीं किया कि राज्य में जन्मे और पले-बढ़े लोगों के लिए कितने प्रतिशत भर्तियां आरक्षित होंगी। यह घोषणा राज्य में इस वर्ष होने वाले विधानसभा चुनावों से पहले की गई है। कुमार ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, शिक्षकों की बहाली में बिहार के निवासियों (डोमिसाइल) को प्राथमिकता देने के लिए शिक्षा विभाग को संबंधित नियम में आवश्यक संशोधन करने का निर्देश दिया गया है।' उन्होंने कहा, 'नवंबर 2005 में सरकार बनने के बाद से ही हम लोग शिक्षा व्यवस्था में सुधार के लिए लगातार काम कर रहे हैं। शिक्षा व्यवस्था के सुदृढ़ीकरण के लिए बड़ी संख्या में शिक्षकों की नियुक्ति की गई है।' मुख्यमंत्री ने कहा कि यह नीति शिक्षक भर्ती परीक्षा (टीआरई)-4 से ही लागू की जाएगी जो इस साल होगी। वहीं वर्ष 2026 में टीआरई-5 का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि टीआरई-5 के आयोजन से पहले माध्यमिक शिक्षक पात्रता परीक्षा (एसटीईटी) का आयोजन करने का भी निर्देश दिया गया है।

### उप्र एटीएस ने भारत विरोधी साजिश रचने के आरोपी को महाराष्ट्र से गिरफ्तार किया



**लखनऊ :** उत्तर प्रदेश पुलिस के आतंकवाद निरोधक दस्ते (एटीएस) ने देश विरोधी साजिश रचने और सांप्रदायिक सद्भाव बिगाड़ने की मंशा रखने के आरोप में महाराष्ट्र से एक शख्स को सोमवार को गिरफ्तार किया। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि एटीएस ने इसके पहले एक अगस्त को अमरोहा निवासी एक अन्य आरोपी को इसी मामले में गिरफ्तार किया था। उत्तर प्रदेश पुलिस के अपर महानिदेशक (कानून व्यवस्था) अमिताभ यश ने एक बयान में बताया कि एटीएस ने महाराष्ट्र में ठाणे जिले के बदलापुर थाना क्षेत्र के निवासी डॉ ओसामा माज शेख को गिरफ्तार किया है। यश के अनुसार, एटीएस टीम ने छानबीन के दौरान संदिग्ध गतिविधियों का पता चलने पर अमरोहा जिले के नौगांव सादात थाना क्षेत्र के ग्राम देहरा निकट निवासी अजमल अली को एटीएस मुख्यालय में बुलाकर पूछताछ की थी और उसे एक अगस्त को गिरफ्तार कर लिया था। बयान के अनुसार, एटीएस द्वारा देश विरोधी तत्वों पर सतर्क निगरानी रखी जा रही थी और इसी क्रम में पता चला कि एक 'व्हाट्सऐप ग्रुप' रिवाइविंग इस्लाम बनाया गया है, जिसके तीन एडमिन समेत लगभग 400 पाकिस्तानी सदस्य हैं। इसमें बताया गया है कि इसी 'व्हाट्सऐप ग्रुप' में एक नंबर उत्तर प्रदेश का भी जुड़ा मिला, जो अमरोहा निवासी अजमल अली का था।

### उत्तर प्रदेश के 13 जिलों में बाढ़, वाराणसी और प्रयागराज में गंगा खतरे के निशान से ऊपर

**लखनऊ :** उत्तर प्रदेश में भारी बारिश के कारण गंगा, यमुना और बेतवा सहित प्रमुख नदियां कई स्थानों पर खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं और 13 जिले बाढ़ की स्थिति का सामना कर रहे हैं। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। राहत आयुक्त कार्यालय की एक रिपोर्ट के अनुसार, गंगा नदी वाराणसी, मिर्जापुर, गाजीपुर और बलिया में खतरे के निशान से ऊपर बह रही है, जबकि यमुना औरैया, कालपी, हमीरपुर, प्रयागराज और बांदा में लाल निशान से ऊपर है। इसके अनुसार बेतवा नदी भी हमीरपुर में खतरे के निशान से ऊपर बह रही है। राज्य में रविवार को 14.2 मिलीमीटर (मिमी) बारिश हुई और 24 जिलों में भारी बारिश हुई। इस समय राज्य के 13 जिले बाढ़ की स्थिति का सामना कर रहे हैं। इन जिलों में प्रयागराज, जालौन, औरैया, हमीरपुर, मिर्जापुर, वाराणसी, कानपुर देहात, बलिया, बांदा, इटावा, फतेहपुर, कानपुर नगर और चित्रकूट शामिल हैं। अधिकारियों ने बताया कि वाराणसी में सोमवार सुबह गंगा नदी का जलस्तर खतरे के निशान को पार कर गया, जिससे घाट जलमग्न हो गए और अधिकारियों को दाह संस्कार और अन्य धार्मिक अनुष्ठान छतों और ऊंचे चबूतरों पर करने के आदेश देने पड़े। केंद्रीय जल आयोग के अनुसार, सोमवार सुबह तक गंगा नदी 72.1 मीटर के स्तर पर बह रही थी, जो खतरे के स्तर 71.262 मीटर से ऊपर है।



## व्रत - त्यौहार

**06.08.2025 : प्रदोष व्रत**
**08.08.2025 : व्रत की पूर्णिमा**
**09.08.2025 : रक्षा बंधन**
**11.08.2025 : रतजग्गा**

# भाई की तरक्की के लिए रक्षाबंधन पर करें ये सरल उपाय

भाई-बहनों के प्रेम का प्रतीक रक्षाबंधन इस साल 9 अगस्त 2025 को मनाया जाएगा। यह दिन रिश्तों में मिठास, मजबूती और सामाजिक मूल्यों के महत्व को बढ़ाता है। इस दिन बहनें भाई की कलाई पर प्रेम-स्नेह के भाव से राखी बांधती हैं, जिसके बदले भाई अपनी बहन को जीवन भर रक्षा का वचन देता है। यह वचन न केवल सुरक्षा का है बल्कि पारिवारिक बंधन और सामुदायिक भावना को मजबूत करने में भी अहम भूमिका अदा करता है। बता दें, धार्मिक ग्रंथों में भी भाई-बहन के रिश्ते के महत्व का उल्लेख है। यह व्यक्ति को भावनात्मक रूप से मजबूत बनाता है, जिसके प्रभाव से पूरा पारिवारिक जीवन खुशियों और यादों से भरा रहता है। भारत में हर साल पूरे हर्षोल्लास के साथ राखी का पर्व मनाया जाता है। इस दिन बहनें राखी के साथ-साथ भाई की तरक्की और लंबी उम्र के लिए कुछ उपाय भी करती हैं, जिसे शुभ माना गया है। ऐसे में आप इस साल इन तीन सरल उपाय के जरिए भाई की तरक्की और लंबी उम्र की कामना कर सकती हैं। आइए इनके बारे में जानते हैं।

**क्षाबंधन तिथि 2025**

★ श्रावण माह की पूर्णिमा तिथि 8 अगस्त को दोपहर 2 बजकर 12 मिनट से शुरू होगी।

★ इसका समापन 9 अगस्त को दोपहर 1 बजकर 21 मिनट पर है।

★ 9 अगस्त 2025 को रक्षाबंधन मनाया जाएगा।

**शुभ समय**

इस बार राखी बांधने का शुभ मुहूर्त सुबह 5 बजकर 47 मिनट से शुरू होगा। यह मुहूर्त दोपहर 1 बजकर 24 मिनट तक बना रहेगा। इसके अलावा रक्षाबंधन पर सर्वार्थ सिद्धि योग, श्रवण और धनिष्ठा नक्षत्र का संयोग रहेगा। यही नहीं अभिजीत मुहूर्त दोपहर 12 बजकर 17 मिनट से 12 बजकर 53 मिनट तक रहने वाला है। ऐसे में आप इस अवधि में भी रक्षाबंधन मना सकते हैं।



**रक्षाबंधन के उपाय**

ज्योतिषियों के मुताबिक रक्षाबंधन पर भाई को राखी बांधते समय उसके मस्तक पर केसर का तिलक लगाएं। इससे कुंडली में गुरु मजबूत होता है। यही नहीं भाई को ज्ञान, धन, और तरक्की भी मिलती हैं।

रक्षाबंधन पर भाई को राखी बांधने के बाद आप उनका नाम लेकर गाय को चारा खिलाएं। साथ ही गौ माता की सेवा भी करें। इसके प्रभाव से भाई की लंबी उम्र और रिश्तों में प्रेम बढ़ता है।

तिषियों के मुताबिक भाई को राखी बांधने से पहले राखी को गंगाजल, हल्दी, केसर और दूध से शुद्ध कर लें। फिर आप एक साफ थाली में दीप जलाएं। अब कुछ मिठाई और रोली रखें। फिर ओम येन बद्धो बलिराजा दानवेन्द्रो महाबलः तेन त्वामपि बध्नामि रक्षे मा चल मा चल मंत्र का जप करते हुए भाई को राखी बांधें। इसके प्रभाव से भाई की तरक्की और अच्छी सेहत का आशीर्वाद मिलता है।

# जब माता पार्वती ने महेश्वर को श्राप दिया

**परमानंद परम**

जुआ खेलने की परंपरा आदि काल से चली आ रही है। दीपावली जैसा महापर्व हो या फिर शादी के अवसर पर वर वधू द्वारा खेला जाने वाला जुआ हो, लोग इसे खेलकर सौभाग्य से युक्त होना चाहते हैं किंतु सनतकुमार संहिता के अनुसार भगवान् शंकर ने माता पार्वती के पूछने पर बताया कि जुआ (द्यूत) मेरा एक ऐसा दूत है जो मनुष्य के संपूर्ण संचित धर्म एवं व्रतफलों को नष्ट करके उसे अपने साथ ले आता है। इसी से संबंधित एक कथा सनतकुमार संहिता में आती है जिसमें भगवान् शंकर और पार्वती देवी के बीच जुआ खेलने का रोचक विवरण मिलता है।

कथानुसार सृष्टि के संहार करने वाले महेश्वर एवं देवी पार्वती कार्तिक शुक्लपक्ष प्रतिपदा के दिन जुआ खेलने बैठे। देवी पार्वती ने जुआ खेलते हुए भगवान शंकर से तीनों लोकों को जीत लिया। इस पर महेश क्रोधित हो उठे और क्रुद्धावस्था में ही वे निराश होकर गंगातट पर जाकर बैठ गये।

गंगातट पर क्रीड़ा करते हुए जब कुमार कार्तिकेय ने महेश्वर को नैराश्यावस्था में देखा तो उन्होंने महेश्वर से इसका कारण पूछा। कारण जानने के बाद कार्तिकेय ने महेश्वर से द्यूतविद्या को सीखा और माता पार्वती के पास आकर उन्होंने माता के साथ द्यूतक्रीड़ा को खेलना प्रारंभ कर दिया। माता से तीनों लोकों को जीतकर कार्तिकेय ने महेश्वर को अर्पित कर दिया।

अब तक माता पार्वती इसी आशा में बैठी थीं कि महेश्वर अपनी हारी हुई सभी वस्तुओं को लेने जब उनके पास आएंगे तो वह उन्हें मना लेंगी किंतु कार्तिकेय ने उनसे सभी चीजों को जीतकर उनकी आशा पर पानी फेर दिया था। माता पार्वती ने पुत्रा गणेश को बुलाया और उसे द्यूतविद्या सिखाकर महेश्वर के पास भेजा।

गणेश जी ने महेश्वर को द्यूतक्रीड़ा में हरा दिया और सभी वस्तुएं वापस लाकर माता पार्वती को लौटा दी। गणेश को आशीर्वाद देकर माता ने उन्हें वापस जाने के लिए कहा। गणेश के चले जाने के बाद माता पार्वती ने ध्यान करते हुए कहा- हे आदि देव! साम, दाम, दण्ड, भेद, किसी भी प्रकार से महेश्वर को वापस घर लाइये अन्यथा मैं प्राण त्याग दूंगी।

दूसरी ओर महेश्वर को चिंतित बैठे देखकर भगवान विष्णु, कार्तिकेय एवं नारद जी ने तीन पासे वाले एक जुए का निर्माण किया जिसका एक पासा स्वयं लक्ष्मीपति ने बनने का आश्वासन



दिया। इसके अतिरिक्त एक भूमिका बांधकर नारद जी ने रावण के यहां जाकर उसे कुछ सिखाया। रावण ने नारद जी के बताए अनुसार कार्य करने की स्वीकृति दे दी।

माता पार्वती के आदेशानुसार आदि देव गणेश मूषकवाहन पर द्रुतगति से महेश्वर की ओर बढ़े जा रहे थे, तभी रावण ने बीच रास्ते में पहुंचकर बिलाड़ की आवाज में चूहे (मूषक) को डराया। बिलाड़ की भयानक आवाज को सुनकर गणेश जी का चूहा भागकर बिल में जा छिपा और गणेश जी को वहां से गंतव्य की ओर पैदल ही जाना पड़ा।

दूसरी ओर भगवान विष्णु पासे के रूप में बदल ही रहे थे कि गणेश जी ने उन्हें पासा के रूप में बदलते देख लिया। वे महेश्वर के पास आकर बोले-'हे देवों के देव! माता पार्वती आपका स्मरण कर रही हैं। अगर कुछ पल और इसी प्रकार व्यतीत हो जाएंगे तो वे अपना प्राणांत कर लेंगी।

महेश्वर ने शीघ्र आने का वचन देकर गणेश को विदा कर दिया। गणेश जी पैदल ही मातृमहल की ओर चल पड़े। इसी बीच भगवान विष्णु, नारद एवं रावण महेश्वर के समक्ष पहुंचे और महेश्वर को माता पार्वती से द्यूतक्रीड़ा खेलने के लिए राजी करके माया से गणेश जी के पहुंचने से पहले ही महल में पहुंच गये। महेश्वर ने माता पार्वती से कहा -'देवी! पहले आपको हमसे द्यूतक्रीड़ा करनी होगी। मैंने इस कार्य हेतु पासों का निर्माण भी किया है। यदि आप जीत गईं तो मैं अवश्य ही आपके साथ रहूंगा।

खेल आरंभ हुआ और महेश्वर जीतते चले गए। इसी बीच आदि देव गणेश भी वहां पहुंच गये। उन्होंने माता से कहा-'महा माता! इन पासों से मत खेलिए। इन पासों में से एक में स्वयं भगवान विष्णु बैठे हैं। आपके साथ छल हुआ है।

गणेश जी की बात सुनते ही माता पार्वती की आंखें ज्वालामयी हो गयीं। उन्होंने श्राप देते हुए कहा-'मैं सभी को श्राप देती हूं कि एक अबला से छल करने के अपराध में महेश्वर का मस्तक सदैव अबला के भार से नत रहेगा। इधर-इधर सदा चिंगारी लगाने के कारण स्वप्न में भी नारद को किसी स्त्री का साहचर्य प्राप्त न होगा। एक अबला से छल करने के कारण भगवान विष्णु की पत्नी का अपहरण रावण करेगा और इस छल में सहयोगी बनने के कारण रावण को विष्णु के हाथों मरना पड़ेगा। इस छल में सहयोग देने के कारण कार्तिकेय को भी श्राप देती हूं कि वे न कभी युवा होंगे और न ही बूढ़े। महेश्वर के दूत जुआ (द्यूत) को श्राप देती हूं कि वह जिस घर में भी जाएगा, उस घर की सुख-संपत्ति एवं खुशी को नष्ट कर देगा।' माता पार्वती के श्राप का प्रभाव सब पर पड़ा और श्रापित जुआ हर घर को नष्ट करने लगा। (उर्वशी)

# इन सरल उपायों से कीजिए वास्तु शुद्धि

**दयानंद शास्त्री**

शुभ वास्तु के लिए फेंग शुई आदि विदेशी उपाय अपनाने के बजाये हमारे इन स्वदेशी उपायों को आजमाएं।

चाइनीज लोग स्वयं तामसिक आहार जैसे कीड़े मकोड़े, कुत्ते, घोड़े सब खाते है तो वे वास्तु शुद्धि के सात्विक उपाय कैसे दे सकते है?

चाईनीज उपाय अक्सर महंगे होते हैं और इनसे लाभ कितना मिलता है, यह भी संदेहास्पद है इसलिए हमारे स्वदेशी, सस्ते और टिकाऊ प्रभावी उपाय आजमाएं -

**घर में तुलसी के पौधे लगायें।**

- घर एवं आसपास के परिसर को स्वच्छ रखें।
- घर में यथा संभव नियमित गो मूत्र का छिड़काव करें।
- घर के अंदर सप्ताह में दो दिन कच्चे नीम पत्ती की धूनी जलाएं। साथ में पोंछा लगते समय पानी में नमक और फिटकरी मिलाकर पोंछा लगाएं।।
- घर में सुबह शाम कंडे को प्रज्वलित कर गूगल और कपूर का धुना एवं लोबान से धूप करें।
- घर की चारों दीवारों पर वास्तु शुद्धि की सात्विक नाम जप की पट्टियाँ लगाएँ।
- संतों के भजन, स्रोत पठन या मंत्रो की मशीन अथवा या सात्विक नाम जप की ध्वनि चक्रिका चलायें।
- घर में अपने मृत पितरों के चित्रा अपनी दृष्टि के सामने न रखें।
- घर में कलह-क्लेश टालें। वास्तु देवता 'तथास्तु' कहते रहते हैं अतः क्लेश से कष्ट और बढ़ता है एवं धन का नाश होता है।
- घर में सत्संग प्रवचन का आयोजन करें। रामायण पाठ, सत्यनाराण कथा, सुन्दरकाण्ड आदि आयोजन करते रहें।। अतिरिक्त स्थान घर में हो तो धर्म-कार्य हेतु या साप्ताहिक सत्संग हेतु, उस स्थान को किसी संत या गुरु के कार्य हेतु अर्पण करें।
- संतों महात्माओं के चरण घर में पड़ने से घर की वास्तु काफी हद तक शुद्ध हो जाती है अतः संतों के आगमन हेतु अपनी अपनी भक्ति बढ़ाएं।
- प्रसन्न एवं संतुष्ट रहें, घर के सदस्यों के मात्रा प्रसन्नचित्त रहने से घर की ऊर्जा तक शुद्धि की हो जाती है।
- घर में अधिक से अधिक समय, सभी कार्य करते हुए नामजप , स्तोत्रा आदि का पाठ करें।
- सुबह और संध्या समय घर के सभी सदस्य मिलकर पूजा स्थल पर आरती करें।
- घर के पर्दे, दीवार, चादर इत्यादि के रंग हल्के रखें। घर के चादर, पर्दे या दीवारों का रंग काले, बैंगनी या गहरे रंग के न हों यह ध्यान अवश्य रखें । (उर्वशी)

## न्यूज इन ब्रीफ

### कोलकाता जा रही एयर इंडिया एक्सप्रेस की उड़ान तकनीकी खराबी के बाद बेंगलुरु लौटी

**नयी दिल्ली :** कोलकाता जा रहा एयर इंडिया एक्सप्रेस का एक विमान तकनीकी खराबी के कारण रविवार शाम बेंगलुरु लौट गया। 'फ्लाइट ट्रैकिंग' वेबसाइट फ्लाइटरडार 24.कॉम पर दी गई जानकारी के अनुसार, एयरबस ए320 विमान द्वारा संचालित उड़ान आईएक्स2718 करीब दो घंटे से अधिक समय तक हवा में रही और इसके बाद वापस लौट गई। 'एअर इंडिया एक्सप्रेस' के एक प्रवक्ता ने सोमवार को एक बयान में कहा, ''बेंगलुरु से निकला हमारा एक विमान तकनीकी खराबी के कारण हवाई अड्डे पर वापस लौट गया। विमान ने सुरक्षित लैंडिंग से पहले ईंधन और वजन कम करने के लिए हवा में चक्कर लगाया।'' यात्रियों को कोलकाता ले जाने के लिए दूसरे विमान की व्यवस्था की गई।

### 'परीक्षा पे चर्चा' एक महीने में सर्वाधिक पंजीकरण के लिए 'गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड' में दर्ज

**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की 'परीक्षा पे चर्चा' पहल ''एक महीने में नागरिक सहभागिता मंच पर सबसे अधिक लोगों के पंजीकरण'' के लिए गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज हुई है। शिक्षा मंत्रालय ने सोमवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों के अनुसार, कार्यक्रम के आठवें संस्करण के दौरान 3.53 करोड़ वैध पंजीकरण प्राप्त हुए। प्रधानमंत्री मोदी 'परीक्षा पे चर्चा' पहल के तहत छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों से सीधे संवाद करते हैं, जिसका उद्देश्य परीक्षा की अवधि को ''सकारात्मकता, तैयारी और उद्देश्यपूर्ण सीखने के उत्सव'' में बदलना है, जिससे परीक्षाएं तनाव के बजाय प्रोत्साहन का समय बन जाएं। 'गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड' का प्रमाणपत्र औपचारिक रूप से दिए जाने के कार्यक्रम में केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा, ''परीक्षा पे चर्चा को तनाव को सीखने के उत्सव में बदलकर परीक्षाओं के प्रति राष्ट्रीय दृष्टिकोण के रूप में पुनर्परिभाषित किया गया है। इस कार्यक्रम के आठवें संस्करण ने 2025 में सभी मीडिया प्लेटफॉर्म पर कुल 21 करोड़ से अधिक दर्शकों की संख्या दर्ज की।''

### वनतारा ने कोल्हापुर से जामनगर में हथिनी को स्थानांतरित करने की पहल नहीं की : एनजीओ

**नयी दिल्ली :** वनतारा ने महादेवी नामक हथिनी को कोल्हापुर के मठ से जामनगर स्थित अपने केंद्र में स्थानांतरित करने की पहल या अनुरोध नहीं किया, बल्कि केवल अदालत द्वारा नियुक्त प्राप्तकर्ता केंद्र के रूप में कार्य किया। गैर सरकारी संगठन (एनजीओ) ने एक बयान में यह जानकारी दी। तीन दशकों से महाराष्ट्र के कोल्हापुर जिले के नंदनी में एक जैन मठ में रही महादेवी को इस सप्ताह की शुरुआत में एक अदालती फैसले के बाद गुजरात के जामनगर में वनतारा के वन्यजीव पुनर्वास केंद्र में राधे कृष्ण मंदिर हाथी कल्याण न्यास (आरकेटीईडब्ल्यूटी) में स्थानांतरित कर दिया गया। बयान में कहा गया, वनतारा इस प्रक्रिया का प्रारंभिक पक्षकार नहीं था, और पूरी प्रक्रिया न्यायिक एवं वैधानिक निगरानी में, संबंधित प्राधिकरणों के समन्वय से की गई है।

# लोकसभा में एसआईआर को लेकर गतिरोध बरकरार

**नयी दिल्ली :** विपक्षी दलों के सांसदों ने बिहार में जारी मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के मुद्दे पर पिछले कुछ दिनों की तरह सोमवार को भी लोकसभा में हंगामा किया, जिसके कारण सदन की कार्यवाही एक बार के स्थगन के बाद मंगलवार सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई। विपक्षी सदस्यों की नारेबाजी के के कारण सदन की कार्यवाही पहले सुबह 11 बजकर 10 मिनट पर दोपहर दो बजे तक के लिए स्थगित करनी पड़ी और फिर दो बजकर 15 मिनट पर मंगलवार सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई। कार्यवाही एक बार के स्थगन के बाद दोपहर दो बजे फिर से आरंभ होने पर स्थिति ज्यों की त्यों बनी रही। हंगामे के बीच ही आवश्यक कागजात सदन के पटल पर रखे गए और सदन ने सीमा शुल्क टैरिफ




अधिनियम, 1975 की दूसरी अनुसूची में संशोधन से संबंधित सांविधिक संकल्प को स्वीकृति दे दी। वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने यह सांविधिक संकल्प पेश किया था। पीठासीन सभापति जगदंबिका पाल ने सदस्यों से सदन चलने देने की अपील की और खेल से संबंधित दो विधेयकों को पारित करने की जरूरत पर जोर दिया। विधायी कार्यों की सूची में राष्ट्रीय खेल शासन विधेयक, 2025 और राष्ट्रीय डोपिंग रोधी (संशोधन) विधेयक, 2025 सूचीबद्ध थे। पाल ने कहा, ''आज दो बहुत महत्वपूर्ण विधेयक हैं। सरकार 2036 के ओलंपिक की मेजबानी के लिए बोली लगाने जा रही है। देश के खेल और खिलाड़ियों के लिए इससे कुछ महत्वपूर्ण विधेयक नहीं हो सकते।'' खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने कहा, ''खेल शासन विधेयक काफी समय से लंबित है। न्यायालय ने भी कहा है कि खेल में सुशासन के लिए एक अच्छा कानून बनाया जाए। सदस्यों से आग्रह है कि इस पर चर्चा करें।''

### संसद में विपक्ष के हंगामे के बावजूद विधेयक पारित करने के लिए मजबूर होगी सरकार : रीजीजू

संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने सोमवार को कहा कि संसद में विपक्षी दलों का प्रदर्शन जारी रहने के बावजूद सरकार अपने विधेयकों को पारित कराने पर मजबूर होगी। विपक्ष द्वारा बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) पर लगातार हंगामे के कारण दोनों सदनों में सामान्य कामकाज की संभावनाएं धूमिल हो रही हैं। लोकसभा में सोमवार को सूचीबद्ध कामकाज नहीं हो सका, जबकि राज्यसभा की कार्यवाही अपने वर्तमान सदस्य और झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री शिबू सोरेन के निधन के कारण उनके सम्मान में स्थगित कर दी गई। रीजीजू ने कहा कि सरकार अपने विधेयकों पर संसद में गहन चर्चा चाहती है, लेकिन 'राष्ट्रीय हित' में मंगलवार से इन्हें पारित कराने के लिए दबाव बनाने पर मजबूर होगी क्योंकि प्रस्तावित विधेयक शासन के लिए महत्वपूर्ण हैं। विपक्षी दलों पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि वे राष्ट्रीय खेल प्रशासन विधेयक और राष्ट्रीय डोपिंग रोधी (संशोधन) विधेयक पर दो दिन की चर्चा के लिए सहमत हुए थे और दोनों विधेयकों को सोमवार को लोकसभा में एक साथ चर्चा और इन्हें पारित कराने का कार्यक्रम था, लेकिन उन्होंने कार्यवाही बाधित कर दी।

## ओडिशा-झारखंड सीमा पर संदिग्ध माओवादियों ने किए दो आईईडी विस्फोट

### रेलवे पटरियां क्षतिग्रस्त



**भुवनेश्वर :** संदिग्ध माओवादियों ने ओडिशा-झारखंड सीमा स्थित रेलवे पटरियों पर रविवार रात परिष्कृत विस्फोटक उपकरण (आईईडी) से दो धमाके किए। एक पुलिस अधिकारी ने यह जानकारी दी। ये दोनों विस्फोट झारखंड सीमा के पास अलग-अलग स्थानों पर हुए, जिनसे पटरियों को नुकसान पहुंचा। यह घटना सुंदरगढ़ जिले में ओडिशा-झारखंड सीमा के पास रेलवे पटरियों पर हुए आईईडी विस्फोट में एक रेलवे कर्मचारी के मारे जाने के कुछ घंटे बाद हुई। मृतक की पहचान एतावा ओराम (37) के रूप में हुई है, जबकि घायल बुधराम मुंडा को राउरकेला सामान्य अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दोनों व्यक्ति घटनास्थल पर पटरियों के रखरखाव के लिए गए थे। यह विस्फोट बिमलागढ़ रेलखंड के अंतर्गत करमपदा और रेंजदा को जोड़ने वाली पटरियों पर हुआ। हालांकि, दक्षिण पूर्व रेलवे के एक प्रवक्ता ने बताया कि लूप लाइन होने के कारण किसी भी यात्री ट्रेन की आवाजाही प्रभावित नहीं हुई। माओवादियों ने 28 जुलाई से तीन अगस्त तक शहीद सप्ताह मनाने का आह्वान किया था।

## अमरनाथ यात्रा: गुफा मंदिर के लिए 'छड़ी मुबारक' यात्रा शुरू

**श्रीनगर :** अमरनाथ यात्रा का अंतिम चरण सोमवार को शुरू हो गया। महंत दीपेंद्र गिरि ने भगवान शिव की पवित्र छड़ी 'छड़ी मुबारक' को दशनामी अखाड़ा मंदिर से दक्षिण



कश्मीर हिमालय में स्थित गुफा मंदिर की यात्रा के रवाना किया। छड़ी मुबारक के संरक्षक महंत गिरि ने कई साधुओं के साथ कड़ी सुरक्षा के बीच सुबह यहां बुद्धशाह चौक स्थित दशनामी अखाड़ा मंदिर से पवित्र छड़ी यात्रा निकाली। उन्होंने कहा, ''पवित्र छड़ी यात्रा आज रात पहलगाम पहुंचेगी और वहां दो रात रुकेगी। इसके बाद छह अगस्त को चंदनवाड़ी, सात अगस्त को शेषनाग और आठ अगस्त को पंजतरणी में रात्रि विश्राम किया जाएगा। इसके बाद नौ अगस्त को पवित्र गुफा पहुंचेगी, जो शास्त्रों के अनुसार यात्रा का समापन होगा।''

## विपक्षी दल को भारत नहीं, राष्ट्रविरोधी ताकतें पसंद हैं: मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता

**नयी दिल्ली :** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने 'ऑपरेशन सिंदूर' के लिए सोमवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सराहना की और आरोप लगाया कि विपक्षी दल राष्ट्र विरोधी ताकतों से प्यार करते हैं लेकिन भारत से नहीं। गुप्ता ने यह टिप्पणी दिल्ली विधानसभा में 'ऑपरेशन सिंदूर' और 'ऑपरेशन महादेव' पर बहस के दौरान की। उन्होंने कहा कि 'ऑपरेशन सिंदूर' पहलगाम हमले के बाद पाकिस्तान को करारा जवाब था। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने ''हमारी बहनों'' की गरिमा की रक्षा करने में बहुत बड़ी भूमिका निभाई। विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' पर



निशाना साधते हुए मुख्यमंत्री ने कहा, ''ये लोग (विपक्ष) भारत से प्यार नहीं करते, बल्कि वे राष्ट्र-विरोधी ताकतों से प्यार करते हैं क्योंकि वे उनमें अपना प्रतिबिंब देखते हैं।'' उन्होंने कहा, ''विपक्षी दल 'इंडिया' गठबंधन बनाने के लिए एकजुट हुए। नाम तो 'इंडिया' है, लेकिन अगर आप उनकी बात सुनें तो ऐसा लगेगा कि वे पाकिस्तान के प्रवक्ता हैं...यहां तक कि लोकसभा में भी कई सांसदों ने 'ऑपरेशन सिंदूर' पर सवाल उठाए। उन्हें अपनी सेना और अपने प्रधानमंत्री पर भरोसा नहीं है, बल्कि उन्हें दूसरे देशों पर भरोसा है।'' गुप्ता ने विभाजन के मुद्दे पर भी कांग्रेस पर हमला बोला। मुख्यमंत्री ने कहा, ''1947 में आपकी पार्टी (कांग्रेस) सत्ता में थी। आपने भारत की आज़ादी का श्रेय तो लिया, लेकिन विभाजन का नहीं। आपने 1962 के भारत-चीन युद्ध की ज़िम्मेदारी क्यों नहीं ली?''

## दिल्ली सरकार ने निजी स्कूलों के शुल्क वृद्धि को नियंत्रित करने के लिए विधेयक पेश किया

**नयी दिल्ली :** दिल्ली के शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने सोमवार को विधानसभा के मानसून सत्र के पहले दिन राष्ट्रीय राजधानी में निजी स्कूलों द्वारा शुल्क वृद्धि को विनियमित करने के लिए एक विधेयक पेश किया और दावा किया कि इसे रोकने के लिए ''धमकियां'' दी गईं। दिल्ली स्कूल शिक्षा पारदर्शिता शुल्क निर्धारण एवं विनियमन विधेयक, 2025 को विधानसभा में पेश किए जाने से पहले सूद ने कहा कि निजी स्कूलों द्वारा शुल्क में बढ़ोतरी का मुद्दे को रेखा गुप्ता के नेतृत्व वाली सरकार हल करने जा रही है। उन्होंने कहा कि यह सबसे बड़ा मुद्दा है जो मौजूदा सरकार को पिछली सरकार से मिला है। उन्होंने कहा कि हर साल निजी स्कूलों की फीस बढ़ोतरी से स्कूली बच्चों के माता-पिता प्रभावित होते हैं। सूद ने कहा कि शिक्षा माफिया और उससे जुड़े लोगों द्वारा हमें विधानसभा में विधेयक पेश करने से डराने की कोशिश की गई। शिक्षा मंत्री ने कहा कि इस विधेयक को रोकने के लिए उन पर और मुख्यमंत्री पर आरोप लगाए गए। उन्होंने कहा, इसे रोकने के दबाव और धमकियों के बावजूद हमने यह विधेयक लाने का फैसला किया। सूद ने दिल्ली की आम आदमी पार्टी (आप) नीत पिछली सरकार की भी आलोचना की और उस पर निजी स्कूलों के साथ छलपूर्ण व्यवहार करने का आरोप लगाया। विधेयक में शुल्क तय करते समय विचार किए जाने वाले कई कारकों का उल्लेख किया गया है, जिनमें स्कूल का स्थान, बुनियादी ढांचे और शिक्षा की गुणवत्ता, प्रशासनिक लागत, कर्मचारियों का वेतन, अधिशेष निधि और निर्धारित अन्य कारक शामिल हैं।

## अनुच्छेद 370 निरस्तीकरण की वर्षगांठ की पूर्व संध्या पर शीर्ष सुरक्षा अधिकारियों ने शाह से मुलाकात की

**नयी दिल्ली :** जम्मू कश्मीर के विशेष दर्जे से संबंधित अनुच्छेद 370 के अधिकतर प्रावधानों को हटाए जाने की छठी वर्षगांठ की पूर्व संध्या पर शीर्ष सुरक्षा अधिकारियों ने यहां केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के साथ बैठक की और माना जा रहा है कि उन्होंने देश में सुरक्षा स्थिति पर चर्चा की। सूत्रों ने बताया कि राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल, केंद्रीय गृह सचिव गोविंद मोहन और खुफिया ब्यूरो के निदेशक (डीआईबी) तपन डेका ने सोमवार को संसद भवन परिसर स्थित उनके कक्ष में गृह मंत्री से मुलाकात की। सूत्रों ने बताया कि बैठक का ब्योरा अभी उपलब्ध नहीं है, लेकिन समझा जाता है कि उन्होंने देश की मौजूदा सुरक्षा स्थिति पर चर्चा की। पांच अगस्त, 2019 को नरेंद्र मोदी सरकार ने जम्मू कश्मीर के विशेष दर्जे से संबंधित अनुच्छेद 370 के अधिकतर प्रावधानों को निरस्त कर दिया था और तत्कालीन राज्य को दो केंद्र शासित प्रदेशों – जम्मू-कश्मीर और लद्दाख में विभाजित कर दिया था। इस ऐतिहासिक घटना की छठी वर्षगांठ पर जम्मू-कश्मीर का राज्य का दर्जा बहाल करने की मांग बढ़ती जा रही है।

## ट्रंप की ''मृत अर्थव्यवस्था'' वाली टिप्पणी को शाब्दिक रूप से नहीं लिया जाना चाहिए: शशि थरूर

**पुणे :** कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने कहा कि भारत को ''मृत अर्थव्यवस्था'' कहने संबंधी अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की टिप्पणी का मकसद ''अपमान'' करना था और इसे ''शाब्दिक रूप से'' नहीं लिया जाना चाहिए। थरूर ने रविवार को कहा कि जब कुछ सबसे बड़ी शक्तियों की सक्रिय भागीदारी से युद्ध लड़े जा रहे हैं और जिन लोगों से वैश्विक व्यवस्था को कायम रखने की अपेक्षा की जाती है, वे अव्यवस्था को बढ़ावा देने में योगदान दे रहे हैं तो भारत को अपने राष्ट्रीय हितों के बारे में बहुत स्पष्ट होने की जरूरत है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता ने पुणे में 'क्रॉसवर्ड' के मुख्य कार्यकारी अधिकारी आकाश गुप्ता के साथ बातचीत में अपनी नवीनतम



पुस्तक 'द लिविंग कॉन्स्टिट्यूशन' सहित कई मामलों पर बात की। ट्रंप ने भारत पर 25 प्रतिशत शुल्क लगाने तथा रूस से सैन्य उपकरण एवं कच्चा तेल खरीदने पर अतिरिक्त जुर्माना लगाए जाने की पिछले सप्ताह घोषणा करते हुए भारत को एक ''मृत अर्थव्यवस्था'' कहा था। थरूर ने कहा कि खासकर जब ट्रंप 'व्हाइट हाउस' (अमेरिका के राष्ट्रपति का आधिकारिक आवास एवं कार्यालय) में हैं तो ऐसे समय में यह एक अशांत और अप्रत्याशित दुनिया है। उन्होंने कहा, ''ट्रंप के बारे में मैं कहना चाहता हूं कि आप उनकी बातों को शाब्दिक रूप से नहीं ले सकते लेकिन आपको उन्हें गंभीरता से लेने की जरूरत है। वह अमेरिका के राष्ट्रपति हैं और उनके फैसले नीतियों को प्रभावित कर सकते हैं और नीतियां हमें प्रभावित कर सकती हैं। इसलिए उन्हें गंभीरता से लें लेकिन उनकी हर बात को शाब्दिक रूप से न लें। जब वह कहते हैं कि आपकी अर्थव्यवस्था मृत हो चुकी है तो यह ऐसा है जैसे कोई स्कूली बच्चा खेल के मैदान में कहे कि आपकी मां बदसूरत है। आपको इसे गंभीरता से नहीं लेना चाहिए।

## लोकप्रिय दक्षिण कोरियाई अभिनेता सॉन्ग यंग-क्यू मृत पाए गए

**नयी दिल्ली :** बिग बेट, ह्वारंग और हॉट स्टोव लीग जैसी लोकप्रिय कोरियन-ड्रामा में अपनी भूमिकाओं के लिए मशहूर दक्षिण कोरिया के अभिनेता सॉन्ग यंग-क्यू एक वाहन के अंदर मृत पाए गए। कुछ दिनों पहले वह डीयूआई मामले में गिरफ्तार किए गए थे। सॉन्ग (55) रविवार को ग्योंगगी प्रांत के योंगिन स्थित एक टाउनहाउस परिसर में कार में मृत पाए गए। योंगिन पूर्वी पुलिस स्टेशन ने मामले की जांच शुरू कर दी है। स्थानीय समाचार वेबसाइट 'कोरियाबू' के अनुसार, उनकी मृत्यु के कारण का अभी पता नहीं चल पाया है। अभिनेता को 19 जून को नशे में गाड़ी चलाने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था, उनके रक्त में अल्कोहल की मात्रा 0.08



प्रतिशत थी। इस घटना के कारण सॉन्ग को कई अभिनय भूमिकाओं से हटा दिया गया, जैसे ईएनए के द डिफेक्ट्स, एसबीएस के द विनिंग ट्राई और मंच नाटक शेक्सपियर इन लव। द डिफेक्ट्स ने एक बयान जारी किया, जिसमें कहा गया था कि विवाद के बाद उनका स्क्रीन समय सीमित कर दिया जाएगा। इसके लिए उन्होंने पहले ही शूटिंग कर ली थी।

## बेदखल किए गए लोगों को आश्रय नहीं दिया जाना चाहिए: हिमंत

**गुवाहाटी :** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने सोमवार को कहा कि किसी भी व्यक्ति को बेदखल किए गए लोगों को आश्रय नहीं देना चाहिए अन्यथा ''हमारे लोगों कि स्थिति'', जो बेदखली और अन्य उपायों के



कारण सुधरी है वो फिर से ''खराब हो जाएगी''। उन्होंने जोर देकर कहा कि अगर लोग सहयोग करते रहेंगे तो सरकार 'जाति (समुदाय)' की रक्षा के लिए अपने अतिक्रमण विरोधी अभियान जारी रखेगी। बोडोलैंड प्रादेशिक क्षेत्र (बीटीआर) में आयोजित कार्यक्रमों से इतर संवाददाताओं से बातचीत में शर्मा ने कहा, ''हमारे लोग अब सचेत हैं। मुझे नहीं लगता वे ज्यादा सहयोग करेंगे।'' उनसे पूछा गया था कि क्या बेदखल किए गए लोग राज्य के अन्य हिस्सों में बस जाएंगे? उन्होंने कहा कि अतिक्रमणकारियों को वहीं लौट जाना चाहिए जहां से वे आए थे और सरकार को इस बात से कोई आपत्ति नहीं है। जनता से बेदखल किए गए लोगों की सहायता नहीं करने का आग्रह करते हुए उन्होंने कहा, ''हमारे किसी भी व्यक्ति को उन्हें शरण नहीं देनी चाहिए अन्यथा हमारी स्थिति जो बेदखली और अन्य उपायों के कारण थोड़ी बेहतर हुई है, वो फिर से खराब हो जाएगी।'' मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में लगभग 29 लाख बीघा (9.5 लाख एकड़ से अधिक) भूमि अब भी अतिक्रमण के अधीन है। उन्होंने कहा, ''अभी बहुत काम किया जाना बाकी है यदि लोग हमारा सहयोग करें तो हम इसे कर पाएंगे और अपनी 'जाति' (समुदाय) की रक्षा कर पाएंगे।''

## हिमाचल: मंडी में वाहन खाई में गिरा, तीन लोगों की मौत

**शिमला :** हिमाचल प्रदेश के मंडी जिले में एक वाहन के खाई में गिर जाने से उसमें सवार तीन लोगों की मौत हो गई और दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि मृतकों की पहचान देवरत, मंगल चंद और आशू के रूप में हुई है। उसने बताया कि यह हादसा रविवार देर रात हुआ, जब मगरुगला और मझवाल के बीच सैनी नाले के पास एक वाहन संकरी सड़क से फिसलकर गहरी खाई में



गिर गया। पुलिस के मुताबिक, हादसे में वाहन में सवार तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि चालक समेत दो अन्य घायल हो गए। उसने बताया कि वाहन सवार लोग 'सेब सीजन' के लिए शंकरदेहरा गए थे और घर लौट रहे थे।

## फिलीपीन के राष्ट्रपति मार्कोस भारत यात्रा पर, पांच अगस्त को प्रधानमंत्री मोदी से करेंगे वार्ता

**नयी दिल्ली :** फिलीपीन के राष्ट्रपति फर्डिनेंड आर मार्कोस जूनियर ने सोमवार से भारत की अपनी पांच-दिवसीय यात्रा शुरू की। इस दौरान वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ द्विपक्षीय वार्ता करेंगे और दोनों देशों के बीच संबंधों को मजबूत करने के लिए कई कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे। नयी दिल्ली पहुंचने पर, विदेश राज्य मंत्री पबित्रा मार्गेरिटा ने उनका स्वागत किया। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, फिलीपीन के राष्ट्रपति फर्डिनेंड आर मार्कोस जूनियर भारत की अपनी पहली राजकीय यात्रा पर नयी दिल्ली पहुंच गए हैं। विदेश राज्य मंत्री पबित्रा मार्गेरिटा ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया।'' उन्होंने कहा, भारत और फिलीपीन राजनयिक संबंधों की स्थापना की 75वीं वर्षगांठ मना रहे हैं। इस यात्रा से भारत-फिलीपीन संबंधों को और मजबूती मिलेगी। अपनी यात्रा के पहले दिन, राष्ट्रपति मार्कोस शाम को विदेश मंत्री एस. जयशंकर से मुलाकात करेंगे। भारत की चार से आठ अगस्त तक की यात्रा के दौरान मार्कोस राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात करेंगे और प्रधानमंत्री मोदी के साथ द्विपक्षीय वार्ता करेंगे। विदेश मंत्रालय ने 31 जुलाई को एक बयान में कहा कि यह यात्रा दोनों नेताओं के लिए भविष्य के द्विपक्षीय सहयोग का मार्ग निर्धारित करने तथा आपसी हित के क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर बातचीत करने का एक अवसर है।

### मेघालय में कार के खाई में गिरने से पांच लोगों की मौत

**शिलांग :** मेघालय के पूर्वी खासी हिल्स जिले में एक कार के 70 फुट गहरी खाई में गिर जाने से उसमें सवार पांच लोगों की मौत हो गई, जिनमें एक गर्भवती महिला शामिल है। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि यह घटना शिलांग-डावकी रोड पर रिंगैन के पास रविवार शाम करीब सात बजे हुई। पुलिस के अनुसार, कार शिलांग से पिनुरस्ला जा रही थी, इस दौरान खतरनाक मोड़ों और कम दृश्यता के कारण चालक ने कार पर से नियंत्रण खो दिया पुलिस के एक अधिकारी ने बताया, ''हमें संदेह है कि कार में पांच लोग सवार थे, जिसमें एक गर्भवती महिला भी शामिल थी।

# उत्तर भारत में बारिश से तबाही, उत्तराखंड में तीन लोग डूबे, यूपी में नदियां उफान पर

**नयी दिल्ली :** उत्तर भारत में बारिश का सितम जारी रहने के बीच उत्तराखंड में तीन लोग डूब गए, जबकि हिमाचल प्रदेश में एक वाहन के गीली सड़क से फिसलकर खाई में गिरने से तीन लोगों की जान चली गई। उत्तर प्रदेश के 13 जिले बाढ़ की चपेट में हैं। गंगा, यमुना और बेतवा जैसी प्रमुख नदियां कई जगहों पर खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं। वहीं, राजस्थान में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने भारी बारिश के बाद बाढ़ जैसी स्थिति से हुए नुकसान का आकलन करने के लिए सवाई माधोपुर जिले में हवाई सर्वेक्षण किया। उत्तराखंड में हल्द्वानी के पास भाखड़ा नदी की तेज धारा में एक व्यक्ति बह गया। रविवार को हल्द्वानी रोड पर भुजियाघाट के पास उफनती नदी में दो अन्य लोग डूब गए थे। राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र ने बताया कि रुद्रप्रयाग जिले में रात को भूस्खलन के कारण पहाड़ी से गिरे पत्थरों और मलबे के नीचे दो दुकानें दब गईं। देहरादून में रातभर भारी बारिश जारी रही और जिला प्रशासन ने स्कूल और आंगनवाड़ी केंद्रों को एक दिन के लिए बंद कर दिया। राज्य की प्रमुख नदियां उफान पर हैं, जिनमें हरिद्वार में गंगा और काली नदी भी शामिल हैं। हिमाचल प्रदेश के मंडी में एक वाहन के खाई में गिर जाने से उसमें सवार तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि दो अन्य घायल हो गए। पुलिस ने मृतकों की पहचान देवरत, मंगल चंद और आशु के रूप में की है। यह घटना रविवार देर रात उस समय घटी, जब वाहन संकरी सड़क से फिसलकर मगरूगला और मझवाल के बीच सैनी नाले के पास एक गहरी खाई में जा गिरा। वाहन



में सवार सभी पांच लोग शंकरदेहरा से घर लौट रहे थे। राजस्थान के अधिकारियों ने बताया कि मुख्यमंत्री शर्मा ने चकेरी, जड़ावता, अजनोटी, मैनपुरा, धनौली और सुरवाल गांवों का हवाई सर्वेक्षण किया और खंडार में क्षतिग्रस्त बोदल पुलिया का निरीक्षण किया। राज्य के पूर्वोत्तर के कुछ जिलों में अगले दो-तीन दिन मध्यम से भारी बारिश होने का अनुमान है। शर्मा ने एक बयान में कहा, सभी आवश्यक सहायता बिना किसी देरी के प्रदान की जानी चाहिए। प्रशासन को सतर्क रहना चाहिए और यह सुनिश्चित करना चाहिए कि लोगों को आगे कठिनाइयों का सामना न करना पड़े। उत्तर प्रदेश में राहत आयुक्त कार्यालय की ओर से जारी रिपोर्ट के अनुसार, वाराणसी, मिर्जापुर, गाजीपुर और बलिया में गंगा खतरे के निशान से ऊपर बह रही है, जबकि औरैया, कालपी, हमीरपुर, प्रयागराज और बांदा में यमुना नदी लाल निशान को पार कर गई है। रिपोर्ट के मुताबिक, हमीरपुर में बेतवा नदी खतरे के निशान से ऊपर बह रही है। इसमें कहा गया है कि रविवार को राज्य में 14.2 मिलीमीटर बारिश हुई, जबकि 24 जिलों में भारी बारिश हुई। रिपोर्ट में कहा गया है कि प्रयागराज, जालौन, औरैया, मिर्जापुर, वाराणसी, कानपुर देहात, बांदा, इटावा, फतेहपुर, कानपुर शहर और चित्रकूट में बाढ़ आ गई है।

## हिमाचल के कई हिस्सों में भारी बारिश के लिए 'ऑरेंज' अलर्ट जारी, वर्षा जनित कारणों से 103 मौतें

**शिमला :** हिमाचल प्रदेश के कुछ हिस्सों में सोमवार और मंगलवार को भारी वर्षा की संभावना को देखते हुए मौसम विभाग ने 'ऑरेंज' अलर्ट जारी किया है। अधिकारियों के अनुसार, राज्य में मध्यम से तेज बारिश जारी रहने के कारण सोमवार को एक राष्ट्रीय राजमार्ग सहित 310 सड़कों पर



वाहनों की आवाजाही बंद रही। राजधानी शिमला के उपनगर पंथाघाटी में रविवार रात भूस्खलन होने के कारण मेहली-शोघी बाईपास मार्ग अवरुद्ध हो गया। स्थानीय निवासियों ने बताया कि मलबे से सड़क बंद हो गई और गिरते पत्थरों से आसपास की कुछ दुकानों को नुकसान भी पहुंचा। मौसम विभाग ने राज्य के कुछ स्थानों पर सोमवार और मंगलवार को भारी से बहुत भारी वर्षा के लिए 'ऑरेंज' अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग देश में मौसम संबंधी अलर्ट जारी करने के लिए चार रंगों का उपयोग करता है। ये रंग और इनके संदेश.... ग्रीन (किसी कार्रवाई की जरूरत नहीं), येलो (नजर रखें और निगरानी करते रहें), ऑरेंज (तैयार रहें) और रेड (कार्रवाई/सहायता की जरूरत) हैं। 'ऑरेंज अलर्ट' का अर्थ है संभावित बिजली कटौती और परिवहन, रेल, सड़क तथा हवाई यात्रा में संभावित व्यवधान के लिए तैयार रहें। रविवार शाम से अब तक कसौली में 82 मिमी, नैना देवी में 62.6 मिमी, जोगिंद्रनगर में 60 मिमी, ब्राह्मणी में 49.2 मिमी, मनाली में 45 मिमी, गुलैर में 29 मिमी, पंडोह में 27 मिमी, करसोग में 26.2 मिमी, सराहन में 25.5 मिमी और शिमला में 28 मिमी वर्षा दर्ज की गई है। राज्य आपात संचालन केंद्र (एसईओसी) के अनुसार, सोमवार सुबह तक एनएच 305 (औट से सैंज) सहित 310 सड़कें यातायात के लिए बंद हैं। इनमें से सबसे अधिक 171 सड़कें मंडी जिले में और 68 कुल्लू जिले में बंद हैं, जो आपदा से सर्वाधिक प्रभावित क्षेत्र हैं।

# ओवल में टीम इंडिया की रोमांचक जीत, टेस्ट सीरीज 2-2 से बराबर



## हमेशा यकीन था कि किसी भी स्थिति से मैच जिता सकता हूं : सिराज

लंदन : इंग्लैंड के खिलाफ निर्णायक पांचवें टेस्ट में भारत की जीत के शिल्पकार रहे तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज ने कहा कि उन्हें हमेशा से यकीन था कि वह किसी भी स्थिति से टीम को जीत दिला सकते हैं और उन्होंने यही किया। सिराज ने आखिरी चार में से तीन विकेट चटकाकर भारत को छह रन से अविस्मरणीय जीत दिलाई। उन्होंने दूसरी पारी में 30.1 ओवर में 104 रन देकर पांच विकेट चटकाये। उन्होंने मैच के बाद कहा, 'मुझे हमेशा से यकीन था कि किसी भी स्थिति से जीत दिला सकता हूं और सुबह यही किया।' हैदराबाद के इस तेज गेंदबाज ने कहा, 'मेरी एक ही रणनीति थी कि सही जगह पर गेंद डालनी है। इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि विकेट मिलते हैं या रन जाते हैं।'

**लंदन :** मोहम्मद सिराज की जादुई गेंदबाजी की बदौलत भारत ने पांचवां और अंतिम टेस्ट मैच छह रन से जीतकर इंग्लैंड के खिलाफ रोमांचक श्रृंखला 2-2 से बराबर कर ली। आखिरी दिन इंग्लैंड को जीत के लिए केवल 35 रन की जरूरत थी जबकि भारत को चार विकेट चाहिए थे। लेकिन सिराज (5 विकेट, 104 रन) और प्रसिद्ध कृष्णा (4 विकेट, 126 रन) की धारदार गेंदबाजी ने मैच का रुख पूरी तरह पलट दिया। सिराज ने अंतिम दिन तीन विकेट चटकाए और इंग्लैंड की पारी को 350 रन पर समेट दिया, जो 374 रन के लक्ष्य से छह रन पीछे रह गई। इस तरह भारत ने हार की कगार से वापसी करते हुए मुकाबला अपने नाम कर लिया। चौथे दिन बारिश और अंधेरे के कारण समय से पहले खेल रोका गया था, जिस पर पूर्व क्रिकेटरों ने सवाल उठाए थे, लेकिन पांचवें दिन के रोमांच ने सब कुछ भुला दिया। ओवल स्टेडियम दर्शकों से खचाखच भरा था और हर गेंद पर सांसें थमी थीं। अंतिम क्षणों में सिराज ने गस एटकिंसन को यॉर्कर पर बोल्ड कर भारत को ऐतिहासिक जीत दिलाई। इस मैच में क्रिस वोक्स ने एक हाथ से बल्लेबाजी कर खेल भावना का बेहतरीन उदाहरण पेश किया। श्रृंखला का यह समापन हाल के वर्षों की सबसे यादगार टेस्ट लड़ाइयों में से एक साबित हुआ।

## मैं इस जीत को अपने करियर के शीर्ष पर रखूंगा: राहुल

लंदन : सलामी बल्लेबाज लोकेश राहुल ने सोमवार को कहा कि इंग्लैंड के खिलाफ 2-2 से टेस्ट श्रृंखला ड्रॉ कराना 'भारतीय क्रिकेट के सबसे यादगार पलों में से एक होगा' क्योंकि यह एक ऐसी टीम द्वारा हासिल किया गया था जिसे विराट कोहली और रोहित शर्मा जैसे दिग्गजों की अनुपस्थिति में 'दावेदार नहीं माना गया था'। मोहम्मद सिराज ने थकान को धत्ता बताते हुए मैच के पांचवें दिन कमाल की गेंदबाजी करते हुए पांचवें टेस्ट मैच की दूसरी पारी में पांच विकेट झटक कर भारत को छह रन से यादगार जीत दिलाई। इस श्रृंखला में कई बार बेहतर स्थिति से होने के बावजूद मैच से नियंत्रण गंवाने वाली भारतीय टीम ने आखिरी एक घंटे में शानदार गेंदबाजी से मैच का पासा पलट दिया।

## हर कप्तान का सपना है सिराज जैसा गेंदबाज: गिल

**लंदन :** भारतीय कप्तान शुभमन गिल का मानना है कि मोहम्मद सिराज जैसी क्षमता और कौशल वाला गेंदबाज हर कप्तान का सपना होता है। गिल ने साथ ही 2-2 की बराबरी को इंग्लैंड के खिलाफ पांच टेस्ट मैच की श्रृंखला में दिखाए गए क्रिकेट के स्तर का 'उचित प्रतिबिंब' करार दिया। श्रृंखला में 754 रन और चार शतक के साथ भारत के श्रृंखला के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी रहे गिल ने सिराज की जमकर तारीफ की जिनके द ओवल में मैच में नौ विकेट की बदौलत भारत ने जीत दर्ज की और श्रृंखला बराबर की। गिल ने मैच के बाद पुरस्कार वितरण समारोह के दौरान माइकल आथर्टन से कहा, 'सिराज किसी भी कप्तान का सपना है। उन्होंने हर गेंद और हर स्पैल में अपना सब कुछ झोंक दिया। 2-2 की बराबरी एक उचित प्रतिबिंब है। यह दर्शाता है कि दोनों टीम कितने जोश से भरी थीं और उन्होंने कितना अच्छा खेला।' कप्तान ने तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा की भी तारीफ की जिन्होंने मैच में आठ विकेट लिए। वह हालांकि थोड़े महंगे साबित हुए। गिल ने कहा, 'जब आपके पास सिराज और प्रसिद्ध जैसे गेंदबाज हों तो कप्तानी आसान लगती है। मुझे लगता है कि आज हमने जिस तरह से प्रतिक्रिया दी वह शानदार थी। हमें पूरा विश्वास था, कल भी, हमें पता था कि वे दबाव में हैं।'

## अंडर-22 एशियाई मुक्केबाजी चैंपियनशिप: छह मुक्केबाजों ने भारत के लिए छह और पदक पक्के किए

**बैंकॉक :** दो महिला मुक्केबाजों और चार पुरुष मुक्केबाजों ने सोमवार को अंडर-22 एशियाई मुक्केबाजी चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में प्रवेश कर भारत के लिए छह और पदक पक्के कर दिए। प्रिया (महिला 60 किग्रा), पारांजल यादव (महिला 70 किग्रा), हर्ष (पुरुष 60 किग्रा), नीरज (पुरुष 75 किग्रा), रॉकी चौधरी (पुरुष 85 किग्रा) और इशान कटारिया (पुरुष 90 किग्रा से अधिक) ने अपने-अपने मुकाबलों में आसान जीत के साथ सेमीफाइनल में जगह पक्की की। प्रिया ने जापान की सारी कोकुफू को 5-0 के सर्वसम्मत फैसले से हराकर भारत की जीत की शुरुआत की। हर्ष ने भी मंगोलिया के मुंख-एर्डीन एर्डेनेबोल्ड को इसी अंतर से मात दी। पारांजल चीन की मेंगे झांग को कड़े मुकाबले में हराकर सुबह के सत्र में भारत के लिए पदक पक्का करने वाली तीसरी मुक्केबाज बनीं। दोनों मुक्केबाजों ने आक्रामक रुख अपनाया और भारतीय मुक्केबाज ने खंडित फैसले में 3-2 से जीत हासिल की। अंडर-19 और अंडर-22 एशियाई मुक्केबाजी चैंपियनशिप का आयोजन एक साथ हो रहा है जो भारत के उभरते सितारों को एशिया के कुछ सबसे कठिन प्रतिद्वंद्वियों के खिलाफ अपने कौशल और दृढ़ संकल्प का प्रदर्शन करने का एक मंच प्रदान करती हैं। भारत ने 40 मुक्केबाजों का मजबूत दल उतारा है जिसमें प्रत्येक आयु वर्ग में 20 मुक्केबाज हैं। रविवार को अंडर-22 वर्ग में भारत के दो पदक पहले ही पक्के हो चुके थे जब भावना शर्मा (महिला 48 किग्रा) और यात्री पटेल (महिला 57 किग्रा) सेमीफाइनल में पहुंच गईं। शाम के सत्र में नीरज ने भारत का विजय अभियान जारी रखा और चीनी ताइपे के जुन-झांग लिन को 5-0 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया।



## दीक्षा संयुक्त 46वें स्थान पर, यामाशिता को खिताब

**पोर्थकॉल (वेल्स) :** भारत की दीक्षा डागर मौसम से प्रभावित अंतिम दौर में पांच ओवर 77 के खराब प्रदर्शन के साथ यहां एआईजी महिला ओपन में संयुक्त 46वें स्थान पर रहीं। दीक्षा ने अंतिम दौर में तीन बर्डी की लेकिन वह आठ बोगी कर गईं जिससे उनका कुल स्कोर छह ओवर रहा। जापान के मियु यामाशिता ने खिताब जीता जिसके लिए उन्हें 14 लाख 62 हजार 500 डॉलर की राशि मिली।

## विम्बलडन चैम्पियन स्वियातेक को हराकर टॉसन क्वार्टर फाइनल में


**मांट्रियल :** डेनमार्क की क्लारा टॉसन ने दूसरी वरीयता प्राप्त विम्बलडन चैम्पियन पोलैंड की इगा स्वियातेक को 7-6, 6-3 से हराकर नेशनल बैंक ओपन टेनिस के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। छह फुट लंबी टॉसन ने स्वियातेक के हाथों विम्बलडन में मिली हार का बदला भी चुकता कर दिया। अब उनका सामना अमेरिका की मेडिसन कीस से होगा जिन्होंने चेक गणराज्य की 11वीं वरीयता प्राप्त कैरोलिना मुचोवा को 4-6, 6-3, 7-5 से मात दी। टॉसन ने जनवरी में न्यूजीलैंड में एकमात्र टूर खिताब जीता था। जापान की नाओमी ओसाका भी लातविया की अनास्तासिया सेवास्तोवा को 6-1, 6-0 से हराकर क्वार्टर फाइनल में पहुंच गई। अब उनका सामना दसवीं वरीयता प्राप्त एलिना स्वितोलिना से होगा जिन्होंने अमेरिका की पांचवीं वरीयता प्राप्त अमांडा अनिसिमोवा को 6-4, 6-1 से हराया।

## व्यस्त कार्यक्रम कारण मेस्सी की अगुवाई वाली अर्जेंटीना ने केरल दौरे को रद्द किया: मंत्री

**तिरुवनंतपुरम :** महान खिलाड़ी लियोनेल मेस्सी की अगुवाई वाली अर्जेंटीना की फुटबॉल टीम केरल के दौरे पर नहीं आयेगी। यह जानकारी राज्य के खेल मंत्री वी अब्दुर्रहमान ने सोमवार को दी। इससे पहले मंत्री ने जोर देकर कहा था कि सरकार द्वारा घोषित कार्यक्रम के मुताबिक मेस्सी के नेतृत्व वाली अर्जेंटीना की टीम राज्य का दौरा करेगी और प्रायोजक ने पहले ही इस दौरे के लिए मैच फीस का भुगतान कर दिया है। उन्होंने हालांकि सोमवार को पत्रकारों से कहा कि अर्जेंटीना की टीम ने उन्हें बताया कि उन्हें इस साल अक्टूबर में राज्य का दौरा करने में परेशानी हो रही है, लेकिन प्रायोजक ने जवाब दिया कि 'हमें केवल अक्टूबर के महीने में इस दौरे में रुचि है।'

## न्यूज अपडेट

### अमन कुश्ती विश्व चैंपियनशिप में पदार्पण के लिए तैयार, सुजीत ने भी बनाई भारतीय टीम में जगह



**लखनऊ :** पेरिस ओलंपिक के कांस्य पदक विजेता अमन सहरावत (57 किग्रा) को विश्व चैंपियनशिप के चयन ट्रायल में कोई खास चुनौती नहीं मिली तो वहीं सुजीत कलकल नेशानदार कौशल दिखाते हुए सोमवार को पुरुषों के 65 किलोग्राम फ्रीस्टाइल वर्ग में राष्ट्रीय टीम में अपनी जगह पक्की कर ली। क्रोएशिया के जगरेब में अगले महीने होने वाली विश्व चैंपियनशिप 2024 में पेरिस ओलंपिक में कांस्य जीतने के बाद सहरावत का विश्व स्तर का दूसरा टूर्नामेंट होगा। इस 22 साल के पहलवान ने जून में प्रतिस्पर्धी कुश्ती में वापसी करते हुए मंगोलिया रैंकिंग सीरीज में कांस्य पदक जीता था। वह हालांकि यहां ट्रायल में मंगोलिया की तुलना में कहीं बेहतर नजर आये। उन्होंने अपने पहले मुकाबले में सुमित के खिलाफ मात्र एक अंक गंवाने के बाद शुरुआती पीरियड में ही तकनीकी श्रेष्ठता से जीत दर्ज की। उन्होंने फाइनल में राहुल को एकतरफा अंदाज में बिना कोई अंक गवायें तकनीकी श्रेष्ठता से मात दी। अमन ने कहा, 'मुझे लगता है कि मैं अपनी सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में लौट आया हूं। मेरी फिटनेस अच्छी है और मेरी लय भी वापस आ गई है। मैं विश्व चैंपियनशिप के लिए तैयार हूं।'

### हमने पहले भी शीर्ष टीमों को हराया है, हमें अपनी पूरी क्षमता तक पहुंचना होगा: भारतीय बास्केटबॉल कोच

**नयी दिल्ली :** एशियाई बास्केटबॉल में भारत भले ही कमजोर टीम हो लेकिन मुख्य कोच स्कॉट फ्लेमिंग ने भरोसा जताया है कि इस युवा टीम में अपनी क्षमता से बेहतर प्रदर्शन करने का दम है और उन्होंने हाल के मुकाबलों में कुछ बड़ी टीमों को हराया है। एशिया में वर्तमान में 15वें स्थान पर काबिज भारत को मंगलवार से शुरू हो रहे फिबा एशिया कप में 16 बार के स्वर्ण पदक विजेता चीन (छठी रैंकिंग), 2022 में सेमीफाइनल में जगह बनाने वाले जोर्डन (आठवें) और मेजबान सऊदी अरब (10वें) के साथ ग्रुप सी में रखा गया है। फ्लेमिंग ने मंगलवार से शुरू हो रहे इस महाद्वीपीय टूर्नामेंट से पहले कहा, 'मैं परिणामों की भविष्यवाणी करने में अधिक दिलचस्पी नहीं रखता। मैं बस अपनी पूरी क्षमता तक पहुंचना चाहता हूं। हमने पहले भी कुछ ऐसी टीमों को हराया है जिनके बारे में लोगों ने कहा था कि हम उन्हें नहीं हरा सकते। और हम फिर से उसी स्थिति में हैं।' उन्होंने कहा, 'अगर हम पहले दौर से आगे निकल गए तो हम कुछ ऊंचे लक्ष्य तय करेंगे। हम लगभग हमेशा ही कमजोर टीम माने जाते हैं लेकिन हमने हाल ही में कुछ ऊंची रैंकिंग वाली टीमों को हराया है और इससे हमें कुछ आत्मविश्वास मिला है।'

### मोहन बागान सुपर जायंट ने बीएसएफ को 4-0 से हराया

**कोलकाता :** लिस्टन कोलासो के दो गोल की मदद से मोहन बागान सुपर जायंट ने 134वें डूरंड कप फुटबॉल में सोमवार को यहां ग्रुप बी के मैच में सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) को 4-0 से हराकर लगातार दूसरी जीत दर्ज की। कोलासो के अलावा सहल अब्दुल समद और मनवीर सिंह ने भी मोहन बागान के लिए गोल दागे। मोहन बागान के दो मैचों में छह अंक हो गये हैं लेकिन टीम ग्रुप तालिका में गोल अंतर के कारण डायमंड हार्बर एफसी के बाद दूसरे स्थान पर है। मोहन बागान के सामने अब नौ अगस्त को डायमंड हार्बर की चुनौती होगी।



## आरबीआई की मौद्रिक नीति समीक्षा बैठक शुरू, बुधवार को निर्णय की घोषणा





**मुंबई :** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर संजय मल्होत्रा की अध्यक्षता वाली मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) ने सोमवार को द्विमासिक मौद्रिक नीति समीक्षा के लिए विचार-विमर्श शुरू किया। छह सदस्यीय मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की बैठक तीन दिन चलेगी। बुधवार (छह अगस्त) को द्विमासिक मौद्रिक नीति की घोषणा की जाएगी। आरबीआई ने फरवरी में नीतिगत दरों को घटाना शुरू किया था और तब से तीन बार में अल्पकालिक उधारी दर (रेपो) में एक प्रतिशत की कमी हुई है। विशेषज्ञों का मानना है कि रिजर्व बैंक इस बार यथास्थिति बनाए रख सकता है। सात अगस्त से भारतीय आयातों पर 25 प्रतिशत शुल्क लगाने की अमेरिका की घोषणा के बाद केंद्रीय बैंक और अधिक व्यापक आंकड़ों का इंतजार करना चाहेगा। हालांकि, उद्योग जगत के कुछ लोगों को ब्याज दरों में 0.25 प्रतिशत कटौती की उम्मीद जताई। बैंक ऑफ बड़ौदा के मुख्य अर्थशास्त्री मदन सबनवीस ने कहा कि मौद्रिक नीति जून में कम मुद्रास्फीति और 25 प्रतिशत अमेरिकी शुल्क लगाने के हाल के घटनाक्रमों पर आधारित नहीं होगी।

## ट्रंप शुल्क से तीस प्रतिशत घट सकता है भारत का अमेरिका को निर्यात: जीटीआरआई




**नयी दिल्ली :** शोध संस्थान जीटीआरआई ने सोमवार को कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के भारतीय वस्तुओं पर अतिरिक्त 25 प्रतिशत आयात शुल्क लगाने के कारण चालू वित्त वर्ष में भारत का अमेरिका को निर्यात 30 प्रतिशत घटकर 60.6 अरब डॉलर रह सकता है। निर्यात को बढ़ावा देने के लिए जीटीआरआई ने सरकार को ब्याज समानीकरण योजना को पुनर्जीवित करने, एक हेल्पडेस्क बनाने, व्यापार समझौतों का रणनीतिक उपयोग करने और नए निर्यातकों को शामिल करने का सुझाव दिया। अमेरिका द्वारा भारत पर लगाया गया 25 प्रतिशत शुल्क चीन के बाद सबसे अधिक है। अमेरिका ने चीन पर 30 प्रतिशत, वियतनाम पर 20 प्रतिशत, बांग्लादेश पर 18 प्रतिशत, इंडोनेशिया, मलेशिया और फिलीपींस पर 19 प्रतिशत, तथा जापान और दक्षिण कोरिया पर 15 प्रतिशत शुल्क लगाया है। ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव (जीटीआरआई) के अनुसार कुछ अपवादों को छोड़कर शुल्क से ज्यादातर क्षेत्रों में भारतीय निर्यात को नुकसान होगा। अमेरिका की नयी शुल्क व्यवस्था में दवा, ऊर्जा उत्पाद, महत्वपूर्ण खनिज और सेमीकंडक्टर शामिल नहीं हैं। जीटीआरआई के संस्थापक अजय श्रीवास्तव ने कहा, 'भारतीय वस्तुओं पर दबाव है। इसके चलते अमेरिका को भारत का निर्यात लगभग 30 प्रतिशत घटकर वित्त वर्ष 2025-26 में लगभग 60.6 अरब अमेरिकी डॉलर रह सकता है।'

# भारत बना दुनिया का पांचवां सबसे बड़ा विमानन बाजार: आईएटीए




**नयी दिल्ली :** भारत दुनिया का पांचवां सबसे बड़ा विमानन बाजार बनकर उभरा है। वहीं, मुंबई-दिल्ली मार्ग दुनिया के सबसे व्यस्त हवाई मार्गों की सूची में सातवें स्थान पर रहा। विमानन कंपनियों के समूह आईएटीए ने एक रिपोर्ट में यह कहा। इंटरनेशनल एयर ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन (आईएटीए) ने सोमवार को वर्ल्ड एयर ट्रांसपोर्ट स्टैटिस्टिक्स (डब्ल्यूएटीए) 2024 का नवीनतम संस्करण जारी किया। आईएटीए लगभग 350 विमानन कंपनियों का प्रतिनिधित्व करता है। रिपोर्ट के अनुसार, भारत में 2023 की तुलना में 2024 में 11.1 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई और कुल 21.1 करोड़ यात्रियों ने हवाई यात्रा की। यह आंकड़ा जापान से अधिक है, जहां 2024 में 20.5 करोड़ यात्रियों ने हवाई यात्रा की। हालांकि जापान में सालाना वृद्धि दर 18.6 प्रतिशत रही। आईएटीए की रिपोर्ट में कहा गया, अमेरिका दुनिया का सबसे बड़ा विमानन बाजार बना हुआ है, जहां 87.6 करोड़ यात्रियों ने 2024 में हवाई यात्रा की। वहीं इस सूची में दूसरे स्थान पर चीन रहा जहां समान अवधि में 74.1 करोड़ यात्रियों ने हवाई यात्रा की और 2023 की तुलना में 18.7 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। आईएटीए द्वारा जारी आंकड़ों के मुताबिक भारत जहां पांचवें स्थान पर रहा, वहीं ब्रिटेन (26.1 करोड़ यात्री) तीसरे और स्पेन चौथे स्थान (24.1 करोड़ यात्री) पर रहा। आईएटीए के अनुसार शीर्ष 10 हवाई मार्गों में मुंबई-दिल्ली मार्ग वर्ष 2024 में सातवें स्थान पर रहा, जहां कुल 59 लाख यात्रियों ने हवाई यात्रा की। आईएटीए के अनुसार, दुनिया के सबसे व्यस्त हवाई मार्गों की सूची में एशिया-प्रशांत क्षेत्र का दबदबा रहा। वर्ष 2024 में दक्षिण कोरिया का जेजू-सियोल मार्ग दुनिया का सबसे लोकप्रिय हवाई मार्ग रहा, जहां 1.32 करोड़ यात्रियों ने यात्रा की।

## धातु, वाहन शेयरों में लिवाली से सेंसेक्स 419 अंक उछला, निफ्टी 157 अंक मजबूत




**मुंबई :** वैश्विक बाजारों में मजबूत रुख के बीच धातु, जिंस एवं वाहन शेयरों में तेजी रहने से सोमवार को बीएसई सेंसेक्स लगभग 419 अंक बढ़कर 81,000 के स्तर के ऊपर बंद हुआ जबकि निफ्टी में 157 अंकों की तेजी रही। बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 418.81 अंक यानी 0.52 प्रतिशत बढ़कर 81,018.72 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 493.28 अंक चढ़कर 81,093.19 अंक तक पहुंच गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का 50 शेयरों वाला मानक सूचकांक निफ्टी भी 157.40 अंक यानी 0.64 प्रतिशत की बढ़त के साथ 24,722.75 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान इसने 24,734.65 के उच्च स्तर तक चला गया था। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में से टाटा स्टील में सर्वाधिक 4.31 प्रतिशत की तेजी दर्ज की गई। इसके अलावा बीईएल, अदाणी पोर्ट्स, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, टेक महिंद्रा, भारती एयरटेल, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, ट्रेंट, महिंद्रा एंड महिंद्रा, रिलायंस इंडस्ट्रीज, अल्ट्राटेक सीमेंट और लार्सन एंड टुब्रो के शेयरों में भी तेजी रही। हालांकि पावर ग्रिड, एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक और हिंदुस्तान यूनिलीवर के शेयरों में गिरावट रही। जियोजित इन्वेस्टमेंट्स के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, घरेलू शेयर बाजार में धातु और वाहन क्षेत्रों के मजबूत प्रदर्शन के कारण तेजी आई। अमेरिकी डॉलर में कमजोर रुख के साथ वाहनों की मासिक बिक्री के अच्छे आंकड़ों और प्रमुख वाहन कंपनियों के उत्साहजनक तिमाही नतीजों ने इन क्षेत्रों में निवेशकों की रुचि को फिर जगाया।

## टीटागढ़ रेल सिस्टम्स को मुंबई मेट्रो को 108 डिब्बे की आपूर्ति के लिए 1,600 करोड़ रुपये का मिला ठेका

**कोलकाता :** टीटागढ़ रेल सिस्टम्स लिमिटेड (टीआरएसएल) को मुंबई मेट्रो के लिए 108 डिब्बे बनाने का 1,598.55 करोड़ रुपये का ठेका मिला है। कंपनी के एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। टीआरएसएल के उप प्रबंध निदेशक प्रीतीश चौधरी ने बताया कि टीआरएसएल को मुंबई मेट्रो की लाइन-6 के लिए डिब्बों के डिजाइन, निर्माण, आपूर्ति, स्थापना, एकीकरण, परीक्षण और उनकी आपूर्ति करने को ठेका मिला है। चौधरी ने 'पीटीआई-भाषा' से कहा, 'इस नए ठेका का मुनाफा नौ से 10 प्रतिशत के मौजूदा रुझान के अनुरूप बना हुआ है...।' उन्होंने कहा कि वर्तमान में प्रत्येक डिब्बे की लागत औसतन 10-11 करोड़ रुपये है जो ग्राहकों की सुविधाओं और आवश्यकताओं पर निर्भर करती है।

## न्यूज अपडेट


### आयकर विभाग ने 'पैन 2.0' परियोजना के लिए एलटीआईमाइंडट्री को चुना

**नयी दिल्ली :** आयकर विभाग ने पैन 2.0 परियोजना को लागू करने के लिए आईटी कंपनी एलटीआईमाइंडट्री लिमिटेड का चयन किया है। एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। पैन 2.0 परियोजना पैन और टैन से संबंधित मुद्दों का व्यापक रूप से समाधान करेगी। इसमें आवंटन, अपडेट/सुधार, आधार-पैन को जोड़ना, फिर से जारी करने के अनुरोध, ऑनलाइन पैन सत्यापन आदि शामिल हैं। इसका मकसद जनता के लिए सेवा की गुणवत्ता बढ़ाना और शिकायत निवारण प्रणाली में सुधार के लिए पैन/टैन प्रक्रियाओं को सरल बनाना है। पैन 2.0 परियोजना सफल बोलीदाता मेसर्स एलटीआईमाइंडट्री लिमिटेड को दी गई है। एक अधिकारी ने यह जानकारी देते हुए कहा कि परियोजना के 18 महीनों में लागू होने की उम्मीद है।

### ऑल टाइम प्लास्टिक्स का आईपीओ सात अगस्त को खुलेगा,मूल्य दायरा 260-275 रुपये प्रति शेयर

**नयी दिल्ली :** उपभोक्ता उत्पाद बनाने वाली कंपनी ऑल टाइम प्लास्टिक्स ने अपने 401 करोड़ रुपये के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के लिए 260 से 275 रुपये प्रति शेयर का मूल्य दायरा तय किया है। कंपनी की ओर से सोमवार को जारी बयान के अनुसार, आईपीओ सात अगस्त को खुलेगा और 11 अगस्त को संपन्न होगा। यह आईपीओ 280 करोड़ रुपये तक के नए शेयर और 120.6 करोड़ रुपये के 43.8 लाख शेयर की बिक्री पेशकश का संयोजन है। इस प्रकार निर्गम का कुल आकार 401 करोड़ रुपये बैठता है। कंपनी की योजना नए निर्गम से हासिल राशि का इस्तेमाल गुजरात में अपने मानेकपुर संयंत्र के लिए मशीनरी खरीदने, कर्ज चुकाने, सामान्य कॉर्पोरेट उद्देश्यों और अन्य विस्तार प्रयासों के लिए करने की है।

### टेस्ला ने मुंबई के बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स में पहली शुरू की चार्जिंग सुविधा



**मुंबई :** वैश्विक इलेक्ट्रिक वाहन कंपनी टेस्ला ने वित्तीय राजधानी में एक अनुभव केंद्र के साथ भारतीय बाजार में प्रवेश करने के कुछ सप्ताह बाद सोमवार को देश में अपनी पहली चार्जिंग सुविधा शुरू की। कंपनी ने बयान में कहा कि बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स में वन बीकेसी में स्थापित टेस्ला चार्जिंग स्टेशन में चार वी4 सुपरचार्जिंग स्टॉल (डीसी चार्जिंग) और चार डेस्टिनेशन चार्जिंग स्टॉल (एसी चार्जिंग) हैं। बयान के अनुसार, सितंबर तिमाही तक लोअर परेल, ठाणे और नवी मुंबई में तीन और ऐसी सुविधाएं स्थापित करने की योजना है।

### अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 52 पैसे लुढ़ककर 87.70 पर बंद

**मुंबई :** विदेशी कोषों की लगातार निकासी और व्यापार शुल्क से जुड़ी अनिश्चितताओं के कारण निवेशकों की कारोबारी धारणा प्रभावित होने से सोमवार को अंतरबैंक विदेशीमुद्रा विनिमय बाजार में रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 52 पैसे लुढ़ककर 87.70 (अस्थायी) पर आ गया। विदेशी मुद्रा व्यापारियों ने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की तरफ से लगाए गए उच्च सीमा शुल्कों ने वैश्विक व्यापार परिदृश्य में व्यापक व्यवधान को लेकर नई चिंताएं पैदा कर दी हैं। तेल विपणन कंपनियों (ओएमसी) की तरफ से डॉलर की मांग आने से कारोबार के दौरान रुपये में गिरावट आई।

वर्ष 10, पूर्णांक 3318 अंक 128, RNI No WBHIN/2016/66788, सर्वांग प्रकाशन के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सरोज राय द्वारा 17, बालमुकुन्द मक्कर रोड, 2सरा तल्ला, कोलकाता-700 007 से प्रकाशित। एल. एस. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. 4, कैनल वेस्ट रोड, कोलकाता-700 015 से मुद्रित।
सम्पादक- अनिल कुमार राय (पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), विज्ञापन एवं प्रसार-9874555256/7044444522, ई-मेल news@samagya.in